* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

08 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 20


भारत में साल के आखिरी चंद्र ग्रहण की शुरुआत आज शाम 4.23 बजे से होगी और समापन 6.19 बजे होगा।








## लीज आवंटन मामले में सीएम को बड़ी राहत

# सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाइकोर्ट में चल रहे लीज आवंटन और शेल कंपनियों के मामले को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई योग्य नहीं माना है। इस मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने लीज आवंटित करने और उनके करीबियों द्वारा शेल कंपनी में निवेश से संबंधित याचिका को सुनवाई योग्य माना था, जिसे सरकार और मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस रवींद्र भट्ट और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि झारखंड हाइकोर्ट में जो केस दर्ज है, वह चलने लायक ही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि हम यह नहीं कह रहे हैं कि उच्च पदों पर आसीन लोगों की जांच नहीं होनी चाहिए, लेकिन जो मामला न्यायालय को प्रथम दृष्टया संतुष्ट नहीं करता हो, उसमें हाइकोर्ट के लिए संज्ञान लेना एक दुरुपयोग के अलावा और कुछ नहीं है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की स्वच्छता और निष्पक्षता पर भी टप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि याचिकाकर्ता के पास मामले को आगे बढ़ाने का एक वास्तविक कारण है, तो उसके पास कंपनी अधिनियम या कानून के अन्य प्रावधानों के तहत कई उपाय उपलब्ध हैं, जहां वह जा सकता है। सामान्य बयानों पर जो केवल आरोपों के अलावा और कुछ नहीं हैं, न्यायालय उच्च संवैधानिक प्राधिकारियों के खिलाफ कथित कदाचार के कृत्यों की जांच के लिए एक मंच नहीं बन सकता है। हाइकोर्ट के लिए एक जनहित याचिका पर विचार करना उचित नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अगस्त को हेमंत सोरेन और राज्य सरकार की अपील याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### सीएम के वकील ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वकील वैभव तोमर ने चुनाव आयोग को एक बार फिर पत्र लिखा है। इसमें आयोग से राज्यपाल द्वारा दूसरी बार मांगी गयी राय के बारे में जिक्र किया गया है। तोमर ने पत्र में राज्यपाल रमेश बैस के बयान का भी जिक्र किया है। अधिवक्ता ने चुनाव आयोग को लिखी चिट्ठी में बताया है कि अब तक इस पूरे मामले में चुनाव आयोग की ओर से कोई जानकारी नहीं मिली है। चिट्ठी में चुनाव आयोग से इस संबंध में जानकारी देने का आग्रह किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लिखा: 'सत्यमेव जयते'

# भाजपा को लगता है कि यहां के आदिवासी मूर्ख हैं : हेमंत सोरेन

- जमशेदपुर में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में भाजपा पर साधा निशाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपने ट्विटर पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्क्रीन शॉट लगाते हुए केवल एक लाइन लिखा-'सत्यमेव जयते।' उधर, जमशेदपुर में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा को लगता है कि यहां के आदिवासी बोका यानि मूर्ख लोग हैं। भाजपा सिर्फ षडयंत्र रचना जानती है, आम आदमी को लाभ पहुंचाना नहीं। वर्तमान झारखंड सरकार आदिवासी, पिछड़ों के विकास में लगी है। हम गरीबों और जरूरतमंदों के आंसू पोंछ रहे हैं, तो विरोधियों के मन में डर लगने लगा है। विरोधी योजनाओं को ही ढोंग करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, छात्रों, मरीजों, विधवाओं, दिव्यांगों के लिए कुछ नहीं किया। इसका प्रमाण है आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार में आ रहे आवेदनों में मिल रहा है। विरोधियों ने कागज पर ही योजनाओं को चलाने का कार्य किया है। भयानक लूट मची थी। उसका ठीकरा हम पर फोड़ा जा रहा है, लेकिन हमने हिम्मत नहीं हारी। आज हमने सभी योजनाओं को गांव और पंचायत तक पहुंचाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में इडी और आयकर छापा पर कहा कि केंद्रीय एजेंसियों ने 80 जगहों पर एक साथ छापामारी की। उन्हें केवल सवा करोड़ रुपये ही मिले। एजेंसी ने बरामद राशि से कई गुना ज्यादा छापेमारी में खर्च कर दी। अपने ऊपर लगे आरोपों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आये फैसले का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की गहरी साजिश को कोर्ट ने निरस्त कर दिया। ऐसे लोगों को मुंह की खानी पड़ी। उन्होंने कहा कि यहां की जनता सब समझ रही है। आने वाले समय में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जायेगा। दो वर्षों बाद झारखंड में भाजपा का झंडा ढोने वाला नहीं मिलेगा।

## भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से किया सवाल

# 'सत्यमेव जयते कहते हैं, तो फिर जांच से क्यों भागते हैं?'

- लालू प्रसाद की तरह जेल के अंदर और बाहर होते रहेंगे हेमंत : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तरह जेल के अंदर और बाहर होते रहेंगे। लालू प्रसाद यादव ने भी सरकारी संपत्तियों की लूट की थी। उसका नतीजा है कि आज बुढ़ापे में वह जेल में हैं। कभी बाहर आते है, तो कभी अंदर जाते हैं। यही हश्र हेमंत सोरेन के साथ भी होनेवाला है। बाबूलाल सोमवार को गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड में पार्टी द्वारा आयोजित आक्रोश सभा में बोल रहे थे। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 'सत्यमेव जयते कहते हैं, तो फिर जांच से क्यों भागते हैं?' उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से हेमंत सरकार इस राज्य में बनी है, तब से लेकर आज तक विकास के काम ठप हैं। सरकारी अधिकारी हों या राज्य की पुलिस, सभी मिल कर सरकार के संरक्षण में राज्य को लूटने में व्यस्त हैं। पुलिस का काम है अपराधियों को पकड़ना, लेकिन यहां हो रहा है उसका उल्टा। पुलिस उन्हें संरक्षण दे रही है। अगर कोई गरीब शिकायत करने जाता है, तो उसके खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है।

बाबूलाल ने कहा कि राज्य में कोयला, बालू, पत्थर की चोरी तो हो ही रही है, अब तो यह भी देखा जा रहा है कि इन लोगों को अगर कोई जमीन पसंद आ जाती है, तो उस जमीन को भी लूट ले रहे हैं। लूट की शिकायत डीसी, सीओ, एसपी तक नहीं सुन रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी ऊपर से आदेश है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में जंगलराज कायम है। चोरी, डकैती, लूट की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आज राज्य में कोई भी सुरक्षित नहीं है। बाबूलाल ने कहा कि राज्य में विकास के काम ठप है। सड़कें टूटी हैं। गांव में बिजली नही है। पानी नहीं है। स्कूल में शिक्षक नहीं हैं। राज्य में घूसखोरी चरम पर है। ब्लॉक में और थाने में कोई भी काम बिना पैसे के नहीं होता है। मैंने कई बार सरकार से इसकी लिखित शिकायत की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। मरांडी ने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप सब राज्य को लूटने से बचाना चाहते हैं, तो हेमंत सरकार को हटाना ही अब एक मात्र रास्ता बचा है।

## अवैध खनन और मनी लॉड्रिंग में इडी की कार्रवाई हुई तेज

# झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को भेजा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास को अवैध पत्थर खनन मामले में नोटिस जारी किया है। यतींद्र कुमार दास जेएसपीसीबी के पहले वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्हें इडी ने तलब किया है। बताया जा रहा है कि साहिबगंज जिले में प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने के नाम पर 69 स्टोन क्रेशर इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में उनसे पूछताछ की जायेगी। इन इकाइयों के संचालन की सहमति (सीटीओ) वापस ले ली गयी और बाद में जेएसपीसीबी ने 23 स्टोन क्रेशर इकाइयों के सीटीओ को बहाल कर दिया।

**व्यापक रूप से आरोप लगाया गया :** आरोप हैं कि पंकज मिश्रा ने जेएसपीसीबी पर दबाव डाला कि खनन संबंधी गतिविधियों के लिए केवल उन्हीं लोगों को सहमति दी जाये, जो पंकज मिश्रा और सिंडिकेट के करीबी हैं। व्यापक रूप से आरोप लगाया गया है कि जेएसपीसीबी की कार्रवाई का उद्देश्य संथाल परगना की खनन लॉबी के हितों को पूरा करना था, जो कथित तौर पर पंकज मिश्रा द्वारा नियंत्रित है।

**सरयू राय ने उठाया था मामला :** गौरतलब है कि यह मामला विधानसभा के बजट सत्र के दौरान निर्दलीय विधायक सरयू राय ने उठाया था। इसका बचाव करते हुए हेमंत सोरेन सरकार ने कहा था कि यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के मद्देनजर किया गया था। जेएसपीसीबी ने प्रदूषण नियमों का पालन न करने के आधार पर 69 स्टोन क्रशर इकाइयों के सीटीओ को निरस्त कर दिया।

### इडी ने आज विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए बुलाया

रांची। सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री मामले में इडी ने कारोबारी विष्णु अग्रवाल को समन कर 8 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। इस मामले में शुक्रवार को हुई छापेमारी में इडी को कुछ ऐसे जमीन से संबंधित कागजात आदि मिले हैं, जो इस बात का सबूत दे रहे हैं कि केवल बरियातू में ही सेना की जमीन पर कब्जे की कोशिश नहीं की गयी है। सेना से संबंधित कुछ और भी जमीन हैं, जिस पर कब्जे की कोशिश चल रही है। इडी का शक न्यूक्लियस माल के मालिक विष्णु अग्रवाल पर भी है, जिनके ठिकानों पर शुक्रवार को इडी ने छापेमारी की थी।

### अनूप सिंह से 11 नवंबर को होगी पूछताछ

रांची। विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह को आयकर विभाग ने 11 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। पिछले दिनों उनके यहां हुई आयकर छापामारी में मिले दस्तावेज और अन्य बातों के बारे में उनसे पूछताछ की जायेगी। गौरतलब है कि शुक्रवार को विधायक अनूप सिंह और विधायक प्रदीप यादव के यहां आयकर की टीम ने छापा मारा था। आयकर की टीम ने दोनों विधायकों के करीबियों के यहां भी छापेमारी की थी। सूत्रों के मुताबिक आयकर को इस छापेमारी में निवेश संबंधित कई कागजात और शेल कंपनियों के बारे में जानकारी मिली है।


SURJABASHA




CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

SRI GURU NANAK PUBLIC SCHOOL
10+2 Co-Education Institute, Affiliated to CBSE, New Delhi.
NH-33, Opposite to Reliance
Petrol Pump, Ramgarh Cantt., Ramgarh - 829122, Jharkhand

श्री गुरु नानक देव जी की 553वीं जयंती पर सभी रामगढ़ जिलावासियों को गुरुद्वारा श्री गुरु सिह सभा कमिटी, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल कमिटी, श्री गुरु नानक नर्सरी स्कूल कमिटी, गुरु गोविन्द सिंह ऑडिटोरियम कमिटी, एवं समूह सिख-संगत रामगढ़ की ओर से लख-लख बधाईयाँ।






We prepare your child for the challenges of a rapidly changing world.
ADMISSIONS OPEN
FOR CLASS NURSERY TO CLASS VIII
For the session 2023 - 24
Registration forms are available from the School Office on all working days during the office hours from 08/11/2022 onwards.

S. Paramdeep Singh Kalra, President
S. Harpal Singh Arora, Chairman
S. Mammohan Singh Lamba, Dy. Chairman cum Mamager

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 63,000 रु./प्रति किलो |



# शोध का विषय हो सकता है गुजरात का राजनीतिक परिदृश्य

## लगातार 27 साल भाजपा की जीत के क्या हैं कारण ■ कुछ तो है, जिसने लोगों को भगवा पार्टी से जोड़ रखा है

आजाद सिपाही विशेष

गुजरात में विधानसभा चुनाव का संग्राम शुरू हो गया है। यहां 1 और 5 दिसंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे। मतों की गिनती 8 दिसंबर को होगी। यहां अगर भाजपा एक बार फिर जीतती है, तो 32 साल सत्ता में रह कर यह एक तरह से इतिहास रच देने जैसा होगा। गुजरात में चुनाव से पहले लोगों के मन में एक सवाल उठ रहा है कि यहां वर्ष 1995 के बाद से लगातार भाजपा को ही कैसे जीत मिल रही है। आखिर वह कौन सा जादू है, जो भाजपा ने गुजरात के लोगों पर फेर दिया है। राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए यह गहन शोध का विषय हो सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 सदस्यीय विधानसभा में 99 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं उस चुनाव में कांग्रेस को 1985 के बाद से राज्य में सबसे अधिक 77 सीटें मिलीं। राजनीतिक पंडितों के सामने यह गंभीर सवाल है कि आखिर भाजपा गुजरात में अपराजेय क्यों है। निश्चित तौर पर यह हिंदुत्व या ऐसा कोई भावनात्मक मुद्दा नहीं होगा, जो इतने दिनों तक कायम रहे। तब क्या गुजरात में शासन का वह बहुचर्चित मॉडल है, जिसका डंका आज पूरी दुनिया में बज रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में अपने मुख्यमंत्रित्व काल में जो कुछ किया, उसने वहां के लोगों को भाजपा से जोड़ दिया। इतना ही नहीं, गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 2001 के विनाशकारी भूकंप के बाद, मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने अपने बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ अगले दशक के भीतर कच्छ को प्रगति के पथ पर लाने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने गुजरात में वित्तीय और तकनीकी पार्कों की स्थापना की और निवेश आमंत्रित करने के लिए 'वाइब्रेंट गुजरात' शिखर सम्मेलन शुरू किया। भाजपा की कामयाबी का दूसरा बड़ा कारण लोगों से इसका जुड़ाव है। आज गुजरात के हर मतदाता का भाजपा से सीधा संपर्क है और चुनाव में यह बहुत काम आता है। गुजरात में भाजपा की इस कामयाबी के कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

गुजरात में बदलेगी सरकार या भारतीय जनता पार्टी का दबदबा रहेगा बरकरार, इस सवाल का जवाब 8 दिसंबर को मिल जायेगा, जब 1 और 5 दिसंबर को राज्य की 182 सीटों पर डाले गये वोटों की गिनती के बाद परिणाम घोषित होंगे। फिलहाल राज्य में भाजपा की सरकार है और यह सिलसिला साल 1995 से टूटा नहीं है। 2022 में अगर भाजपा का विजय रथ जारी रहा, तो यह पार्टी की इस पश्चिमी राज्य में लगातार सातवीं जीत होगी। अब सवाल है कि कई अन्य दलों की मौजूदगी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य में भाजपा की पकड़ कैसे 27 साल बाद भी मजबूत बनी हुई है। निश्चित तौर पर यह शोध का विषय हो सकता है। जिस तरह देश की सत्ता पर करीब 30 साल तक कांग्रेस ने बिना किसी चुनौती के राज किया, उसी तरह 1995 के बाद से गुजरात में भाजपा को पराजित करने की ताकत कोई दल नहीं जुटा सका है। भाजपा की इस कामयाबी के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन असल कारण तो यही है कि गुजरात के लोगों के साथ भाजपा का जुड़ाव हर दिन गुजरने के साथ मजबूत होता जा रहा है। यह जानना दिलचस्प हो सकता है कि आखिर भाजपा की इस कामयाबी का क्या कारण है।

### नरेंद्र मोदी कनेक्शन

गुजरात को भाजपा का अभेद्य गढ़ बनाने में सबसे प्रमुख भूमिका नरेंद्र मोदी ने निभायी। साल 2001 में कच्छ क्षेत्र में आये भूकंप के बाद से ही तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्र में जमकर काम किया। उन्होंने गुजरात में आर्थिक और तकनीकी रफ्तार बढ़ायी और निवेश के लिए 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' की शुरुआत की। जानकारों के अनुसार मोदी को गुजरात की छवि बदलने का श्रेय दिया जाता है। प्रधानमंत्री बनने से पहले वह लगातार तीन बार प्रदेश की कमान संभाल चुके थे। आज भी कहा जाता है कि गुजरात के लोग पीएम मोदी से सीधे बात कर सकते हैं।



### गुजरात मॉडल ने भी अदा की भूमिका

मोदी के सीएम रहते हुए गुजरात की जीडीपी वृद्धि दर काफी ऊंचाई पर थी और अन्य राज्यों की तुलना में गुजरात 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' तालिकाओं में भी शीर्ष पर बना हुआ था। साल 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा ने गुजरात मॉडल का सहारा लिया। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी गुजरात में पार्टी ने 2017 में जीत दर्ज की। अब भाजपा केंद्र में सरकार के साथ 'डबल इंजन सरकार' की बात कर रही है।

### भाजपा की चुनावी तैयारियां

कहा जाता है कि गुजरात में मतदाताओं से भाजपा का जुड़ाव है। साथ ही मजबूत संगठन मोदी की लोकप्रियता को वोट में तब्दील कर देता है। दो दशकों से ज्यादा समय पार्टी ने अपना वोट शेयर बरकरार रखा है। वहीं मौजूदा चुनाव में भी पीएम मोदी से लेकर देश के कई दिग्गज नेता मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं।

### संगठन की सक्रियता

गुजरात में भाजपा का संगठन लगभग उसी अंदाज में काम करता है, जिस अंदाज में कभी पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों का और तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का चलता था। राज्य के हर घर में पार्टी का कम से कम एक सदस्य मौजूद है, जो हरदम पार्टी के लिए कुछ भी करने को तत्पर रहता है। राज्य का कोई भी व्यक्ति बिना झिझक पार्टी के किसी भी कार्यालय में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है और उस पर कार्रवाई भी होती है। यहां तक कि जिस इलाके में विपक्षी प्रत्याशी जीतते हैं, वहां भी भाजपा के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं बन पाता है। यह लोगों से भाजपा के गहरे जुड़ाव के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

### 'गुजरात अस्मिता'

पार्टी का नया नारा है 'आ गुजरात, मैं बनायु छे' और इसके साथ ही भाजपा ने प्रचार के दौरान 'गुजराती अस्मिता' का जिक्र छेड़ दिया है। साल 2017 में भी पीएम मोदी ने कांग्रेस की तरफ से उठाये गये जीएसटी और नोटबंदी के वार का सामना गुजरात अस्मिता और विकास के जरिये किया था। इधर बीते चुनाव में पीएम मोदी की लगातार रैलियों के चलते भाजपा अन्य दलों के मुकाबले आगे रही। वहीं रैलियों में मोदी और अमित शाह के गुजराती भाषण भी जनता से जुड़ाव में बड़ी भूमिका निभा गये। इस बार यदि एक बार फिर भाजपा की सत्ता में वापसी होती है, तो यह स्वतंत्र भारत के राजनीतिक इतिहास की एक अनोखी घटना होगी। वैसे तमाम सर्वेक्षण और गुजरात का माहौल अभी से ही इस घटना की पटकथा लिखने का संकेत दे रहे हैं। लेकिन 8 दिसंबर का इंतजार तो करना ही होगा।

# आजसू का आंदोलन रंग लाया, 36 घंटे बाद मांगों पर संतोषजनक आश्वासन मिलने के बाद समाप्त हुआ आमरण अनशन

## जनता की समस्याओं के लिए आजसू पार्टी बार-बार आंदोलन करती रहेगी : रामदुर्लभ सिंह मुंडा





राजकिशोर कुशवाहा।



परमेश्वरी शांडिल।



आजाद सिपाही संवाददाता

**दो दौर की वार्ता के बाद डीएमओ के आश्वासन पर माने अनशनकारी**

**बुंडू।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के आठ सूत्री जनहित मुद्दों को लेकर आजसू पार्टी का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन रंग लाया और प्रशासन के संतोषजनक आश्वासन के बाद आजसू के नेता-कार्यकर्ताओं ने अपना आमरण अनशन समाप्त किया। दो बार की वार्ता विफल होने के बाद बड़े अधिकारियों की पहल पर रांची से जिला खनन पदाधिकारी संजीव कुमार आये तथा आश्वासन दिया कि बुंडू के कारोबारी बालू तुंजू स्टॉक से उठायेंगे। साथ ही यह भरोसा दिया कि प्रशासनिक आधिकारी और पुलिस बालू गाड़ियों को तंग नहीं करेंगे। संतोषजनक आश्वासन मिलने के बाद अनशन कारी माने। डीएमओ ने अपने हाथों से जूस पिलाया और अनशन तुड़वाया। इस तरह आजसू पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं का तीन दिनों से चल रहा आमरण अनशन सोमवार को तीसरे दिन समाप्त हो गया। बता दें कि आमरण अनशन पर बैठे बारह अनशन कारियों मे से तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा की हालत बहुत ही नाजुक हो गयी थी। उनका बीपी 180 हो गया था। उन्हें एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया तथा बेहतर चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल रांची ले जाने की सलाह दी गयी। लेकिन राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने कहा कि मैं आमरण अनशन पर बैठा हूं और जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती, मैं कहीं नहीं जाऊंगा। इधर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल की भी हालत नाजुक थी। बुंडू के बीडीओ और थाना प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा को सदर अस्पताल रांची ले जाना चाहते थे, लेकिन अनशन कारियों के विरोध के सामने उन्हें झुकना पड़ा। बिगड़ती तबीयत को देखकर सभी आमरण अनशनकारियों को सलाइन चढ़ायी गयी। बुंडू अस्पताल के प्रभारी सहित चिकित्सकों का दल इनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रहा था। आमरण अनशनकारियों की हालत की गंभीरता को देखते हुए एडीएम रामवृक्ष महतो, एसडीओ बुंडू एवं डीएसपी आमरण अनशन पर पहुंचे और उनसे वार्ता की। जब सरकार के वरीय अधिकारियों की पहल पर रांची से डीएमओ पहुंचे और उन्होंने बालू उठाव के बारे में संतोषजनक आश्वासन दिया, तो अनशनकारी माने और उन्होंने अपना अनशन समाप्त किया।

### जन समस्याओं को लेकर हम बार-बार आवाज उठायेंगे: रामदुर्लभ सिंह मुंडा



अनशन समाप्त होने के बाद आजसू पार्टी के नेता और तमाड़ से आजसू के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे रामदुर्लभ सिंह मुंडा ने कहा कि बुंडू और तमाड़ की जनता की एकजुटता और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं के संगठित होने के कारण ही प्रशासन ने संतोषजनक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जब-बार बुंडू और तमाड़ क्षेत्र की जनता की समस्याओं के लिए आंदोलन करना पड़ेगा, हम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन से ही आजसू उपजा है और लोगों के हित में काम करना ही आजसू का उद्देश्य है। उन्होंने आजसू पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं-नेताओं और बुंडू और तमाड़ की जनता का आभार व्यक्त किया है। एक अनशनकारी राज किशोर कुशवाहा ने कहा कि जब तक बालू गाड़ी नहीं चलती है, तब तक मैं अपना अनशन नहीं तोडूंगा।

# तस्करों के दो गुटों में झड़प, बम-गोली से थर्राया बाघमारा

**अपराधियों ने दुकान और बाइक को किया आग के हवाले, कई घायल**

**ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पुलिस मुर्दाबाद के लगाये नारे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास/महुदा।** अवैध कोयला कारोबार को लेकर बाघमारा में अराजकता की स्थिति हो गयी है, कोयला तस्करों का मनोबल सिर चढ़कर बोल रहा है। पिछले दिनों बरोरा और बांसजोड़ा में सीआइएसएफ पर हुए हमले की आंच अभी खत्म नहीं हुई की सोमवार को एक बार फिर बमों के धमाके और गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा बाघमारा अनुमंडल थर्रा उठा। ताजा घटना मधुबन थाना क्षेत्र के महुदा राजगंज नये फोरलेन मुख्यमार्ग स्थित नारायण धौडा के समीप अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर घटी है। कोयला तस्करों के दो गुटों में हुई झड़प में दर्जनों राउंड गोली एवं बम चले हैं। इस दौरान अपराधियों ने एक दुकान और बाइक को आग के हवाले कर दिया। तीन अन्य बाइक क्षतिग्रस्त हुई हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखा और बम के अवशेष बरामद किये हैं। आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने मुख्यमार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया और अपराधियों की गिरफ़्तारी की मांग करने लगे। मामला बिगड़ता देख बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के कई थानों की पुलिस के साथ डीएसपी निशा मुर्मू एवं अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली और घायलों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध कोयला के विरोध करने पर कोयला तस्करों द्वारा हमला किया गया है। इसमें 3 लोग बुरी तरह जख़्मी हुए हैं।

**दोषियों को चिह्नित कर होगी कार्रवाई**

मामले को लेकर बाघमारा अनुमंडल की एसडीपीओ निशा मुर्मू ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची हैं। बम के अवशेष और गोली का खोखा बरामद किया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है, जानकारी जुटायी जा रही है। किसी ओर से शिकायत नहीं मिली है। दोषियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जायेगी।

# मोरहाबादी में दिखी सहियाओं की एकजुटता

**25 सूत्री मांगों को लेकर महारैली में हुईं शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एसटीटी की एकजुटता मोरहाबादी मैदान में दिखी। 25 सूत्री मांगों को लेकर महारैली में शामिल होने के लिए राज्यभर से हजारों की तादाद में लोग पहुंचे. मैदान से सभी ने पैदल राजभवन के लिए कूच किया। प्रदर्शन कर रही सहियाओं ने कहा -आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं से कम काम हम नहीं करते हैं। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की तरह हमारा भी मानदेय बढ़ाया जाये और अन्य प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जायें। राजभवन के समक्ष सोमवार को सहियाओं ने विशाल प्रदर्शन किया। इस मौके पर शंकुतला कुजूर, अवंती रजक, सोनी झा, विनीता महाते, अंर्जु तिर्की, मंसूरी गगराई सहित सैकड़ों की संख्या में सहियाएं मौजूद थीं।



### कौन लेगा हमलोगों की सुध

धनबाद के मुकुंदा से आयी सहिया जुली देवी ने कहा कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को संभालने की बड़ी जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के प्रतिरक्षण समेत कई महत्वपूर्ण काम करना पड़ता है। लेकिन हमलोगों की सुध लेने के लिए कोई आगे नहीं आता है।

नाम परिवर्तन

**शपथ पत्र संख्या**-369 **दिनांक**-07.11.2022 के अनुसार मैं, **पवन तिर्की,** स्व. धरमू उरांव, निवासी ग्राम-बाढ़ू, बरवा टोली, थाना-पिठोरिया, जिला-रांची (झारखंड) का निवासी हूं। शपथ पूर्वक निम्न ब्यान करता हूं जो सत्य एवं सही है।

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं।
2. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
3. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम-पहना उरांव, पिता-धरमू उरांव दर्ज है।
4. यह कि आधार कार्ड संख्या-2260 2094 4740 एवं पेन कार्ड संख्या-ए.डी.डब्लु.पी.टी.4980एफ में मेरा नाम-पवन तिर्की दर्ज है।
5. यह कि पहना उरांव एवं पवन तिर्की दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।
6. यह कि अब से मैं अपने पूर्व नाम पहना उरांव के जगह पर सभी कार्य जैसे शैक्षणिक, नौकरी या अन्य जगहों में पवन तिर्की के नाम का उल्लेख करूंगा एवं हस्ताक्षर भी पवन तिर्की करूंगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 17.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.57 बजे |



## तेवर : राजभवन के सामने सत्ता पक्ष ने भरी हुंकार

# केंद्र पर राज्य सरकार को अस्थिर करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले कुछ माह से झारखंड की राजनीति गरमायी हुई है। सत्ताधारी दल सड़क पर उतर कर केंद्र पर निशाना साध रहे हैं। सोमवार को राजभवन के सामने झामुमो, कांग्रेस और राजद ने एकजुट होकर महाधरना दिया। सत्ताधारी दल के नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई राज्य सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, झामुमो प्रवक्ता विनोद पांडेय, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक बैजनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, अनूप सिंह, बंधु तिर्की, अजय नाथ शाहदेव समेत महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की चुनी हुई लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करना चाहती है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर राज्य के मुख्यमंत्री को परेशान किया जा रहा है। हमारे विधायकों को परेशान किया जा रहा है। महागठबंधन ने इनके मंसूबे पर हमेशा पानी भरने का काम किया है और आगे भी करता रहेगा।




### सफल नहीं होगा ऑपरेशन लोटस : महुआ माजी

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा केंद्र सरकार, देश की गैर बीजेपी शासित राज्यों की सरकारों को हमेशा से अस्थिर करने में लगी हुई है। उसके षड्यंत्र का पर्दाफाश हमेशा करते रहे हैं और आगे भी करेंगे। कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार का ऑपरेशन लोटस कभी सफल नहीं होगा।

### केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू : राजेश ठाकुर

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। कहा कि केंद्र सरकार का एक ही काम रह गया है जिस-जिस प्रदेश में गैर भाजपा सरकार है, वहां एन-केन प्रकारेण सत्ता हासिल करो। झारखंड में भी केंद्र सरकार यही फार्मूला लगा रही है। स्वतंत्र एजेंसियों को गुलाम बनाने का काम कर रही है, लेकिन हम लोग इसका डटकर मुकाबला करते रहेंगे।

इस मौके पर मंत्री जगरनाथ महतो, मिथलेश ठाकुर, विधायक सविता महतो, भूषण तिर्की, जिग्गा सुसारन होरो, दीपक विरूवा, मंत्री बादल पत्रलेख, राजीव रंजन प्रसाद, राजद के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष राजेश यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर आलम, रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कु, बोकारो जिलाध्यक्ष हरिलाल हांसदा, सचिव जयनारायण महतो, लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा गुड्डु, गढ़वा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, हजारीबाग जिलाध्यक्ष शंभू लाल यादव, पश्चिमी सिंहभूम जिला सचिव सोनाराम देवगुन, पद्मश्री मधुर मंसुरी हंसमुख, नंदकिशोर मेहता, समनुर मंसूरी, सुशीला एक्का, पवन जेडिया, झामुमो नेता अंतु तिर्की, कुदुस अंसारी, परविंदर सिंह नामधारी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विरोध : राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

# बहुत जल्द सीएम हेमंत सोरेन पूर्व मुख्यमंत्री कहलायेंगे:दीपक प्रकाश

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम जिला के डुमरिया प्रखंड में पार्टी कार्यक्रम में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरिया/जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि प्रदेश के इस सबसे पिछड़े प्रखंड में सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। जिस तरह से सभी आक्रोश व्यक्त करने के लिए अपने घर से बाहर आये, यह देख कर लगता है कि राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुत जल्द पूर्व मुख्यमंत्री कहलायेंगे।



दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की सरकार ने अपने मेनिफेस्टो में झूठे वादे करके जनता को बरगला कर सत्ता हासिल की है। कहा था कि सत्ता में आते ही पांच लाख लोगों को रोजगार देंगे, अगर नही दे पाये तो स्नातकों को प्रति माह पांच हजार और स्नातकोत्तरों को सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। किसानों के दो लाख तक का लोन माफ किया जायेगा। किसानों को मुफ्त में बिजली दी जायेगी। क्या इन वादों में से कुछ भी पूरा हुआ? वर्तमान सरकार अपने एक भी वादे को पूरा नहीं कर पायी है। उन्होंने कहा कि हद तो तब हो गयी, जब भाजपा की पूर्व की सरकार के द्वारा राज्य के आदिवासी, पिछड़े को अनुबंध पर जो नौकरी दी गयी थी, उसे भी छिनने का कार्य इस सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी शायद आपको अपना वादा याद नहीं होगा, लेकिन राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को सब याद है। जनता में आक्रोश है। वह अब राज्य के जल, जंगल और जमीन को लूटते हुए नही देख सकती।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड कायम किया है। एक जिला में एक हजार करोड़ का घोटाला उजागर हुआ है। बहन-बेटियां अब अपराधियों और गुंडों से अपने घरों में सुरक्षित नहीं हैं। तीन वर्षों में पांच हजार से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं घटी हैं। जब तक यह सरकार हट नहीं जाती, भाजपा तब तक आंदोलन करती रहेगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारो: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को अभी दो वर्ष शेष हैं, लेकिन शरद ऋतु में ही सूबे का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर नजर आ रहा है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों सड़क पर हैं। सोशल मीडिया पर जो जंग पहले चल रही थी, वह सड़क पर आ गयी है। इसी कड़ी में झारखंड में इडी एक्शन के खिलाफ राजभवन के सामने झारखंड के सत्ताधारी दलों का जुटान हुआ। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के षड्यंत्र के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री और वर्तमान में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बिगड़े बोल सुनने को मिले हैं। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जरूरत पड़ने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारो। कहा कि राज्यपाल रायपुर में जाकर बयान देते हैं। जिस भाषा का प्रयोग राज्यपाल ने रायपुर में जाकर किया है, वह कतई माफ करने लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि हम लोग जांच का विरोध नहीं करते हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ हम लोग भी हैं। लेकिन अगर राजनीतिक प्रतिशोध झारखंड में करोगे, तो कुचल दिये जाओगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के एक-एक काले कारनामे को जनता के बीच रखो, जरूरत पड़े तो भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारो। डरना नहीं है। ये लोग 2024 का ताना बाना बना कर रहा है। हेमंत सोरेन सरकार का कार्यकाल पूरा होगा।



### भाजपा कार्यकर्ता अब मार नहीं खाता है, बराबर में जवाब देता है : रघुवर दास

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के बिगड़े बोल पर पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्विट कर कहा- पहले भ्रष्टाचार करो, पकड़े जाओ तो हिंसा के लिए उकसाओ। कांग्रेस को नहीं पता है कि भाजपा कार्यकर्ता किस मिट्टी के बने हैं। केरल-बंगाल में हमें हिंसा डरा नहीं सकी है। भाजपा कार्यकर्ता अब मार नहीं खाता है, बराबर में जवाब देता है। गलती से कोई हाथ मत लगा देना।

**राँची मंडल में पार्किंग के लिए ई-नीलामी सूचना**

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2022 दिनांक: 07.11.2022

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा राँची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण नीचे उल्लेखित है: **श्रेणी**: पार्किंग। **सूचीपत्र सं.**: पार्किंग3; **सम्पत्ति का विवरण**: राँची (नॉर्थ गेट) रेलवे स्टेशन में दो, तीन एवं चार पहिए वाले वाहन की पार्किंग के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख**: 11.11.2022 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख**: 11.11.2022 को दोपहर 12.40 बजे। **टिप्पणी**: इच्छुक बोलीदाताओं से आईआरईपीएस की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित सूचीपत्र के अंतर्गत लॉट वार विवरण उपलब्ध है।

(PR-759) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## टांग अड़ाओगे तो हम टांग तोड़कर रख देंगे : मंत्री मिथिलेश ठाकुर



रांची (आजाद सिपाही)। राजभवन के समक्ष केंद्र सरकार के खिलाफ महागठबंधन के विशाल धरना प्रदर्शन में कई नेताओं के बिगड़े बोल देखने को मिले। एक तरफ बंधु तिर्की ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पटक-पटक कर मारने की बात कही तो वहीं दूसरी ओर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं की टांग तोड़ने की बात कही। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपना आपा खो दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में बाधक बनने वाले को खदेड़ने का काम करेंगे और उसके बावजूद भी नहीं माने तो हम उनकी टांग तोड़ देंगे।




## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों का सहयोग मिलेगा, ऐश्वर्य की वृद्धि होगी।

**वृष** बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा।

**मिथुन** धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति, नयी कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल होगा।

**सिंह** संकल्पित कार्य पूरा होगा, घर-गृहस्थी का सुख, संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या** धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**तुला** विविध उलझनों से छुटकारा मिलेगा, नौकरी एवं सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** धन लाभ होगा, संयम, धैर्य,कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी।

**धनु** विद्या-बुद्धि प्रतिभा का विकास, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास।

**मकर** संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** नयी नौकरी मिलने के संयोग बनेगा, सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे।

**मीन** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, परेशानी से छुटकारा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 08 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## एस एल गुप्ता ट्रस्ट ने नृसिंह स्थान मेला में किया जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित ग्राम खपरियावां में भगवान नृसिंह के मंदिर में एक दिवसीय मेला का आयोजन में एसएल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदों के बीच लगातार पंद्रह वर्षों से कंबल वितरण का कार्य जारी है। मेला में सभी असहाय व गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिसमें करीब 101 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थापक राकेश गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष नृसिंह स्थान मेला में हमारे ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। यह कार्य 15 वर्षों से अनवरत जारी है। मौके पर विशेष रूप से कंबल वितरण कार्य में संस्थापक राकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, स्मीता गुप्ता, मनीषा गुप्ता, मानस गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, अनील यादव, संजय रजक, प्रेम प्रजापति, मनीक चक्रवर्ती, कव्या गुप्ता, प्रीयम कुमार, प्रिया नंदनी, राजलक्ष्मी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थें।

## केरेडारी की पताल पंचायत में लगा जनता दरबार



केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र पताल पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम समूचा प्रखण्ड प्रशासन पहुँचा व ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कियो क्षेत्र की विधायक अम्बा प्रसाद, जीप सदस्या अनीता सिंह, प्रमुख सुनीता देवी, बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा, मुखिया नेहा लकड़ा व पंसस नीतू कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काट कर किया गया साथ ही अधिकारीयों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 147 जरूरतमन्द लोगों के बिच कम्बल का वितरण भी किया गयो स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करायो राशन कार्ड में नाम जोड़ने, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के 22 आवेदन आये व मनरेगा के तहत पांच योजनाओं की स्वीकृति दी गई। जेएसएलपीएस के तहत फूलों झानों, सीसीएल तथा सी आई एफ के तहत चेक वितरण किया गया साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन योजना,मनरेगा जॉब कार्ड के आवेदनों पर स्वीकृति दी गई, केसीसी के आवेदन प्राप्त किये गऐ वहीं सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के आवेदनो को प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रियाधीन किया गयो इस कार्यक्रम में कुल इस अवसर पर 564 आवेदन आये जिनमें 292 मामलों का ऑन स्पॉट निराकरण किया गया शेष प्रक्रियाधीन हैं।

## जनप्रतिनिधियों ने नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने खुद चंदा कर गंदी नाली को कराया साफ



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव मुख्य चौक से टैक्सी स्टैंड के पथ पर पिछले कई महीनों से नाले के गंदे पानी लगातार बह रहा था। और संडास की बदबू आ रहा था। जिसके वजह से टैक्सी स्टैंड के यात्रियों सहित बाजार आने जाने वाले लोगों एवं उपस्थित दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसको लेकर कई बार बड़कागांव के जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया था परंतु इस पर कोई भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया।दुर्गा पूजा,दीपावली, ईद मिलादउल नबी सहित कई महत्वपूर्ण त्यौहार बीत जाने के बावजूद समस्या जस का तस बना रहा। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा नजदीक हो जाने के कारण बड़कागांव के प्रबुद्ध समाजसेवियों को चिंता हुई और इस पर पहल करना शुरू कर खुद बड़कागांव के गिने चुने लोगों से चंदा जमा कर 20 घंटे के कड़ी मशक्कत करने के बाद सड़क पर बह रहे गंदे पानी से मुक्त कराया गया। इसके बाद बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद ने भी रात्रि के 1:00 बजे आकर इस गंदे नाले से बहते पानी का साफ-सफाई की थी।इस संबंध में स्थानीय दुकानदार सरोज महतो ने कहा कि गंदे नाली का पानी बहने ने से हमारे दुकान में कस्टमर भी आना बंद हो गया है जिससे हमारा दुकान की बिक्री 50% कम हो गई है। वही पूजा ज्वेलर्स के प्रोपराइटर मनोज सोनी ने कहा कि बदबू इतना है कि हमारे दुकान में कोई कस्टमर भी आना नहीं चाहता। ऐसी हालत यहां के सभी स्थानीय दुकानदारों का है।इस जटिल कार्य करने मे इन लोगों की अहम भूमिका रही जिसमे मुख्य रूप से पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, संदीप कुशवाहा, तापेश्वर कुमार स्तापसर, सुभाष सिंह, रवि जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, मनोज सोनी, बैद्यनाथ महतो, राजेश श्रीवास्तव,बिनोद महतो, निरंजन जायसवाल,पप्पू गुप्ता, राजन मालाकार, संदीप मेहता, कमलेश कसेरा, नवल महतो, मीना महतो, जय वीर कुमार,बिनोद महतो, लेखराज, विनय जायसवाल रोहित कुमार,आदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डुमर के बेडम में कलश यात्रा निकाल वन देवी की की आराधना



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया डुमर पंचायत अंतर्गत बेड़म के रखौतिया वन में वृक्षाबंधन की आठवीं वर्षगांठ सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर बेडम के शिव मंदिर प्रांगण से रखौतिया वन तक 151 कलश यात्रा के साथ वनदेवी की पूजा-अर्चना किया गया। स्थानीय महिलाओं ने देवी लोकगीत गाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी वचनबद्धता दुहराया। ग्रामीणों के द्वारा वृक्षों को लाल डोर बांध सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसकी अध्यक्षता रोहित प्रसाद व संचालन बिरेंद्र प्रसाद और नारायण मंडल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिप सदस्य रामप्रसाद, प्रमुख संतोष मण्डल, मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक, जय प्रकाश सिंह पटेल, राजू यादव, सोनू पांडेय, सेवानिवृत्त वनकर्मी किसुन दास व अन्य उपस्थित हुए। स्कूली बच्चों द्वारा गीत-संगीत, नृत्य, नुक्कड़-नाटक की प्रस्तुति देकर वन पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हर क्षेत्र में होनी चाहिए। इससे लोग जागरूक होंगे। आज के दौर में हर व्यक्ति को अवश्य ही पौधा लगाना चाहिए तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। कोरोना ने हमें सिखाया है कि प्रकृति से कैसे जुडकर रहना चाहिए। इस मौके पर संदीप गंझू, नारायण मंडल, जीवाधन प्रसाद, युगल प्रसाद, बालदेव प्रसाद, छोटन प्रसाद, रीता देवी, ननकी देवी, धनेश्वर मंडल, सहदेव मिस्त्री, बिरेन्द्र गंझू, तालेश्वर महतो, सरोजा देवी, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, वनरक्षी असलम अंसारी व अन्य उपस्थित थे।

## भेलवारा में आपकी सरकार द्वार कार्यक्रम का आयोजन



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखण्ड के भेलवारा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 566 आवेदन आये जबकि 124 आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया जबकि 440 लम्बित रहा।खाद्य सुरक्षा योजना के 56,सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के 185, सीएमजीपी 04, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 110,सर्वजन पेंशन योजना के 58, मनरेगा 11, 15 वे वित्त 02,धोती साड़ी लुंगी वितरण 05, कम्बल वितरण 10, केसीसी 19, भु लगान रशीद 23,ई शर्म कार्ड 08, पीडीएस 04, जे एस एल पी एस 02, विजली 02, शिक्षा विभाग 02, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने 40, जॉब कार्ड 05, आयुष्मान कार्ड 02,चापानल अधिष्ठापन 04,दाखिल खारिज 08, आवेदन दिया गया।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी रामबालक कुमार,बीपीआरओ रामचन्द दांगी,20 सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव,प्रमुख जैबुन निशा, उप प्रमुख सरयू साव,मुखिया लक्ष्मी कुमारी,पसस अजय कुमार मण्डल,महेंद्र कुमार, गंगाधर महतो आदि उपस्थित थे।

## मुखिया को धमकी देने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

इचाक (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डूमरौन पंचायत के मुखिया चोहन महतो और उनके परिवार को मोबाइल से धमकी देने के मामले के दो प्राथमिक अभियुक्तों को इचाक पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। जबकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर है। इसको लेकर पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। काण्ड संख्या 187/22 प्राथमिकी अभियुक्त अरुण कुमार मेहता पिता-स्व जगरनाथ प्रसाद मेहता, ग्राम- डुमरौन, थाना-ईचाक और देवा निशाद, पिता-मदन निशाद सा-मल्लाह टोला बरही दोनों ज़िला-हजारीबाग शामिल हैं।

# कंप्यूटराइज्ड होंगे जिले के सभी 257 पैक्स

## प्रथम चरण में 92 पैक्स का किया गया चयन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में किसानों के हित को ध्यान रखते हुए 5 मिट्रिक टन के सौर ऊर्जा चलित कोल्ड रूम निर्माण के लिए पैक्सो का चयन अनुश्रवण समिति के सदस्य विधायक सदर मनीष जयसवाल एवं बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। इस चयन समिति की बैठक में बरही के कोल्हुवा कला पैक्स एवं बड़कागांव के गरसुल्ला पैक्स का कोल्ड रूम हेतू चयन किया गया। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा जिला में संचालित सभी 257 पैक्सो को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उन पैक्सो का कंप्यूटरीकरण किया जाना है जिसके प्रथम चरण में जिला से 92 पैक्सो का चयन किया गया। साथ ही उपायुक्त ने 2022-23 के लिए सभी पैक्सो को धान अधिप्राप्ति का प्रस्ताव देने को कहा उन्होने कहा की वैसे पैक्स जिनका भंडारण झमता हो,लाभांश का बटवारा,समिति निर्वाचित हो तथा वह पैक्स ऑडिटेड हो वो धान अधिप्राप्ति का प्रस्ताव भेजे।

## एनटीपीसी में मनाया गया 48 वां स्थापना दिवस



केरेडारी(आजाद सिपाही)। एनटीपीसी केरेडारी व चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के सीकरी कार्यालय में सोमवार को एनटीपीसी का 48वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर केरेडारी परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब एवं चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख बी.एम. सिंह ने सभी कार्यपालकों व अधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया जबकि एस.आई.एस.एफ के जवानों के द्वारा गॉड ऑफ ऑनर से सम्मानित भी कियो ध्वजारोहण के बाद समारोह में उपस्थित सभी कार्यपालकों व अधिकारियों ने एनटीपीसी गीत गा कर,एनटीपीसी कंपनी के इतिहास व नैतिक मूल्यों का स्मरण किया गयो केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना प्रमुख द्वारा केक कंटीग कि परंपरा को भी पूर्ण किया गयो केरेडारी परियोजना प्रमुख फैज ने सभी कार्यपालकों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 47 वर्षों का लंबा सफर तय करते हुए एनटीपीसी विश्व की सर्वश्रेष्ठ विद्युत उत्पादन कंपनियों में से एक बन कर उभरी है। चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना का खनन कार्य 25 अप्रैल 2021 को आरंभ हुआ था और खनन कार्य आरंभ के 1 माह के अंतराल में ही परियोजना ने 21 मई को कोयला सीम प्राप्त कर लिया था। परियोजना कि इस उपलब्धि का सारा श्रेय जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के पूर्ण सहयोग एवं परियोजना के सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों को जाता है। जल्द ही कोयला ढुलाई भी आरंभ हो जाएगी मौके पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक ऐके नायक,केसी सामल, असीम मिश्रा, एस. पी. गुप्ता, वीसी दुबे, सीताराम माजी एवं परियोजना के सभी उप-महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक व अधिकारी मौजूद थे।

## बड़कागांव में लंपी वायरस की चपेट में सैकड़ों पालतू पशु



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के बड़कागांव में दर्जनों पालतू पशु लम्पी वायरस की चपेट में हैं। बड़कागांव के ग्राम खैरातरी सैकड़ों पालतू पशुओं में लंपी वायरस फैला हुआ है. जिससे दूध उत्पादन पर प्रभाव पड़ा है।लोग डर से दूध का चाय पीने से कतरा रहे हैं।अब नींबू का चाय पीने लगे हैं लोग।

**लंपी वायरस से दो पशुओं की मौत**

डाड़ीकलां में लंपी वायरस के कारण आज रमजान अली का एक बछिया की मौत हो गई ।इससे पहले केरीगढ़ा में रामेश्वर महतो की गाय की मौत हो गई थी।

**खैरातरी में लगभग 200 पशु बीमारी की चपेट में**

फिलहाल मो जमशेद अंसारी का गाय व बछिया ,मो आलमुद्दीन अंसारी का गाय ,रमजान अली का गाय ,सुल्तान मियां का गाय, अमीन मियां का गाय, इलियास मियां का गाय व बैल,खैरातरी निवासी रामेश्वर महतो का बछड़ा दिनेश महतो का 3 गाय,4 बछड़ा, भिखू महतो का 10 गाय, 2 बैल जादू महतो का पांच गाय शिवलाल महतो का 16 गाय मलकू महतो का 10 गाय प्रसाद महतो का 10 गाय दुकान महतो का 10 गाय उमेश महतो का 12 गाय रामलाल महतो का 10 गाय तुलसी महतो का 8 गए एवं दो सुखलाल महतो का 10 गाय, मुला महतो 10 गए दो बैल, हुलास महतो का 10 गाय तुलु महतो का 7 गाय, मनिक महतो का चार गाय ,इंदर महतो का 10 गाय, एक बछड़ा ,निर्मल महतो का 6 गाय, कारी नाथ महतो का पांच गाय ,राजू महतो का 10 गाय ,कन्हाई महतो का चार गाय ,झनकू महतो का चार गाय, रति महतो का 12 गाय, महेंद्र महतो का चार गाय, दो बैल अशोक महतो का तीन गाय, राजेश महतो का 8 गाय, नारायण महतो का 5 गाय, समेत पूरे गांव में लंपी वायरस फैला है।ग्रामीणों ने बताया कि सभी जानवरों को एक साथ डूमारो जंगल की ओर चराने के लिए ले जाते हैं। इसी कारण एक दूसरे के संपर्क में आने से यह का बीमारी फैली है।

## ब्लू स्टोन लदे वाहन को जब्त करने पहुंची वन विभाग की टीम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के झरीटांड के समीप ग्रामीणों ने अवैध रूप से ब्लू स्टोन (बेशकीमती पत्थर) लदे जप्त वाहन से करीब 60 बोरा ब्लू स्टोन वापस कब्जे में कर लिया और लेकर भाग गए। इस दौरान वनकर्मियों के साथ झड़प हुई और चालक के साथ मारपीट भी किया गया। घटना को लेकर 17 नामजद लोगों के खिलाफ कोडरमा थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए कोडरमा वन्य प्राणी प्रक्षेत्र के रेंजर रामबाबू कुमार ने बताया कि रविवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली थी कि झरीटांड जंगल मे बेलोरो पिकअप वैन जेएच 12एफ 4507 में अवैध रूप से बेशकीमती पत्थर ब्लू स्टोन को लेकर बेचने के लिए बाहर भेजा जा रहा है।

## झारखंड अंडर 16 क्रिकेट टीम में कोडरमा के अभय सिंह का हुआ चयन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। बीसीसीआई के द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए झारखंड के अंडर सिक्सटीन टीम में कोडरमा के अभय सिंह का चयन हुआ है। अभय सिंह तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने इस वर्ष कोडरमा की ओर से खेलते हुए इंटर डिस्टिक अंडर 16 क्रिकेट टूनामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। उनके प्रदर्शन को देखते हुए झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने जमशेदपुर में आयोजित अंडर सिक्सटीन कैंप में उन्हें शामिल किया जहां वे अपनी बेहतरीन खेल से चयनकर्ताओं की भी पसंद बन गए। जेएससीए की सेलेक्शन कमिटी ने उन्हें विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए गठित 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया। आगामी 2 दिसंबर से 20 जनवरी तक आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी में भारत के अनेक शहरों में झारखंड की टीम अन्य राज्यों से मैच खेलेगी, जहां अभय तेज गेंदबाजी से अपना जलवा बिखेरेंगे। झुमरीतिलैया अंतर्गत तिलैया बस्ती निवासी शत्रुघन सिंह और सोनी देवी के छोटे पुत्र अभय सिंह पढ़ने में भी मेधावी रहे हैं। वे वर्तमान में सीएच प्लस टू हाई स्कूल के छात्र हैं और इसी वर्ष मैट्रिक की भी परीक्षा देंगे। अभय के स्टेट टीम में सेलेक्शन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। भारत रत्न डॉक्टर सीबी रमन के जन्मदिन पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को एक दिवसीय रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर इंजियर सुरभि सिंह और निशांत सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। सुरभि सिंह ने बच्चों को रोबोटिक्स की जानकारी दी और कहा कि वर्तमान में इस क्षेत्र में काफी संभावना हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नई- नई चीजों का अविष्कार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सेंसर लगे बाइक, ड्राइवर फ्री कार और रिमोट से संचालित रोबोटिक मॉडल्स बच्चों के सामने प्रस्तुत कर उनमे जिज्ञासा भरा। इस मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने कहा कि देशरत्न डॉक्टर सीवी रमन की जयंती पर इस कार्यशाला का आयोजन किया है, ताकि बच्चों में विज्ञान के प्रति और नए चीजों का आविष्कार करने के प्रति जागरूकता का प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यशाला से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है, जो देश के भविष्य के लिए अच्छा होता है। जबकि प्राचार्य नवीन कुमार ने दोनों का स्वागत किया और कहा कि शहर के लिए गर्व की बात है की शहर की बेटी रोबोटिक इन्वेंशन में लगी हुई है। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, सुरभि सिंह के पिता एसके शर्मा, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, पायल सिंह, सतीश कुमार, रमेश कुंज समेत अन्य शिक्षक और सैकड़ों की संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## भारत विकास परिषद ने किया भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। भारत विकास परिषद की ओर से रविवार को शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, ग्रिजली विद्यालय शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर, सैक्रेड हार्ट स्कूल, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, विक्रमशिला विद्यापीठ, बीआर इंटरनेशनल प्लस टू हाई स्कूल, चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल सहित आठ स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में बांटा गया। जूनियर वर्ग में डीएवी प्रथम, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय व ग्रिजली विद्यालय तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग में डीएवी प्रथम, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल द्वितीय तथा सैक्रेड हार्ट स्कूल तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद सेवा व संस्कार के क्षेत्र में अद्भुत कार्य करा रही है। इससे आने वाले समय में भावी बच्चे सही दिशा में जाएंगे और राष्ट्र निर्माण की बात सोचेंगे। वही क्षेत्रीय सचिव संस्कार डॉ रामप्रवेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद संपर्क से अभिमंत्रित सहयोग से निर्मित वह संस्कार से सिंचित सेवा की अंजुरी में समर्पण का नैवेद्य है।

## गुरु नानक देव जी महाराज के 554 वें जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर सोमवार को शहर में नगर कीर्तन निकाली गई। नगर कीर्तन में श्रद्धालु जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, राज करेगा खालसा, पंत की जय हो..., जैसे नारे लगा रहे थे। नगर कीर्तन को समाज के सुरेंद्र सिंह पप्पू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर कीर्तन का नेतृत्व सरदार अवतार सिंह, यशपाल सिंह गोल्डन कर रहे थे। गुरुद्वारा रोड स्थित गुरु सिंह सभा से जब नगर कीर्तन निकाली गई तो सिख समाज के अलावा अन्य समुदाय के लोग भी शोभायात्रा में शामिल हुए। नगर कीर्तन के सबसे आगे निशान साहब को तुलसी सिंह उठाकर चल रहे थे। पंच प्यारे के रूप में सरदार मंजीत सिंह, सरदार अवतार सिंह, सरदार परमिंदर सिंह, सरदार जसवीर सिंह व सरदार गुरमीत सिंह आगे आगे चल रहे थे। नगर कीर्तन में एक सुसज्जित वाहन पर गुरु ग्रंथ साहब को विराजमान किया गया था। वाहन में बैठे सरदार हरपाल सिंह गुरु के संदेशों को बता रहे थे। वही सरदार जसवीर सिंह सलूजा व कमलजीत सिंह श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर रहे थे। नगर कीर्तन में जगदीश सलूजा, किशोर भाटिया, सरदार रविंदर सिंह, हरजीत सिंह सलूजा, अनिल सलूजा, अशोक छाबड़ा, विनय छाबड़ा, अमरजीत छाबड़ा, गुरमीत सिंह रिकी, सरदार पप्पू सिंह, रवि सलूजा, शशि सलूजा, महेंद्र सिंह सोनी, सुप्रीत कौर, प्रीति छावड़ा, रचना सलूजा, रीता सलूजा, सिमी छाबड़ा, अंजना सलूजा, नीलम छाबड़ा, ममता छाबड़ा, नेहा सलूजा, सुनीता सलूजा, रश्मि छाबड़ा अंजलि सूद, रश्मि सूद, मिली सलूजा, प्राची सलूजा, पूनम आजमानी, सीमा छाबड़ा, सरोज छाबड़ा, पूजा अरोड़ा, आयुषी छाबड़ा, कंचन रानी,सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### 300 साल गुरु दे नाल हर दिन हर पल गुरु दे नाल

नगर कीर्तन में सिख धर्मावलंबियों के द्वारा सतगुरू नानक प्रगटया, मिटी धुंध जग चानन होया.. 300 साल गुरु दे नाल हर दिन हर पल गुरु दे नाल.., गुरु नानक तेरी जय होवे, सब देखे फूल बरसा दे जैसे भजन से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। नगर कीर्तन के आगे-आगे निशान के साथ युवा वर्ग बारी बारी से चल रहे थे।

## विहिप - बजरंग दल का हित चिंतक अभियान शुरू



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल हित चिंतक अभियान के तहत हजारीबाग नगर क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस अभियान के निमित्त हजारीबाग सदर विधानसभा के विधायक मनीष जयसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी सह व्यवसाई श्रद्धानंद सिंह, समाजसेवी बृजमोहन केसरी, विहिप धर्म प्रसार के बीके सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसाई ओम प्रकाश गुप्ता, बड़ा अखाड़ा के पुजारी आनंदी, मुकेश उपाध्याय समेत समाज के कई लोगों ने अपने परिवार के समस्त सदस्यों के साथ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के हित चिंतक बने। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा पूरे हजारीबाग जिले में यह अभियान जोर-शोर से चलाई जा रही है। जिसमें संगठन के हजारों कार्यकर्ता दिन रात अथक प्रयास से समाज में जा जाकर के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यों की जानकारी देते हुए संगठन के हित चिंतक बना रहे हैं। विहिप के अधिकारियों ने बताया समाज में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जुड़ने के लिए लोगों में काफी उत्साह है और भारी संख्या में विश्व हिंदू परिषद के हित चिंतक बनकर समाज एवं राष्ट्र हित की चिंता के लिए लोग संकल्प ले रहे हैं। यह अभियान आगामी 21 नवंबर तक चलने वाली है। अभियान में मुख्य रूप से झारखंड प्रांत बजरंग दल मिलन प्रमुख संजय चौबे, जिला अभियान प्रमुख सह जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता, बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत सिंह, जिला सत्संग प्रमुख सहदेव गुप्ता समेत संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 44 बार कर चुके हैं रक्तदान, जीवन काल तक करते रहने की है इच्छा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा आंदोलनकारी गौतम कुमार ने समाज सेवा में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। वे अभी तक 44 बार रक्तदान कर चुके हैं। गौतम ने कहा कि समाज सेवा करने में मुझे बहुत खुशी मिलती है। रक्तदान मेरे जीवन का एक वसूल है और इसे जीवनकाल तक करते रहेंगे। इचाक बाजार स्थित छोटे व्यापारी टुनटुन सिंह के बड़े पुत्र अंशु कुमार खून की कमी से जूझ रहे थे। इसी बीच उनके पिता ने गौतम से संपर्क किया। गौतम ने सूचना पाते ही हजारिबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान कर मदद किया। वही गौतम कुमार ने बताया कि अब तक 44 बार सेवा दे चुके है। आगे भी समय समय पर यह सेवा जारी रहेगा। रक्तदान सेवा के साथ साथ शरीर के लिए भी बहुत लाभ मिलता। शुगर, हार्ट का प्रॉब्लम जैसे बीमारी से निजात मिलती। एसलिये हम हर 3 माह में एक बार रक्तदान करते है।

## तापिन साउथ परियोजना में मजदूरों को काउंटर पेमेंट पर बनी सहमति, जताया आभार



चरही (आजाद सिपाही)। तापीन साउथ परियोजना हाई पावर कमेटी के दिशानिर्देशनुसार एवं बहेरा मुखिया देवकी महतो के नेतृत्व में दिनाँक 01/10/2022 से 31/10/2022 तक कुल 595 गाड़ियों की लोडिंग की मजदूरी का भुगतान हाई पावर कमिटी सदस्यो की निगरानी में काउंटर पेमेंट के माध्यम से की गयी। शुबहा से शाम 3 बजे तक कुल 105 विस्थापित एवं 36 रैयतो की दंगल जिन्हें सत्यापित किया गया है उन्हें मजदूरी भुगतान की गयी। लंबे समय बाद मजदूरी प्राप्त कर मजदूरों ने हर्ष व्यक्त कर डंप अध्यक्ष एवं हाई पावर कमिटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार जताया है। हाई पावर कमिटी सदस्य सह बहेरा मुखिया देवकी महतो ने प्रेस वार्ता करते हुए अवगत किया की अब मजदूरों को नियमित रूप से निर्धारित समय पर मजदूरी भुगतान की जाएगी ताकि उनका जीवन सुचारू रूप से चल सके। मजदूर हीत को देखते हुए मजदूरी की रकम में भी बढ़ोतरी की गयी है।इससे मजदूरो एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गयी। ज्ञात हो कि तापीन साउथ परियोजना पूरे क्षेत्र में पहला ऐसा परियोजना है जहां काउंटर पेमेंट के माध्यम से मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। वहीं हाई पावर कमिटी के सभी सदस्य आपसी सहमती बनाने के लिए प्रयासरत है ताकि परियोजना को सुचारू रूप से चलाया जा सके, फलस्वरूप आज उनके ही प्रयास एवं आपसी सामंजस्य से विस्थापित/प्रभावितों का मजदूरी भुगतान किया गया। एवं हजारों मजदूरों का आवागमन चालू है। मौके पर भारतीय मजदूर संघ जिला महामंत्री नीरज सिंह,चोलेश्वर महतो,विंसेंट टूडू,संतोष राय,सुरेश मुर्मू,लखीराम मांझी, प्रदीप लकड़ा,गुलाम रब्बानी, आरिफ अंसारी,सुखराम टुडू,बिरसा हांसदा,कसैली महतो,संतोष राय,लल्लन प्रसाद,शक्ति देवी,बीणा मिश्रा, सुकर ठाकुर, मोसुल्तान,निसार अंसारी,गुलाम कादिर, जीतन मरांडी,मनान अंसारी,भास्कर महतो,फागु मरांडी, मो० शेखावत अंसारी, मुमताज अंसारी, कोलेश्वर रविदास समेत हजारों की संख्या में विस्थापित/प्रभावित ग्रामीण मजदूर मौजूद थे।

## जीएम डायग्नोस्टिक्स एंड पॉलीक्लिनिक हजारीबाग के द्वारा मुक्त जांच शिविर का आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जीएम डायग्नोस्टिक्स एंड पॉलीक्लिनिक हजारीबाग के सौजन्य से खुटरा गांव में एक निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे बीपी,शुगर,ब्लड ग्रुप,मलेरिया, टाइफाइड, के अलावा सभी प्रकार का जांच मुक्त में किया गया। इस जांच शिविर में डॉ. रोहित कुमार उपस्थित होकर सभी मरीजों का इलाज मुक्त में किया और सभी मरीजों को परामर्श दिए। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में सभी लोग खान पान पर अगर विशेष ध्यान देते है तो वे सभी बीमार कम पड़ेंगे। जांच शिविर में जीएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस,इचाक के विद्यार्थियों ने भरपूर सहयोग किया। जीएम डायग्नोस्टिक्स हजारीबाग के डायरेक्टर सुजीत कुमार ने कहा की हमारे हॉस्पिटल में सभी प्रकार का इलाज और सभी प्रकार का जांच की सुविधा उपलब्ध है। हमारे हॉस्पिटल में ये सभी डॉक्टर प्रत्येक दिन आकार मरीजों को इलाज करते है।जिसमे डॉ. रोहित कुमार फिजियोथेरेपी,डॉ.शिखा खंडेलवाल प्रसूति रोग विशेषज्ञ,डॉ. राकेश कुमार जेनरल फिजिशियन शुगर और हार्ट स्पेशलिस्ट,डॉ. मृत्युंजय कुमार ऑर्थोपेडिक सर्जन,डॉ. मंटू कुमार जेनरल फिजिशियन,डॉ एमए अफजल ऑर्थोपेडिक और जेनरल फिजिशियन,डॉ एम कुमार पेडियाट्रिशियन स्किन डिजीज, डॉ पृथ्वी राज ऑल्टरनेटिव थेरेपिस्ट, डॉ मनोज कुमार हेल्थ काउंसलर, के आलावा समय पड़ने पर और भी डॉक्टर को बुलाकर इलाज करवाया जाता है। डॉ.दानिश ने जीएम डायग्नोस्टिक सेंटर को बधाई दिए उन्होंने कहा की इस प्रकार के जांच शिविर से गरीब लोगो को सहयोग मिलता है जो समाज के लिए एक अच्छा पहल है। इस जांच शिविर को सफल बनाने में रिचा मिश्रा,प्रवीण शिमी,दिनेश मंडल,सूरज कुमार,मनोज राणा का भरपूर सहयोग रहा।

## नापोखुर्द में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। नापोखुर्द पंचायत में आपकी-योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का आयोजन मुखिया गणेश साव के अध्यक्षता की गई,वही कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रमुख फुलवा देवी ,कांग्रेस 20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद तबस्सुम, मुखिया गणेश साव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव के अलावा अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया।इस दौरान मुखिया के द्वारा अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर फार्म भरने के लिए पहुँचे, वही विकलांग सर्टिफिकेट ,जॉब कार्ड, राशन कार्ड ,प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, जेएसएलपीएस के फूलो झानो आशीर्वाद योजना का आवेदन आया। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस 20 सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद तबस्सुम, प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया गणेश साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पूरी,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बेचन साव, पंसस गणेश साव,पूर्व पंसस रघुनंदन प्रसाद गुप्ता ,कृषि पदाधिकारी रवि रंजन , भास्कर राज ,रिंकू रवि , आनंद कुमार, आशीष पासवान ,रविंद्र कुमार, प्रकाश कुमार ,दीपक कुमार, शशी कुमार के अलावा उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 08 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

# 553 वें प्रकाश उत्सव पर गुरुवाणी से गूंजा रामगढ़

## नानक आया, नानक आया, कल तारण गुरु नानक आया...

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री गुरु नानक देव जी के 553 में प्रकाश उत्सव के अवसर पर रामगढ़ गुरुवाणी से गूंज उठा। सोमवार की शाम भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई। शोभा यात्रा स्व गुरदित सिंह के आवास से आरंभ होकर शहर के बिजुलिया, पुराना बस स्टैंड, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, मेन रोड होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान एक सुसज्जित वाहन पर गुरु ग्रंथ साहिब अपने वेशभूषा में पंज प्यारे व समाज के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए।





**शोभा यात्रा में ये थे शामिल**

शोभा यात्रा में प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, पूर्व प्रधान रमिन्दर सिंह गांधी, तेजिंदर सिंह सोनी, जोगिंदर सिंह जग्गी, इंद्रपाल सिंह सैनी, बलजीत सिंह बेदी, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, गुरप्रीत सलूजा, राजू जस्सल, सुरेंदर सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुबीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, विंकल कालरा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, हरदीप होरा, रमन कोहली, नवल मल्होत्रा, हरिंदर छाबड़ा, बन्नी गांधी, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, परमिंदर जस्सल, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, बंटी चमन, सतपाल होरा, करमजीत सिंह जग्गी, हरजाप सिंह गांधी, भूपेंद्र सिंह चंडोक, रविंद्र सिंह छाबड़ा, राजू कालरा, दलजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रपाल सिंह जस्सल, विकी छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह, पम्मी कालरा, जसमीत कौर सोनी, करमजीत कौर जग्गी, सुम्मी जौली, सीमा कोहली, रंजू अरोड़ा सहित सिख समाज के कई महिला, पुरुष व युवा शामिल थे।

### गुरु नानक साहिब का इतिहास

गुरु नानक सिख धर्म के पहले गुरु है। 15 अप्रैल 1469 को गुरु नानक देव का जन्म तलवंडी ननकाना साहिब में हुआ था। इसी के कारण इन्हें नानक नाम से संबोधित किया जाता है। माना जाता है कि गुरु नानक देव ने ही सिख समाज की नींव रखी थी। इसी कारण उन्हें संस्थापक कहा जाता है। 16 साल की उम्र में गुरु नानक देव का विवाह लाखौकी नामक स्थान में रहने वाली सुलखनी नामक कन्या से हुआ था। इनके दो पुत्र श्रीचंद और लख्मीचंद थे। माना जाता है कि पुत्रों के जन्म के बाद गुरु नानक देव अपने साथियों के साथ तीर्थ में निकल गए और भारत, अफगानिस्तान, फारस, अरब सहित कई देशों में भ्रमण करते हुए उपदेश देते थे। इन यात्राओं को पंजाबी में 'उदासियां' कहा जाता है।

### विक्की छाबड़ा ग्रुप ने एक से बढ़कर एक गुरुवाणी किया पेश

शोभा यात्रा के दौरान धनबाद के विक्की छाबड़ा ग्रुप ने एक से बढ़कर एक गुरुवाणी पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वही, गायकों ने रामगढ़ की फिजाओं में गुरुवाणी गायन का रस घोल दिया। हर कोई उनके गीतों पर झूमते नजर आए।

### सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह शोभा यात्रा का किया स्वागत

शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया। जिसमें, मारवाड़ी धर्मशाला समिति, पंजाबी हिंदू बिरादरी, श्री रानी सती दादी मंदिर कमेटी, श्री दिगंबर जैन समाज, जन सेवा समिति के अलावा अन्य सामाजिक संगठनों ने भी स्वागत किया।

### शोभायात्रा में श्री गुरु नानक स्कूल के छात्र-छात्राएं हुए शामिल

शोभा यात्रा के दौरान श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। इस स्कूली बच्चों में भी गजब का उत्साह देखा गया।

### सुभाष चौक पर हुई आतिशबाजी

शोभा यात्रा के दौरान सुभाष चौक पहुंचते ही सिख समाज के युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान युवाओं ने एक से एक पटाखे छोड़कर श्री गुरु नानक जयंती को धूमधाम से मनाया।

## चारकोल लदे पकड़े गये ट्रक मामले में 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के ओरला मोड़ रोड से अवैध चारकोल लदे पकड़े गए नौ ट्रको के चालक- मालिक, कारोबारी व फैक्ट्री मालिक समेत 21 लोगों के खिलाफ कुजू पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वही, पुलिस ने गिरफ्तार दो लोगों को जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए ट्रक संख्या जेएच19 ए – 8726, सीजी14एम ई- 7526, जेएच01सीआर – 3450, जेएच 01सी आर- 2983, जेएच 02डबल्यू –1026, जेएच 02ए एन- 9370, जेएच 01सी आर- 6873, जेएच 02ए एन –7392 व जेएच 02डबल्यू-6665 के मालिक- चालक के अलावे रामगढ़ स्पंज फैक्ट्री गिद्दी के मालिक, कुजू निवासी ट्रांसपोर्टर बबलू, रफीगंज औरंगाबाद निवासी मो कमरुद्दीन पिता मो बरमति शामिल है। पुलिस द्वारा पकड़े गए ट्रक चालक खपिया सिमरिया चतरा निवासी मारूफ अंसारी पिता मुस्तकीम अंसारी और मो कमरुद्दीन को जेल भेज दिया है। जब्त सभी ट्रकों पर 25 – 25 टन अवैध चारकोल पाया गया है। बताया जाता है कि चारकोल लदा सभी ट्रक साइडिंग में गिराने जा रहा था। जो मिलावट कर विद्युत प्लांट को भेजा जाना था। बताते चलें कि यह गोरखधंधा खेल फैक्ट्री मालिक, ट्रांसपोर्टर और गाड़ी मालिक द्वारा किया जा रहा था। ज्ञात हो रविवार की देर शाम पुलिस कप्तान पीयूष पांडेय के निर्देश पर कुजू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद के नेतृत्व में चारकोल लदा सभी ट्रको के अलावे दो लोगो को धर दबोचा था।

## विधायक के नेतृत्व में लगा समस्या निवारण शिविर



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के कुरबीज में स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद की अध्यक्षता में समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पथ, ईदगाह की चारदीवारी, नदी में श्मशान शेड व मंदीर में तड़ित चालक लगाने को लेकर विधायक के द्वारा 6 लाख 30 हजार रुपए तत्काल स्वीकृत की गई। इसके साथ ही शिविर में पंसस ममता देवी व मीरा कुमारी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में हफुआ पंचायत के महिला व पुरुष भाजपा और आजसू को छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। शिविर में विधायक अम्बा प्रसाद को ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया और फुलमाला पहनाया। इस मौके पर विधायक ने ग्रामीणों को अपने सम्बोधन में कहा कि हम क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर हैं। विकास को लेकर कोई भी कभी भी हमें बुला सकता है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, योगेन्द्र खरवार, पूर्व मुखिया बंधन गंझू, नईम अंसारी, राथो महली, निर्मल गंझू, लखन करमाली, धनेश्वर गंझू, सुखदेव करमाली, गीता देवी, उषा देवी, क्रांति देवी, तिलेश्वरी देवी, लगनी देवी, पूनम देवी, रीता देवी, सनीचरी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन आज करेगा वृद्ध जनों का सम्मान, विधायक जेपी पटेल होंगे शामिल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर उज्ज्वला फाउंडेशन के तत्वाधान में 8 नवंबर दिन मंगलवार दिन 12 बजे बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉन्प्लेक्स में विधवा व वृद्ध जनों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर एक बैठक मोतीराम कॉन्प्लेक्स में की गई। बैठक के दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मांडू प्रखंड के आसपास के पंचायतों के करीब पांच सौ दिव्यांग एवं विधवा- वृद्ध जनो का सम्मान किया जाएगा। साथ ही, सभी को भोजन कराया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल होंगे। वही, हजारीबाग पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा को फाउंडेशन के सदस्यों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर सुखदेव सोनी, शांति देवी, आशा कुमारी, शीला कुमारी, कौशल्या देवी, मंसरी देवी, किरण देवी, देवंती देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, बसंती देवी, बबीता देवी, रिनी देवी, मुनीता देवी, पूनम देवी आदि मौजूद रहे।

## रोड सेल समिति ने भुरकुंडा पीओ को सौंपा पत्र

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति ने सोमवार को भुरकुंडा पीओ को पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि आगामी 18 नवंबर को बलकुदरा खुली खदान के समक्ष विशाल जन-प्रदर्शन किया जायेगा। पर्यावरण स्वीकृति व सीटीओ के कारण पिछले दो वर्षो से भुरकुंडा कोलियरी बंद था। कोलियरी चालू होने से रोड सेल के माध्यम से गरीब मजदूरों को रोजगार भी मिलता था। वर्तमान में कोयला नहीं मिलने के कारण रोड सेल बंद है। जिसके कारण मजदूरों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खान से उत्पादन भी शुरू हो गया है। लेकिन प्रबंधन रोड सेल चालू करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। इससे प्रबंधन की जनविरोधी मंशा साफ झलकती है। समिति ने प्रबंधन से उत्पादित कोयला का 75 प्रतिशत रोड सेल को आवंटित करने की मांग की है। इसी जनविरोधी निर्णय के खिलाफ 18 को बलकुंदरा खुली खदान के समक्ष जन प्रदर्शन होगा। पत्र में समिति के गिरधारी गोप, मुकेश पारसवान, सत्यनारायण सादव, अजय कुमार सिंह, रावेल एक्का, रेवती रमन, प्रेम कुमार साव, बालेश्वर पासवान, अमरेन्द्र प्रसाद, दर्शन गंझू, हरिशंकर चैधरी आदि के हस्ताक्षर अंकित है।

## पतरातू प्रखंड कमेटी की सुंदरनगर में बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर पंचायत भवन में झारखंड राज्य आंदोलनकारी पतरातू प्रखंड समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता परमेश्वर प्रसाद व संचालन रविन्द्र प्रसाद और ब्रजेश पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में बुधवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित एक दिवसीय धरना की सफलता को ले रणनीति बनाई गई। कहा गया कि पिछले कई वर्षों से झारखंड आंदोलनकारियों को सरकार द्वारा उनके हक-अधिकार व सम्मान से वंचित रखा जा रहा है। अब आंदोलनकारियों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी के तहत 9 नवंबर को मोरहाबादी मैदान रांची में धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। आंदोलन में पतरातू प्रखंड से भी दर्जनो लोग शामिल होंगे। मौके पर राजू महतो, किशोर किस्कू, टिकेश्वर महतो, शिवचरण महतो, भुनेश्वर महता, गंगो बेदिया, नरेश गंझू, जगदेव महतो, बाबुलाल महतो, बशीर खान, पानो देवी, अर्जुन साव, कुलदीप मेहता, लखन महतो, विनिता कुजूर, एरेन कच्छप, इशरार अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा जयंती और स्थापना दिवस मनाने को लेकर देवरिया में बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर के देवरिया बरगावां में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व पार्षद झरी मुंडा व संचालन उमेश पाहन ने किया। बैठक में 15 नवंबर को धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाने को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निर्णय हुआ कि सर्वप्रथम मतकमा चैक स्थित सिद्धो-कान्हू प्रतिमा पर पाहन द्वारा पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके बाद आदिवासी संस्कृति वेशभूषा व नाच-गान के साथ पैदल मार्च होगा। वहीं बिरसा चैक स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पैदल मार्च भुरकुंडा थाना होते हुए वापस लक्ष्मी टॉकीज मैदान पहुंचेगी। यहां आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन होगा। मौके पर संतोष उरांव, रोहित मुंडा, सुरेश रजवार, राजेंद्र मुंडा, राजकुमार सोरेन, सुलेंद्र सोरेन, बबलू सोरेन, सूरज सोरेन, बिरेंद्र मुंडा, कर्मदेव मुंडा, महेंद्र मुंडा, तुलसी बेदिया, अजय सोरेन, आश्रम सोरेन, रजनीकांत सोरेन, सत्येंद्र सोरेन, रविंद्र सोरेन, शिवा सोरेन, बिरेंद्र सोरेन, विजय मुंडा, संतोष, पिंटू, दीपराज बेदिया आदि मौजूद थें।

### एसपी की कार्रवाई के बाद चारकोल कारोबारियों में हड़कंप

# चारकोल के कारोबार में संजू निभा रहा है मास्टरमाइंड की भूमिका!

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला में अवैध कारोबार धीरे-धीरे आकार ले रहा है। अवैध कारोबार का मुख्य जरिया रेलवे साइडिंग बना हुआ है। यहां पर कोयले की हेराफेरी से लेकर ब्लैक स्टोन और चारकोल में खुलेआम मिलावट हो रही है। इसके अलावा जिले के बाहर भी दूसरे राज्यों में चारकोल भेजा जा रहा है। कभी कभार कार्रवाई होने से कारोबारियों में दहशत होती है, परंतु सब कुछ मैनेज होकर खेला शुरू हो जाता है। इसका उदाहरण है रामगढ़ जिले में बार-बार चारकोल लदे ट्रकों का पकड़ाना।

### रामगढ़ एसपी ने 9 ट्रक पकड़ कर कारोबार का किया खुलासा

इधर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने कुजू रेलवे साइडिंग के निकट से चारकोल लदे 9 ट्रकों को पकड़ कर कारोबार का खुलासा किया है। एसपी की कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### बार-बार कार्यवाई के बाद भी नहीं लगता कारोबार पर अंकुश!

इधर सवाल उठ रहा है कि जिला में बार-बार चारकोल लदे ट्रकों को पकड़ा तो जाता है, परंतु कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में पुलिस विफल रहती है। इसके कारण माहौल शांत होते ही कारोबारी अपने कारोबार में सक्रिय हो जाते हैं। अपने कारोबार को बखूबी अंजाम देते हैं। हालांकि दावेदारों का मानना है कि ट्रक जब्ती के बाद कारोबारी सेटिंग सेटिंग का भी खेल खेल कर कारोबार शुरू करते हैं, जिसके कारण कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगने में असफलता हाथ लगती है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जो जिले में कई बार चारकोल लदे ट्रकों को पकड़ा गया है, लेकिन कारोबार थमा नहीं है।

### फिलहाल कारोबार में संजू है सक्रिय

इधर बताया जाता है कि चारकोल के खेल में कुजू का संजू काफी सक्रिय है। उसी के इशारे पर चारकोल को स्थानीय साइडिंग से लेकर दूसरे राज्यों में ढ्रोजा रहा है। कारोबार में कुछ पत्रकारों की भूमिका भी संदिग्ध बतायी जा रही है। सूचना है कि वह रामगढ़ थाना क्षेत्र और गिद्दी थाना क्षेत्र से चारकोल का उठाव कर दूसरे राज्य में भेज रहा है। इसमें संजू नाम का व्यक्ति कुछ स्थानीय पत्रकार के साथ मिल कर कारोबार को अंजाम दे रहा है।

## गंभीर आरोप के बाद भी डीलर पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

**गोला। (अंजनी कुमार/ आजाद सिपाही)** चक्रवाली के जनवितरण प्रणाली दुकानदार विमल प्रसाद के ऊपर लगे गंभीर आरोप के ऊपर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है। इनपर लगे गंभीर आरोप के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की चर्चा आम अवाम में जमकर हो रही है। ग्रामीणों का हो हंगामा एवं सड़क जाम की आवाज अधिकारियों के पास नहीं गया। इसी का नतीजा है कि डीलर को स्पस्टीकरण तक नही भेजा गया है। बताया जाता है कि डीलर की ऊंची पहुँच है। जिसके कारण मामले को रफा दफा करने का भरपूर प्रयास किया जा है। गोला में जनवितरण प्रणाली दुकान में अभी तक इस तरह की घटना पहली बार घाटी है, जब ग्रामीण एन एच को जाम कर दिया हो। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर लाभुकों को खुलेआम कम राशन दे रहा है। लाभुकों के राशन की कलाबाजरी कर लाखों कमा रहा है। रविवार को भी डीलर लाभुकों को कम राशन दे रहा था। इसके बाद ग्रामीणों ने डीलर को बर्खास्त की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। इधर बताया जाता है कि कई सफेदपोशों तक लिफाफा पहुँचाया जा रहा है। ताकि मामला को पूरी तरह से खत्म किया जा सके। मामले पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी राज शेखर से पक्ष लेना चाहा तो उनका मोबाइल बंद मिला। बताया गया कि उनका किसी रिश्तेदार का निधन हो गया है। जिससे वो व्यस्त है।

## किचटो में सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के किचटो पंचायत में सोमवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बीडीओ रंथू महतो, मध्य जिप सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, दक्षिणी जिप सदस्य नेहा तिर्की मुखिया संगीता देवी, आरजेडी ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंचायत के अलावे आसपास के ग्रामीण, जनता बुद्धिजीवी, समाजसेवी, गरीब असहाय सरकार द्वारा लगाया गये शिविर में सभी प्रकार की विभागीय स्टॉल में अपनी समस्या का दस्तावेज देकर त्वरित निष्पादन कराया। इस मौके पर जानकारी देते हुये बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि विभिन्न विभागों से आये कुल 638 मामलों में 546 मामले त्वरित निष्पादित किया गया। जनप्रतिनिधियों सहित आमलोगों का भी इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, मुखिया पति अंगद महतो, ब्लॉक कर्मी परवेज आलम, बसंती देवी, लोकेशर महतो, लाला गंझु, सारो देवी, यसोदा देवी समेत सैकड़ो ग्रामीण लोग उपस्तिथ हुये।

### अफीम तस्करों के विरुद्ध चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो किलो अफीम, एक लाख नगद और बाइक के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने अंतरराज्यीय अफीम तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में प्रदीप कुमार यादव, मुकेश यादव, विकास कुमार यादव तीनों सलैया थाना वशिष्ट नगर जिला चतरा के रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश



कुमार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि तस्करों के पास से 2 किलो 30 ग्राम गादा अफीम, 03 मोबाईल फोन, एक लाख रुपये नकद व एक बाइक बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर मोड़ के पास से थाना प्रभारी सनोज चौधरी के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम को सफलता मिली है। तस्कर अफीम का खेप लेकर बिहार जा रहा था। इसी दौरान छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। अभियान में थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक नितेश कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार दुबे सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## युवा परिवर्तन संघ की बैठक, धरना प्रदर्शन करने का निर्णय



**गोला (आजाद सिपाही)।** युवा परिवर्तन संघ की बैठक रविवार को कुरमी धर्मशाला हेमतपुर में हुई। इसकी अध्यक्षता सरजू प्रसाद एवं संचालन पांडव कुमार महतो ने किया। यहां मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष कमल किशोर महतो मौजूद थे। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि मनरेगा में व्याप्त भ्रस्टाचार के खिलाफ प्रखण्ड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावे संघ का सदस्यता अभियान पर पर जोर देते हुए संघ का पुनर्गठन पर सहमति बनी। मौक पर संघ के उपाध्यक्ष विष्णु कुमार महतो, सचिव रतन महतो, अशोक महतो, सुरेश कुमार महतो, मिथलेश उपाध्यय, आनंद रजक, अनूप कुमार महतो, मीडिया प्रभारी जय नंदन मुंडा ने उपस्थित थे।

## सीसीएल क्षेत्र के अध्यक्ष बने राम शब्द राम, कर्मचारियों ने दी बधाई



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्प्लाइज कॉर्डिनेशन कॉउन्सिल सीसीएल क्षेत्र के नवनियुक्त अध्यक्ष बने नया नगर बरकाकाना निवासी राम शब्द राम। रजरप्पा में कॉउन्सिल का एकदिवसीय अधिवेशन आयोजित की गई थी। अधिवेशन में झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में पदाधिकारियों का चयन किया गया है जिसमें सीसीएल क्षेत्र के अध्यक्ष राम शब्द राम, महासचिव ब्रजकिशोर राम, कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार व कोषाध्यक्ष संतोष कुमार के चयन की घोषणा की गई थी। राम शब्द राम के अध्यक्ष बनने पर सीसीएल कर्मचारियों व स्थानीय लोगों में खुशनुमा माहौल है। नवनियुक्त अध्यक्ष के नया नगर बरकाकाना आगमन पर केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना पदाधिकारी व सदस्य संतोष कुमार, बिहारी लाल, लालू ओरांव, प्रगास पासवान, सुकरा, बीरेंद्र, हरिदयाल, दिलीप गंझू, रवींद्र पासवान ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। मौके पर उपस्थित अध्यक्ष श्री राम ने कहा उच्च पदाधिकारियों ने जो जिमेवारी सौपी है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। कर्मचारियों के हितों व अधिकारों की रक्षा करते हुए पूरे सीसीएल क्षेत्र में संगठनात्मक तरीके से कार्य करूँगा।

## गुरुनानक जयंती में सभी धर्मो के प्रति भावनात्मक जुड़ाव की प्रदर्शनी



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीएस बरकाकाना के बच्चों ने सभी धर्मों के प्रति समानता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पूरी भव्यता के साथ गुरु नानक जयंती मनाई। कार्यक्रम में लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें न केवल गुरु नानक के पुण्य कार्यों को दर्शाने वाला भाषण दिया गया बल्कि उन पर एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में एलकेजी से लेकर पाँचवीं तक के छात्रों ने सिख पुरुषों और महिलाओं के वेश भूषा में भाग लिया और गुरुवाणी गाया। पूरा विद्यालय परिषर जो बोले सो निहाल, सत-श्री अकाल के नारे से गूंज उठा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ उर्मिला सिंह ने बच्चों को दिए अपने संदेश में कहा यह हमारी परम्परा और संस्कृति है कि हम अपने विद्यालय में हर धर्म के त्योहार मनाते हैं ताकि हमारे बच्चे हर धर्म के लिए सम्मान और समानता की भावना विकसित कर सकें। बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उन्हें शुरू से ही हमारी संस्कृति की विविधता को समझना चाहिए।

## टेक्निकल डायरेक्टर ने आम्रपाली का किया निरीक्षण, उत्पादन पर जोर



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के टेक्निकल डायरेक्टर बी साईं राम ने रविवार को आम्रपाली कोल परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान आम्रपाली आने पर जीएम अमरेश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। टेक्निकल डायरेक्टर आम्रपाली पहुंचकर कोयला उत्पादन और डिस्पैच की पूरी जानकारी अमरेश कुमार से लिया। टेक्निकल डायरेक्टर इस दौरान शिवपुर रेलवे लाइन व साइडिंग का निरीक्षण किया। इसके अलावा साढे छः सौ करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन मेगा टाउनशिप का जायजा लिया। टेक्निकल डायरेक्टर ने समीक्षा के बाद कोयला उत्पादन में बढ़ोतरी का निर्देश दिया।

## पत्रकार रुदेश कुमार नायक की 92 वर्षीय मां पदमनी देवी का निधन

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** दैनिक भास्कर के पत्रकार रुदेश कुमार नायक के 92 वर्षीय मां पदमनी देवी की आकस्मिक निधन रांची मे इलाज के दौरान हो गयी। चार दिन पूर्व उनकी तबियत अचानक बिगड़ने के कारण उन्हें रांची स्थित पल्स हॉस्पिटल मे भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उन्होंने अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। रविवार दोपहर को टंडवा स्थित कैंत गढ़ा श्मशान घाट पंचतत्व मे बिलिन हो गयी। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र सेवानिवृत शिक्षक जयमंगल देव नायक ने दी। इधर आकष्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। विधायक किशुन कुमार दास समेत कई गणमान्य लोगों ने उनके घर जाकर घटना पर दुःख प्रकट करते हुये शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इधर शोक व्यक्त करने वालों में विधायक किशुन कुमार दास थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, बीडीओ रंथु महतो, सीओ विजय कुमार, मनोज चंद्रा, अक्षयवट पांडेय, मिथलेश गुप्ता, प्रताप चौरसिया, बबलू गुप्ता, रंजीत गुप्ता, महेंद्र यादव, शशि चौरसिया, जागेश्वर दास, सुबाष दास, विकास मालाकार, समेत अन्य ने भी शोक संवेदना व्यक्त किया।

## सरकार आपके द्वार के तहत हरिहरपुर पंचायत में लगा विशेष शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सोमवार को हरिहरपुर पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया गीता देवी, व संचालन पंचायत समिति सदस्य भरत कुमार महतो ने किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनों आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की महत्वपूर्ण एवं महत्वकांक्षी योजना है। जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम के लिए हमारे बड़े-बुर्जुग एवं दादा-दादी प्रखंड का चक्कर लगाते थे आज सरकार उनके द्वार आकर उनके कार्य को निष्पादन कर रही है। शिविर में विधायक ने परिसंपत्ति का भी वितरण किया जिसमें फूलो-झानो योजना के तहत मालती देवी व मुन्नी देवी को 10-10 हजार का चेक दिया। साथ ही सविता देवी को मुद्रा लोन के तहत 190000 रुपैया दिया गया। मौके पर उप मुखिया प्रेम महतो, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र सिंह खरवार, समाजसेवी राजेंद्र ठाकुर, रमेश बेदिया, रामकुमार महतो, मनोज महतो, देवकुमार बेदिया, नरेंद्र सिंह, आरती देवी, सविता देवी, वार्ड सदस्य आरती देवी, ज्योति देवी, किरण देवी, पिंकी देवी सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद थें।

# पर्यावरण प्रदूषण का बढ़ता खतरा

दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सहित देश के अनेक भागों में प्रदूषण एआइक्यू 400 से ऊपर खतरनाक स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी को देखते हुए सुप्रीमकोर्ट ने वायु प्रदूषण रोकने की गुहार लगाने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख निर्धारित कर दी है। प्रदूषण का सभी लोगों, विशेष कर बच्चों के स्वास्थ्य पर भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि दिल्ली में जूनियर स्कूल बंद कर दिये गये हैं, परंतु डाक्टरों के अनुसार इससे बड़े आयु वर्ग के बच्चों के लिए भी प्रदूषण उतना ही हानिकारक है, जिससे उन्हें अनेक बीमारियां हो सकती हैं। देश में कटाई का सीजन समाप्त होते ही पराली जलानी शुरू होने पर संबंधित राज्यों की सरकारें इसके लिए एक दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर देती हैं, परंतु देश में प्रदूषण का एकमात्र कारण यही नहीं है। पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण तो समूचे प्रदूषण का 33 प्रतिशत ही है, शेष 67 प्रतिशत प्रदूषण विभिन्न निर्माण कार्यों व अन्य कारणों से होता है, जिसकी ओर न ही केंद्र सरकार ने और न ही राज्य सरकारों ने ध्यान दिया है। इस समय देश में शिलांग और देहरादून जहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक क्रमशः 20 और 100 है, शायद यही 2 स्थान हैं, जहां अभी तक प्रदूषण नहीं है। पंजाब के ग्रामीण इलाकों के अलावा अधिकांश शहरों में यह आंशिक से अत्यंत गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है, जबकि हरियाणा के 22 में से 15 जिलों की वायु गुणवत्ता खराब से लेकर बहुत खराब श्रेणी में है। सरकार द्वारा हरियाणा और पंजाब में 80 से 50 प्रतिशत तक सबसिडी पर पराली संभालने के लिए जो मशीनें दी जा रही हैं, वे भी उतनी चलती नहीं हैं। अतः अच्छी मशीनों का आना और उन्हें फ्रीबीज के रूप में देने पर विचार किया जाना चाहिए। देश में बहुत सारी प्राइवेट फर्में इस दिशा में पहल करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आयी हैं। पंजाब में कुछ निजी फर्मों ने बायोगैस प्लांटों में पराली से गैस इथेनॉल व अन्य बायो उत्पाद बनाने के लिए किसानों से पराली खरीदने का बीड़ा उठाया है। इसके साथ ही अनेक भारतीय कंपनियां आइटीसी, इवाइ, फ्लिपकार्ट, जेपी मॉर्गन चेस, जैनपैक्ट और पर्सिस्टैंट सिस्टम सहित कई कंपनियां पर्यावरण संरक्षण को अपने मुख्य मिशन का हिस्सा बनाने के लिए कदम उठाने पर ध्यान दे रही हैं। इनमें उत्सर्जन को शून्य तथा डीकाबोर्नाइजेशन में तेजी लाना, कम से कम कार्बन उत्सर्जन करने वाली नयी तकनीकों का उपयोग करना शामिल है। जैनपैक्ट जैसी कुछ कम्पनियां अपने सप्लायर्स को पर्यावरण हितैषी मानकों के संबंध में तीसरे पक्ष से ऑडिट करवाने पर भी जोर दे रही हैं, जबकि ई-कॉमर्स प्रमुख फ्लिपकार्ट का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करना है।

**बहुत सारी भारतीय कंपनियां आइटीसी, इवाइ, फ्लिपकार्ट, जेपी मॉर्गन चेस, जैनपैक्ट और पर्सिस्टैंट सिस्टम सहित कई कंपनियां पर्यावरण संरक्षण को अपने मुख्य मिशन का हिस्सा बनाने के लिए कदम उठाने पर ध्यान दे रही हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मध्यावधि चुनाव डेमोक्रेट्स के लिए बड़ी हिस्सेदारी पेश करते हैं, जिनका कांग्रेस तथा व्हाइट हाऊस में जोरदार तरीके से नियंत्रण है। प्रवेक्षक सुझाते हैं कि ऐसा जोखिम है कि हाऊस में वे अपना बहुमत खो देंगे। इस संदर्भ में एक प्रासंगिक तथ्य यह है कि व्हाइट हाऊस पर नियंत्रण न रखने वाली पार्टी को हाऊस झटका देता है। डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा तथा जॉर्ज डब्ल्यू बुश जैसे तीन पूर्व राष्ट्रपतियों के दौरान ऐसा हो चुका है।**

# क्या अमेरिकी मध्यावधि चुनाव गेमचेंजर होंगे

नारायण लक्ष्मण

8 नवंबर को होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनाव राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य को एक नया आकार देंगे। विशेष तौर पर तब यदि नतीजे हाऊस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स का नियंत्रण डेमोक्रेट से रिपब्लिकन के पास चला जाता है। यह चुनाव हाऊस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में 435 सीटों के लिए होगा तथा सीनेट में 100 सीटों की एक-तिहाई 35 सीटों से ज्यादा पर होगा। इसके अलावा कुछ स्थानीय चुनाव भी होने हैं।

नतीजों के विशलेषण करने के दौरान एक महत्वपूर्ण कारक दिमाग में रखना होगा कि 2020 के जनमत संग्रह के बाद एक प्रमुख पुनर्वितरण प्रक्रिया आयोजित की गयी थी, जिसके नतीजे में राज्य प्रशासन द्वारा वोटिंग जिलों की सीमाओं का फिर से निर्धारण किया गया था। इसके बाद कुछ आरोप भी सामने आये थे। कुछ मामलों के तहत सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में न रहने वाले कुछ जिलों में जानबूझ कर बहुमत को कमजोर किया गया था।

मध्यावधि चुनाव डेमोक्रेट्स के लिए बड़ी हिस्सेदारी पेश करते हैं, जिनका कांग्रेस तथा व्हाइट हाऊस में जोरदार तरीके से नियंत्रण है। प्रवेक्षक सुझाते हैं कि ऐसा जोखिम है कि हाऊस में वे अपना बहुमत खो देंगे। इस संदर्भ में एक प्रासंगिक तथ्य यह है कि व्हाइट हाऊस पर नियंत्रण न रखने वाली पार्टी को हाऊस झटका देता है। डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा तथा जॉर्ज डब्ल्यू बुश जैसे तीन पूर्व राष्ट्रपतियों के दौरान ऐसा हो चुका है। प्रवेक्षकों का कहना है कि मध्यावधि चुनाव आमतौर पर वर्तमान राष्ट्रपति के लिए एक जनमत संग्रह साबित होंगे। अमेरिका भर में डेमोक्रेटिक मतदाता चुनाव के दिन भारी मात्रा में जुटेंगे।

**ऐसा भी लगता है कि मध्यावधि चुनावों के नतीजे वाशिंगटन में गतिरोध बढ़ायेंगे।**

यह भी अस्पष्ट है कि सीनेट चुनावों के बाद किसकी ओर झुकेगी। दूसरा कारक यह है कि चुनावी नतीजों पर पुनर्वितरण का असर पड़ेगा। कैपिटोल बिल्डिंग पर डोनाल्ड ट्रंप के कथित समर्थकों के धावे तथा दंगों का भी इन चुनावों पर असर पड़ सकता है। अमेरिकियों में ट्रंपवाद का समर्थन अभी भी कायम है। 8 नवंबर को जिस किसी पार्टी को भी चुनावी फायदा होता है, वह इस तथ्य को नहीं बदल सकती कि पूरे विश्व के साथ-साथ अमेरिका भी आर्थिक तौर पर एक बुरे दौर से गुजर रहा है।

इस पर कोविड-19 महामारी का प्रभाव अभी भी देखा जा सकता है, जिसने व्यावसायिक गतिविधियों तथा वैश्विक सप्लाई चेन को बाधित कर रखा है। दूसरी ओर देखें तो यूक्रेन पर रूसी हमले ने भी आर्थिक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर रखा है। इसके अलावा एक साधारण अमेरिकी को अपराध, आव्रजन, पर्यावरण बदलाव के साथ-साथ प्रजनन अधिकारों से भी जूझना पड़ रहा है। हालांकि हाल के महीनों में बेरोजगारी की दर में तेजी से गिरावट आई है मगर अर्थव्यवस्था को मंदी ने घेर रखा है। खाद्य तथा ऊर्जा से संबंधित समस्याओं ने घरेलू खर्चे की लागत को और आगे धकेल रखा है।

हाल के महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने कार्यालय में बहुत अच्छी तरह से कार्य नहीं किया है। अब उन्हें इन जटिल नीति संबंधित चुनौतियों से निपटना होगा। ऐसा भी लगता है कि मध्यावधि चुनावों के नतीजे वाशिंगटन में गतिरोध बढ़ायेंगे, यदि हाऊस रिपब्लिकन पार्टी को मिल जाता है। इस परिदृश्य में व्हाइट हाऊस को शायद अपने एजेंडे को लेकर समझौता करने के लिए बाध्य होना पड़े। इसके साथ-साथ उसे विपक्ष के साथ भी समझौतों में कटौती करनी पड़े, जिसके चलते अर्थव्यवस्था के लिए इसकी वास्तविक नीति को और कमजोर होना पड़ सकता है। मतदाताओं की पसंद को अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी प्रभावित कर सकते हैं, जिसमें से यूक्रेन के प्रति अमरीकी नीति शामिल है। इसके साथ-साथ आपराधिक न्याय प्रणाली, अमेरिकी लोकतंत्र की गुणवत्ता तथा पक्षपातपूर्ण संघर्ष का निरंतर कायम रहना भी शामिल है। यूक्रेन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका यूरोप में अपने सहयोगियों के साथ मजबूती से खड़ा है।

अमेरिका चाहता है कि रूसी क्षेत्रीय विस्तार के खिलाफ कीव की मदद की जाये। इसके विपरीत केविन मैकार्थी जैसे कुछ रिपब्लिकन अमेरिकी कांग्रेस के खिलाफ हैं। यूक्रेन को अमरीकी मदद के लिए उन्होंने इसे एक यूक्रेन को दिया जाने वाला 'ब्लैंक चेक' बताया है। न्यायिक नियुक्तियों की बात करें तो बाइडेन ने अभी तक 75 के करीब जजों को नामांकित क रने में सफलता हासिल की है, जोकि ट्रंप तथा ओबामा के राष्ट्रपति कार्यकालों के दौरान की गयी नियुक्तियों से ज्यादा है। डेमोक्रेट्स के लिए इस प्रकार की प्रगति थम सकती है, यदि हाऊस रिपब्लिकन के पक्ष में चला जाता है, जो व्हाइट हाऊस के सभी नामांकनों को ब्लाक कर सकते हैं।

अंततः यदि रिपब्लिकन हाऊस पर अपना कब्जा कर लेते हैं, तो इससे ट्रंप द्वारा समर्थित उम्मीदवार आगे बढ़ेंगे, जिन्होंने कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की वैधता को नकारा था। इसके अलावा लोअर चैंबर द्वारा बाइडेन के व्हाइट हाऊस के व्यवहार के लिए जांचों के द्वार भी खोल दिये जायेंगे। क्या यह मध्यावधि चुनाव अमेरिका के लिए गेमचेंजर साबित होंगे?




**अमेरिका चाहता है कि रूसी क्षेत्रीय विस्तार के खिलाफ कीव की मदद की जाये। इसके विपरीत केविन मैकार्थी जैसे कुछ रिपब्लिकन अमेरिकी कांग्रेस के खिलाफ हैं। यूक्रेन को अमरीकी मदद के लिए उन्होंने इसे एक यूक्रेन को दिया जाने वाला 'ब्लैंक चेक' बताया है।**

## जमशेदपुर की खबरें

### सीएम ने जमशेदपुर में 2320.72 करोड़ की 230 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# जनता को योजनाओं से जोड़ कर बना रहे सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने 1 लाख 63 हजार 375 लाभुकों के बीच 245.27 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया वितरण**

**महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज एवं अस्पताल, जमशेदपुर में 500 बेड के नये अस्पताल भवन की रखी आधारशिला**

**मानगो पुल-सह-फ्लाईओवर का शिलान्यास, जमशेदपुर-सरायकेला- खरसावां को जोड़ते हुए बाईपास निर्माण की भी घोषणा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए गांवों में बुजुर्गों की पुरानी और पारंपरिक व्यवस्था को फिर से विकसित करना है। जहां हर घर में पशुधन उपलब्ध होता था। पशुपालन से घर में ही दूध, दही, मुर्गा, मीट अंडा प्राप्त हो जायेगा। इससे खासकर महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर कर सकेंगे। वे सोमवार को गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाये गये, जहां पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जनकल्याकारी योजनओं से लाभान्वित कराया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जमशेदपुर की जनता के लिए नए बाईपास का निर्माण करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जल्द ही अधिकारियों के साथ मिलकर जमशेदपुर से सरायकेला-खरसावां को जोड़ते हुए एक बाईपास की बड़ी परियोजना तैयार करने का काम किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है, जिससे वे इतने सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी हो जाएंगे कि सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदानित राशन लेने की आवश्यकता भी उम्मीद नहीं लेनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए सरकार योजनाएं तैयार कर रहीं है। आगामी 15 नवम्बर (झारखंड स्थापना दिवस) के दिन माननीया राष्ट्रपति इन योजनाओं का शुभारंभ करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य की बच्चियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है, जिसके तहत उनके 18 वर्ष पूरे होने पर 40 हजार रुपये एवं उनके उच्चतर शिक्षा के लिए सरकार सहायता करेगी।

**नये अस्पताल भवन के निर्माण पर लगभग 4 अरब होंगे खर्च :** मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएम) परिसर में 500 बेड की क्षमता वाले नए अस्पताल भवन की आधारशिला रखी। इसके निर्माण पर 4 अरब 18 करोड़ 34 लाख 91 हजार रुपये खर्च होंगे। इसके चालू होने से इस इलाके के मरीजों को बेहतर इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध होगी।

**योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुल 474.78 करोड़ रुपये की लागत से मानगो पुल-सह-फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया इसकी लंम्बाई 4.02 किलोमीटर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा कुल 2320.72077 करोड़ रुपये की लागत से 230 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया । जिसमें कुल 282.451 करोड़ रुपये की लागत से कुल 158 महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं कुल 38.269 करोड़ रुपये की लागत के कुल 72 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं कुल 1,63,375 लाभुकों के बीच कुल 245.2773 करोड़ रुपए की राशि का वितरण किया गया।

**मौके पर ये रहे उपस्थित :** कर्यक्रम में मंत्री संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, आलमगीर आलम, मंत्री श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, आदिवासी कल्याण चंपाई सोरेन, मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग बन्ना गुप्ता, विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी, विधायक बहरागोड़ा समीर कुमार मोहंती, विधायक पोटका संजीव सरदार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव हिमानी पांडे, सचिव सुनील कुमार, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोल्हान प्रमंडल अजय लिंडा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# टाटानगर स्टेशन से विदेशी नस्ल के 28 सांप, 300 मकड़ी, 12 गिरगिट जब्त, कीमत 100 करोड़ से ज्यादा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटानगर आरपीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 12875 नीलांचल एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे से पुणे निवासी महिला तस्कर देवी चंद्रा (52 वर्ष) को पकड़ा। इसके पास से विदेशी नस्ल के 28 सांप, 12 गिरगिट, 300 मकड़ी और आठ सिंग वाले कीड़े जब्त किये। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करोड़ों रुपये के बतायी जा रही है। महिला तस्कर नागालैंड के दीमापुर से जब्त माल लेकर निकली थी और उसे नीलांचल एक्सप्रेस से नयी दिल्ली पहुंचना था। जहां उसे तस्करों को ये डिलीवरी देनी थी। टाटानगर आरपीएफ के निरीक्षक संजय कुमार तिवारी ने बताया कि शाम सात बजकर 22 मिनट पर प्लेटफार्म संख्या तीन पर जैसे ही नीलांचल एक्सप्रेस टाटानगर पहुंची। आरपीएफ उड़नदस्ते की टीम ने जनरल डिब्बे की सघन तलाशी ली और महिला सांप तस्कर को धर दबोचा। सभी सांप को अलग-अलग प्लास्टिक के डिब्बों में बंद बड़े से बैग में रखे गये थे। देर रात वन विभाग के अधिकारियों को बुलाकर सभी सांपों को हैंडओवर किया जा रहा है। आरपीएफ निरीक्षक के अनुसार सभी सांप विदेशी नस्ल के हैं। आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि महिला तस्कर से गहनता से पूछताछ हो रही है। साथ ही तस्कर गिरोह के सदस्यों के नाम, महिला कब से इस गिरोह में सक्रिय है, नयी दिल्ली में उन्हें किस गिरोह को सांप हैंडओवर करना था, जैसे विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है।

### अंतराष्ट्रीय बाजार में एक सांप की कीमत 25 करोड़ रुपये तक

टाटानगर आरपीएफ की टीम ने महिला तस्कर से जब्त जो सांप पकड़े हैं। उनमें दो प्रजातियों के (सीरियल बोआ स्नैक व एलविनो पाइथन) सांप ऐसे हैं जिनकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। कुल तीन सांप महिला के पास से जब्त किये गये हैं। सीरियल बोआ स्नैक व एलविनो पाइथन की प्रजातियां दक्षिण व मध्य अफ्रीका में पाये जाते हैं। सफेद, पीले, नारंगी रंगों में पाए जाने वाले ये सांप तीन से पांच फीट के होते हैं। इनके आंखों का रंग गुलाबी व लाल होता है। इसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये होती है। इसके अलावा जब्त माल में 300 विदेशी नस्ल के मकड़ियां भी जब्त किये गये हैं। जिन्हें होमियोपैथी दवा के डिब्बों में एक-एक मकड़ी को पेशेवर तरीके से पैक करके रखा गया है। ये सभी मकड़ियां काफी जहरीली प्रजाति की हैं और ये नस्ल भारत में नहीं पाये जाते हैं। इसके अलावा नौ यूरोपियन रायनो सेरोस बिटल भी पकड़े गये हैं जिन्हें देखने से सिंग वाले कीड़े जैसे दिख रहे हैं। उड़नदस्ते में आरपीएफ की सब इंस्पेक्टर अंजुम निशा, घाटशिला आरपीएफ सब इंस्पेक्टर पी सेनापति, उनके दो जवान, सीआइबी, जीआरपी की टीम शामिल थी।

# मुख्यमंत्री की पहल पर जुगसलाई विधानसभा को मिली करोड़ों विकास परियोजनाओं की सौगात : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जुगसलाई विधानसभा के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट की। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि झारखंड के विकास पुरुष व राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जुगसलाई विधानसभा को विकास परियोजनाओं की जो सौगात दी है, उसके लिए तमाम जुगसलाई विधानसभा वासियों की ओर से उनका धन्यवाद करते है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा विधानसभा क्षेत्र के जब भी किसी भी विकास योजना को लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचे, उन्होंने कभी मुझे निराश नहीं किया। उन्होंने हर संभव संज्ञान में लेकर सभी योजनाओं की स्वीकृति दिलायी है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रदेश को ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी उसमें अड़चनें पैदा कर रही है। लेकिन मुख्यमंत्री बिना घबराये राज्य को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए लगातार विकास कार्यों को धरातल पर उतार रहे है।

विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में आजादी के बाद आज तक कई सरकार आयी गयी, लेकिन सड़क नहीं बनी। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन साल की कार्यकाल में ग्रामीणों की मांग पर देश आजादी के 75 वर्ष के बाद योजना की स्वीकृति दे दी। आज सड़क बनने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री के प्रयास से आपकी सरकार आपके योजना आपके द्वार शिविर के तहत जिन्होंने कभी सोचा ही नहीं, वैसे राज्य के हजारों हजार जरूरतमंद ग्रामीणों को आज राहत मिल रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खेल के विकास के लिए युवा आत्म निर्भर बनें : मंत्री मिथिलेश ठाकुर



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के रंका प्रखंड अंतर्गत स्व. फेतल सिंह खरवार की स्मृति में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन क्षेत्र के स्थानीय विधायक तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने करते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं के विकास के लिए यहां युवकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस तरह का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसके पूर्व सिरोई खुर्द पंचायत मुख्यालय में स्व. गोवर्धन सिंह खरवार की स्मृति में भी फुटबॉल मैच कराया गया था। इसी बहाने रोजगार से जोड़ने के लिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार जगह-जगह प्रयास कर रही है। युवा आत्मनिर्भर बनें इसके लिए युवा एवं कौशल विकास की ओर से जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक कार्यक्रमों की आधारशिला रखी जा रही है। उन्होंने कहा युवा आत्मनिर्भर बनें और अपने बाहुबल से समाज का सृजन करें। इस अवसर पर कमेटी को सहयोग राशि के रूप में 40 हजार रुपये प्रदान किये। इस अवसर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, कार्तिक पांडेय, दीपक कुमार सोनी, मुमताज अली रंगसाज, इरफान अंसारी, संजय सिन्हा, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अंसारी, पप्पू यादव, अरविंद कुमार सोनी, छोटू कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, संजय कुमार छोटू, देवेन्द्र तिवारी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद् ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दी परिषद् के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय हिन्दी परिषद् के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं संस्थापक हृदय नारायण मिश्रा एवं संतोष कुमार पाठक, राष्ट्रीय सचिव संपूर्ण भारत भूपेन्द्र नाथ पाण्डेय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा, डा. रमेश चंचल एवं सभी पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। हृदय नारायण मिश्रा चेयरमैन एवं संस्थापक ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए जनमानस को सजग होने के लिए कहा। सम्मान समारोह के अन्तर्गत नारी शक्ति सम्मान दमयंती कुमारी, दीपा कुमारी, सुषमा ठाकुर, डा. भारती सिंह, सरगम गौरव को प्रदान किया गया। मौके पर शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय, डॉ रमेश चंचल, दीपा कुमारी, कंचन साहू एवं अन्य विद्वानों ने हिन्दी के महत्व को बताते हुए इसे राष्ट्र भाषा बनाने की बात कही। राम प्रवेश पंडित ने सरस्वती वंदना, हिन्दी कविता का सस्वर पाठ किया। जयशंकर राम ने सुन्दर गीत गाया। कार्यक्रम के अन्तर्गत ओम प्रकाश चौधरी अध्यक्ष जिला गढ़वा, पवन कुमार गुप्ता अध्यक्ष जिला पलामू एवं अंतरराष्ट्रीय हिन्दी परिषद् के सभी पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विनोद चतुर्वेदी, धनंजय तिवारी, सूर्य जीत पाण्डेय, छत्तीसगढ़ से कुंज बिहारी पाण्डेय, जयंती, दया, नीरज कुमार, राम प्रवेश पंडित, माया, गंगेश पाण्डेय, रविन्द्र नाथ पाण्डेय, हिन्दी प्रेमी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा टीम ने स्कूलों में चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**गढवा (आजाद सिपाही)।** जिला अंतर्गत उत्क्रमित हाई चितबिश्राम एवं उत्क्रमित हाई स्कूल हलमाता नगर उंटारी में सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा, तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रति वर्ष देश में तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष की नहीं होती सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा एवं सड़क अभियान्त्रिकी विश्लेषक विनय तिवारी मौजूद थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** अमर बाउरी ने गढ़वा जिले की दलित बस्तियों एवं अनुसूचित जाति छात्रावास का किया निरीक्षण, कहा

# कुछ लोग बाबा साहब की फोटो रख कर समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं

**भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला भाजपा सभी बीस प्रखंड मुख्यालयों में करेगी आंदोलन : ओमप्रकाश केसरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह चंदनकियारी के विधायक अमर कुमार बाउरी ने अपने पलामू प्रमंडल प्रवास के दौरान गढ़वा जिले के कई दलित बस्तियों एवं अनुसूचित जाति विशेष के लिये बनाये गये छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात स्थानीय आरकेवीएस बीएड कॉलेज में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष कमान के निर्देश पर देश भर में 75 हजार दलित बस्तियों में भाजपा अपना सघन अभियान चलाकर उन बस्तियों में रहने वाले लोगों का हाल जानना चाह रही है। उन्होंने कहा कि इसी कार्यक्रम के तहत झारखंड के 75 सौ तथा गढ़वा जिले के 100 दलित बस्तियों का दौरा कर वहां रहने वाले लोगों की परिस्थितियों का हाल जानेगी। सरकारी योजनाओं का लाभ दलित परिवारों को मिल रहा है कि नहीं, इस पर भाजपा का खास फोकस है। प्रेसवार्ता में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कुछ तथाकथित लोग बाबा साहब भीमराव अंबेदकर का फोटो रखकर समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। इस प्रकार कुछ लोग वैचारिक रूप से समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। यह चिंता का विषय है। ऐसे लोगों से सजग और सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दलितों के उत्थान के लिये कई योजनाएं चला रखी है। लेकिन हेमंत सरकार दलित विरोधी सरकार है। दलितों की अनदेखी हमेशा से करती रही है यह सरकार। उन्होंने कहा कि झामुमो, आरजेडी, कांग्रेस हमेशा से दलित विरोधी रहे हैं। इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। झामुमो सरकार ने आज तक अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया जो इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में आने के बाद दलितों के जीवन में काफी बदलाव आया है। प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल के दौरान दलितों की हजारों बस्तियां सड़क, पानी और बिजली से जगमगाई हैं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। गरीबों को मोदी सरकार गैस कनेक्शन देकर अमीरी और गरीबी की खाई को पाटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अंत्योदय प्रयास है कि बाबा साहब के मूल्यों को सभी दलितों को अवगत कराना।

प्रेसवार्ता में बोलते हुए जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि झामुमो सरकार की कार्यशैली से त्रस्त होकर जनता बदलाव चाहती है। इसी को लेकर जिले के सभी बीस प्रखंड मुख्यालायों में तिथिवार धरना कार्यक्रम के पश्चात जिलास्तरीय भाजपा जोरदार आंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता में भाजपा अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला महामंत्री सुरेंद्र राम, भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे, विवेकानंद तिवारी, रीतेश चौबे, चंदन जायसवाल, धनंजय तिवारी सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

**झामुमो सरकार में दलितों की स्थिति बदतर हो चुकी है : अलखनाथ पांडेय**

मौके पर बोलते हुए भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि झामुमो सरकार में कमजोर वर्ग की महिलाओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रसव के लिये सदर अस्पताल आने वाली महिलाओं को रेफर कर दिया जा रहा है। जबकि ये महिलायें स्थानीय निजी अस्पतालों में जाकर किसी तरह अपनी जान बचा रहीं हैं। झामुमो सरकार की कार्यशैली पर उंगली उठाते हुए उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव है। भ्रष्टाचार सारी सिमायें लांघ चुका है। रंका में दलितों की सरेआम पिटाई की गयी। राज्य सहित गढ़वा अशांत हो चुका है। झामुमो सरकार से लोग त्रस्त हो चुके हैं लोग इससे निजात चाहते हैं।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करने पहुंची सीआरएम की टीम ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण



**सीआरएम टीम ने सिविल सर्जन कार्यालय में बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में की चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करने के लिए केंद्र से कामन रिव्यू मिशन की सात सदस्यीय टीम ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। केंद्र से आयी सीआरएम टीम में शामिल एनसीडीसी के उप निदेशक डा. पुरभाषा बेरा, डा. डीके यादव, डा. पल्लवी सिंह, शत्रुघ्न ठाकुर, डा. रितेश कुमार, डा. विनीता धनकर व डा. ओसामा शामिल हैं। जबकि टीम के साथ राज्य से भी 12 अधिकारी आये हैं। टीम के सदस्य अगले 10 नवंबर तक जिले के सरकारी अस्पतालों में जाकर निरीक्षण करेंगे। सीआरएम टीम ने सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चर्चा की। इसके पश्चात टीम के सदस्यों ने सदर अस्पताल पहुंचकर सभी विभागों का जायजा लिया। इस दौरान सीआरएम टीम के सदस्यों ने साफ-सफाई से लेकर बायोमेडिकल वेस्ट के रखने के लिए डस्टबीन, कई विभागों के लिए साइनेज आदि को लेकर सवाल उठाये। साथ ही मरीजों से इलाज व दवा आदि के बारे में पूछताछ की। इस दौरान एसएनसीयू में रखे गए नवजात शिशुओं के स्वजनों ने बाहर अपने पैसे से दवा खरीद कर लाने पर ही इलाज होने की शिकायत की। जबकि टीम के सदस्यों ने डिलेवरी रुम में साफ सफाई रखने तथा नवजात बच्चों को पहचान के लिए हाथ में बैंड नहीं लगाये जाने को लेकर सवाल उठाए। साथ ही नवजात बच्चों के हाथ में माइक्रोटेप नहीं लगाने की भी नसीहत दी। इस दौरान गाइनी विभाग में मौजूद चिकित्सकों से भी इलाज के तौर तरीके को लेकर पूछताछ की। जबकि ओपीडी के निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों ने हड्डी रोग व सर्जरी विभाग के एक साथ संचालित होने को लेकर सवाल उठाए। साथ ही आंख व इनएनटी विभाग के एक साथ संचालित होने को लेकर भी आपत्ति जतायी। मौके पर सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, डीटीओ डा. कमलेश कुमार, उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह, डा. केएल सहगल, सर्जन डा. अमित कुमार, डा. शुभ्रा जयंत पवार, अस्पताल प्रबंधक एसएन पांडेय, बीभीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरकार की योजना से लाभान्वित व्यक्ति मिल रही राशि व अधिकार का सदुपयोग करें एवं सशक्त बनें : उपायुक्त

**रमना प्रखंड के कर्णपुरा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के द्वितीय चरण के तहत रमना प्रखंड के कर्णपुरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला परिषद अध्यक्ष, शांति देवी, प्रखंड प्रमुख, करुणा सोनी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ललित प्रसाद सिंह, अंचल अधिकारी, सतीश सिन्हा, पंचायत मुखिया अजीत कुमार पांडेय आदि ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में उपायुक्त, गढ़वा रमेश घोलप ने भी शिरकत की, जिनका स्वागत बुके देकर किया गया। उपायुक्त गढ़वा श्री घोलप ने मंच से आम नागरिकों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम की महता के बारे में बताया। उपायुक्त श्री घोलप ने शिविर में आये लोगों को अपनी आवश्यकता अनुसार योजनाओं का चयन कर लाभ लेने हेतु आवेदन संबंधित स्टॉल पर जमा करने को कहा। उन्होंने कहा योजना से लाभान्वित व्यक्ति योजना के तहत मिल रही राशि व अधिकार का सदुपयोग करें एवं सशक्त बनें। साथ ही उन्होंने संकल्प करने को कहा कि 18 वर्ष से पूर्व शादी नहीं करें। कम से कम 12वीं तक की शिक्षा अवश्य प्राप्त करें एवं 18 वर्ष की उम्र पूरी कर लेने के बाद ही शादी के बारे में सोचें।

शिविर में आवेदकों द्वारा किए गए आवेदन को अधिकाधिक निष्पादित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के तहत सांकेतिक रूप से कुछ लोगों को प्रमाण पत्र एवं संपत्तियों का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस अंतर्गत फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत सविता देवी को 20 हजार का चेक प्रदान किया गया। सामुदायिक निवेश निधि के तहत 34 समूहों के बीच संध्या देवी एवं रेखा देवी को 35 लाख 50 हजार रुपये का बैंक ऋण के चेक प्रदान किए गए। दीदी बाड़ी हेतु रेवती देवी, फुला देवी, रेजा देवी, रीता देवी आदि को कार्यदेश प्रदान किया गया। प्रमिला देवी को दिव्यांग पेंशन एवं संजय पाठक को वृद्धवस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र दिया गया। कविता देवी, ममता देवी एवं माया देवी को मौके पर ही ट्राईसाइकिल प्रदान किया गया, जबकि सिबतैन रजा को व्हील चेयर प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शिव कुमार चंद्रवंशी व रविन्द्र गुप्ता को स्वीकृति पत्र दिया गया। कुल 12 छात्राओं को सांकेतिक रूप से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभान्वित किया गया, जिसमे सैदून खातून, अंजनी कुमारी, सबरुन खातून, चांदनी कुमारी, विभा कुमारी, निशा कुमारी आदि शामिल हैं। उपायुक्त ने स्टॉलों का बारी-बारी से निरीक्षण किया एवं आवेदन स्वीकार करने तथा निष्पादन करने संबंधी दिशा निर्देश दिये।

### पूर्व नपं अध्यक्ष ने पेयजल समस्या का लिया जायजा

**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** मंझिआंव नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4 में लोगों को हो रही पेयजल की समस्या को देखते हुए निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने वहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पेयजल की संकट के समाधान की दिशा में संबंधित विभाग से चापाकल और जलमीनार मरम्मत करने का आग्रह किया। पूर्व अध्यक्ष के साथ संजीत तिवारी, संजय कमलापुरी, कृष्णा ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/ कोटेशन आमंत्रण शुद्धि सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–4069 (अनु०) दिनांक 29.10.2022 पी०आर०संख्या–281064(भवन) 2022–23 D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–33/2022–23 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 09-11.2022 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं प्राप्ति दिनांक 10-11.2022 को 3.00 (तीन) बजे तक है, के क्रमांक 1 एवं 6 को अपरिहार्य कारणों से निविदा स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 281695 Building(22-23).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–21/2022–23

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम — कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 16..11.2022 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 17.11.2022 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.11.2022 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Block –A Officer Flat Located Near D.V.C Chowk at Hazaribag | 2651650/- | 54000/- | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 281642 Building(22-23)D


**बैठक :** गढ़वा जिला बसपा के जिला स्तरीय संगठन की समीक्षा बैठक में झारखंड प्रदेश प्रभारी अतर सिंह राव ने कहा

# पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ठान लें तो झारखंड में भी अपनी सरकार होगी

**कार्यकर्ताओं को लोक सभा चुनाव के लिए कमर कस लेने का दिलाया गया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग परिसर में रविवार को गढ़वा जिला बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय संगठन की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी सह यूपी विधान परिषद में पार्टी के मुख्य सचेतक अतर सिंह राव, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार राम, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, गिरजानंदन उरांव, गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वीरेन्द्र साव, पूर्व जिला अध्यक्ष बिगू राम, रामाशीष राम, रामचंद्र राम, संगवरिया पंचायत के मुखिया संजय राम ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं बसपा के संस्थापक कांशी राम की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक की शुरुआत की।

समीक्षा बैठक में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतर सिंह राव ने कहा कि संगठन ही पार्टी का रीढ़ होता है। संगठन के बल पर देश के बड़े राज्य में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री बहन कुमारी मायावती चार बार मुख्यमंत्री बनीं, तो देश का प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन सकती हैं? पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ठान लें तो झारखंड में भी अपनी सरकार होगी और बहन जी देश की प्रधानमंत्री होंगी। उन्होंने संगठन के मजबूती पर जोर दिया। साथ ही लोक सभा चुनाव के लिए कमर कस लेने का संकल्प दिलाया। साथ ही कहा कि जो पार्टी के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए हैं उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण लिया जाये। जवाब संतोषजनक नहीं देने पर पार्टी के नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष अरुण कुमार राम, गिरजानंदन उरांव, मनीष सिंह, वीरेन्द्र साव ने पार्टी के संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

समीक्षा बैठक में जिला महासचिव सुनेश्वर राम, सुधीर कुमार बैठा, गिरीश पांडेय, काशी राम चंद्रवंशी, सचितानन्द पासवान, गौतम कुमार, देवनाथ राम, पूर्व मुखिया जरही यमुना प्रसाद रवि, देवनाथ राम, सीता राम, लखन राम, सुरेंद्र राम, डॉ कमलेश राम सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता शामिल हुए। समीक्षा बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चंद्रवंशी के द्वारा किया गया।


जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 13/2022–23
2nd Call

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 16.11.2022 को (अपराह्न 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 17.11.2022 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 18.11.2022 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान: जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रनियाँ प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत खटखूरा के ग्राम खटखूरा में तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | 15,54,880.00 | 31,100.00 | 5000.00 | 01 माह |
| 2 | मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत गोड़ाटोली के ग्राम डोल्डा में तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | 15,58,950.0 | 31,200.00 | 5000.00 | 01 माह |
| 3 | खूँटी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत तिलमा के ग्राम हाटिंगचौली में तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | 16,91,210.00 | 33,900.00 | 5000.00 | 01 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 281681 District(22-23)D

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो: रवि डे



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के समाजसेवी रवि कुमार डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सरकार से मांग किया है कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिये पत्रकार सुरक्षा कानून अविलंब लागू करें। क्योंकि आये दिन जिस प्रकार से पत्रकारों पर जानलेवा हमला हो रहे हैं। इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कमजोर हो रहे हैं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ अगर मजबूत नहीं होती है, तो जनता पूरी तरह असहाय महसूस करेगा क्योंकि लोकतंत्र में पत्रकार ही ऐसा जगत है। जो जनता को सुलभ तरीके से हर जगह मिल जाते हैं और अपनी बात को टीवी चैनल अखबार के माध्यम से सभी लोगों को बताने का काम करते हैं। बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि बालूमाथ के वरिष्ठ पत्रकार जावेद अख्तर पर असामाजिक तत्वों के द्वारा राइफल से हमला कर दिया गया। वही श्री अख्तर बाल-बाल बच गये घटना के तुरंत बाद ही बालूमाथ की पुलिस और हेरंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के तत्परता से अपराधी को राइफल इनोवा गाड़ी सहित पकड़ लिया है। बालूमाथ पुलिस और हेरहंज पुलिस को मैं बधाई देना चाहता हूं और अपराधियों को जांच के उपरांत कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई दी जाये। जिससे आने वाले समय में पत्रकारों पर हमला करने वाले लोगों को सबक मिले जिससे हमारा समाज पुलिस पर हमेशा की तरह गौरवांवित महसूस करेगा। मैं लातेहार एसपी से इस घटना के बाद कहना चाहता हूं कि जिला के सभी पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराया जाये। जिससे लातेहार जिला भयमुक्त बना रहे। वरिष्ठ पत्रकार के ला के बाद लातेहार जिला एआइएसएम संगठन लोगों ने भी चंदवा के पथ निर्माण विभाग के प्रांगण में एक बैठक की बैठक में जिला के सभी पत्रकारों को सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। लातेहार पुलिस प्रशासन से भी आग्रह किया है कि वरिष्ठ पत्रकार जावेद अख्तर के हमलावरों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये और बाकी पत्रकारों को भी सुरक्षा पर ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर बबलू खान, रोशन कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, मुबारक आलम, मुमताज मून, शाहिद खान और अशरफ शामिल हैं।

## अभिजीत ग्रुप और एस्सार कंपनी से स्क्रैप भरा पिकअप वैन पुलिस ने पकड़ा

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड में अर्ध निर्मित दो पावर प्लांट स्थित है एक का नाम अभिजीत ग्रुप है वही दूसरे का नाम एस्सार पावर है दोनों कंपनी कोयला नहीं मिलने से लगातार दस से बारह साल से बंद पड़ी है। अब स्क्रैप्स कंपनी के लोगों से पता चलता है कि दोनों पावर प्लांट को सरकार स्क्रैप घोषित कर दी है जो स्थानीय के पास लिखित कोई आवेदन नहीं दिखाया जाता है। स्क्रैप कंपनी के द्वारा जिससे पावर प्लांट में काम करने वाले स्थानीय वर्कर आंदोलनरत हैं और कुछ आसपास के लोग प्लांट से लोहा चोरी कर बड़े कबाड़ी खाना में बेचने का काम करते हैं। इसी दौरान गत रात्रि को बालूमाथ निवासी प्रदीप साहू उर्फ पुटूल साहू, जगन्नाथ साहू की पिकअप वैन गाड़ी को प्लांट से लदा कहां की गाड़ी को पुलिस ने धर दबोचा कांड संख्या 124/22 है। वही पिकअप हैंड रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच13एच,7487 है। वही सूचना है कि हर रोज छोटे-बड़े गाड़ी एस्सार कंपनी और अभिजीत ग्रुप कंपनी से 5 से 10 छोटी बड़ी गाड़ी से हर रोज लोहे की चोरी कर बेची जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्य लगभग 2 सालों से चली आ रही है पुलिस कभी कभार कुछ गाड़ी को पकड़ती है और बाकी गाड़ी को नजरअंदाज कर दी जाती है। वही दोनों कंपनी में अलग-अलग स्क्रैप कंपनी भी बिना कोई कागजात के सेटिंग के माध्यम से बड़े पैमाने पर स्क्रैप ढोने का काम कर रही है वहीं प्रशासन मुख दर्शक बनकर बैठी हुई है।

## नशा के कारण घर परिवार हो रहा बर्बाद: अरविंद कुशवाहा



**पांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत लोअर पांडू में गांव को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज सोमवार को ग्रामीण गोलबंध हुए। बताते चलें कि इस लोवर पांडू गांव में शराबियों का आतंक कुछ ज्यादा ही बढ़ गया था, इस गांव में शराबियों की अड्डा बाजी चलती थी। यहां के लगभग दुकानों में शराब बेचा जाता था। आये दिन लोग शराब पीकर अपने घर में मारपीट, तोड़-फोड़ किया करते थे। जिसे देखते हुए पांडू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी ने ग्रामीणों के साथ शराबबंदी की पहल की। सैकड़ों महिला-पुरुष विशाल रैली की शक्ल में गांव में घूम -घूम कर लोगों को समझाया एवं शराब बेचने एंव पीने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध की बात कही। उन्होंने कहा शराबियों के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। गांव के नशेड़ीयों के संपर्क में आकर बच्चे प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों ने एकजुटता के साथ कहा अब इस गांव में कोई भी लोग शराब ना बेच पाएंगे और ना पी पोयेंगे। कोई भी लोग इस गांव के अंदर शराब बेचते या पीते पकड़े गए तो उसे ग्रामीणों के द्वारा सख्त से सख्त सजा दी जायेगी। इस कार्य के लिए महिलाओं में काफी जागरूकता देखी गई इस गांव के सैकड़ों महिलाओं ने शराब बंद कराने के लिए आगे आयी। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि अरविंद कुशवाहा,उप मुखिया चंदन मेहता, लखन राम, उदल चंद्रवंशी , उमेश शर्मा, जनेस्वर पासवान, बबन महतो, डॉ जगदीश मेहता, पारस शर्मा, सरिता देवी, रेणु देवी, प्रेमा देवी, इंदु देवी के साथ - साथ सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## महादेव मंडा स्थल पर जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक की लापरवाही , आक्रोश

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित चंदवा गढ़गांव में महादेव मंडा स्थल का जीणोद्धार कार्य पर्यटन विभाग के तत्वधान में जिला परिषद के निगरानी में 25 लाख की लागत से जीणोद्धार कार्य संवेदक के द्वारा किया जा रहा है। जीणोद्धार कार्य में संवेदक की काफी मनमानी होने पर आनन्द खेरवार, सूरज सिंह,विजय खेरवार, बंधइन उराइन, मनमैत देवी, अजय लोहरा, अनुज खेरवार, सत्यनारायण ठाकुर, बिनीत खेरवार, विजय खेरवार सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा किस विभाग से निर्माण कार्य चल रहा है। कितने की लागत से हो रहा है। जिसकी जानकारी किसी ग्रामीण को नही है। संवेदक मनमानी ढंग से कार्य कर रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि महादेव मंडा चंदवा गढ़गांव स्थित पहाड़ में 12 सौ फीट पहाड़ ऊपर गुफा में प्राचीन शिवलिंग का पूजा अर्चना एवं दर्शन के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण के अलावे अन्य जिला प्रखंड से पूजा के लिये भक्तों का आने जाने का तांता लगा रहता है।

### लोहरदगा में नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में बरामद

# छापामारी में जब्त डीएपी प्रथम दृष्टया नकली : इएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बाजार में किसानों को नकली डीएपी खाद बेचने की शिकायत मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद लाल के निर्देश पर ग्रामीण बाजारों में छापामारी किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य, सशस्त्र बलों की टीम सोमवार को सेन्हा थाना क्षेत्र के ईटा बरही बाजार में छापामारी किया। इस दौरान बरही बाजार में स्थित जीतराम साहू के खाद दुकान में नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में जब किया गया। दुकान से जप्त नकली डीएपी को जप्त कर जांच के लिए कृषि विभाग के लैब भेज दिया गया। जांच टीम ने हिरासत में लेकर जीतराम साहू पर दबिश डाला तो उसने खाद होलसेलर का नाम बताया। जांच टीम ने भंडरा बेदाल स्थित होलसेलर इंद्र साहू के यहां भी छापा मारा। इंद्र साहू के गोदाम पर रखा गया इफको कंपनी का फर्जी खाद 3 मैट्रिक टन और पारस लिखी नकली डीएपी खाद को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया। जांच में फर्जी डीएपी मिलने के बाद एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने जिला कृषि पदाधिकारी को 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।



### कंकड़, पत्थर की रंगाई कर इसे डीएपी खाद बनाकर बेचा जा रहा

**इस संदर्भ में जांच अधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी ने कहा कि छापामारी में मिला खाद का पैकेट प्रथम दृष्टया नकली है। कंकड़, पत्थर को रंगाई कर इसे डीएपी खाद बनाकर बेचा जा रहा था। कहा कि स्थानीय किसान बाजार में नकली डीएपी मिलने कि शिकायत लगातार कर रहे थे। किसान धान की खेती में नकली डीएपी खरीद कर डालने के बाद अब किसान फसल खराब होने को लेकर सशंकित है। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन संवेदनशीलता से नकली खाद बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।**

## केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त: निजामुद्दीन




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार के गलत नीति एव देश में बढ़ते महंगाई के विरोध में सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय के नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू के जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन कुरेशी, संगठन प्रभारी सह प्रदेश सचिव यशवंत सिंह ने किया। वही सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैशी ने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदेश जनता दल ( यूड्ड ) चिंता व्यक्त करती है और केंद्र सरकार के द्वारा इस विषय पर विभिन्न तरीकों से इसका उपहास उड़ाने एव कोई प्रभावी निर्णायक कदम ना उठाने की निंदा करती है। केंद्र में बैठी सरकार जो हर साल दो करोड़ नौकरी देने के वायदे पर कायम नहीं है। उनके वायदे के आलोक में 16 करोड़ नौकरी मिलने के बजाय लाखों युवकों ने नौकरी गंवाई है। केन्द्र की सरकार रोजगार देने के बजाय सरकारी उपकर्मो प्रतिष्ठानों के निजीकरण करने से घटते जा रहे रोजगार नए रोजगार का सृजन ना होना बेरोजगार नौजवानों के रोजगार देने के वादे को बाद में जुमला कहना वस्तुत बेरोजगारों का उपहास उड़ाने का काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती जा रही अप्रत्याशित महंगाई से आम जनता त्रस्त है केंद्र की नीतियों से चुनिंदा घराने मालामाल हो रहे हैं और आम जनता भूखों मरने को लाचार हो रही है पूर्व में महंगाई के मुद्दे को जोर-शोर से उठाने वाली सत्तासीन पार्टी आज सत्ता में बैठकर मौन है और इसकी पोषक बन चुकी है अमीर और गरीब के बीच की खाई निरंतर चौड़ी होती जा रही है जिसका जनता दल (यूड्ड) घोर निंदा करती है। आगे यशवंत सिंह ने कहा कि प्रजातांत्रिक चुनाव प्रणाली से जिन राज्यों में भाजपा सरकार बनाने से वंचित रहने पर अलोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल कर विधायकों की खरीद-फरोख्त या सरकारी एजेंसियों द्वारा दबाव बनाकर उन राज्यों में सरकार बनाने के जुनून को मूर्त रूप दिया है इस जुनून में केंद्र की सरकार ने अपने सहयोगी दलों को भी नहीं छोड़ा है भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान आने वाले समय में क्षेत्रीय दलों को समाप्त कर दिया जाएगा। मौके पर विनोद राम योगेंद्र सिंह खरवार प्रदीप कुमार अनिल नायक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चोरी का सामान बेचने और खरीदने वाले दोनों अपराधी: हरिऔध करमाली

**कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो थाना क्षेत्र में विगत दिनों लूटकांड में उपयोग मोबाइल खरीद कर स्तमाल करने के अभियुक्त को जेल भेजा गया था, जिसको लेकर लूट कांड के अनुसंधानकर्ता कैरो थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली के द्वारा आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर अभियुक्त को शनिवार को जेल भेजा दिया गया। पत्रकारों से बात करते हुए इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली ने बताया कि जैसे चोरी करना एक अपराध है। जिसमें आइपीसी के धारा 379 के तहत 3 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इसी तरह चोरी का सामान खरीदना या उसका इस्तेमाल करना भी एक अपराध ही है। काफी सारे लोग चोरी का सामान खरीद लेते हैं उन्हें यह नहीं पता होता है कि यह एक अपराध है। अगर आप कोई ऐसा सामान खरीदते हैं या इस्तेमाल करते हैं जिसके बारे में आपको पता है कि यह चोरी का सामान है तो उसको इस्तेमाल करना या खरीदना एक अपराध है। जिसमें आपको आइपीसी के धारा 411 के तहत 3 साल तक की सजा हो सकती है।

### मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र

# पुराने रिक्त बीटों पर विज्ञापन निकालकर नियुक्ति करने पर तत्काल रोक लगाये सरकार : कृष्ण दयाल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत, जिला शाखा लोहरदगा की विशेष बैठक सोमवार को समाहरणालय के समीप प्रदेश संयुक्त सचिव सह जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से चार सूत्री प्रस्ताव पारित किये गये। पारित चारों प्रस्तावों से संबंधित मांग पत्र मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम लोहरदगा उपायुक्त के माध्यम से दी गई। चार सूत्री मांग पत्र में कहा गया है कि सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 01 जनवरी, 1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत चौकीदार- दफादारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने के लिये तत्काल अध्यादेश जारी किया जाये या ग्राम- चौकीदार (संशोधन) विधेयक-2022 पारित किया जाय एवं पुराने रिक्त बीटों पर विज्ञापन निकालकर नियुक्ति करने पर तत्काल रोक लगायी जाय। (क) झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर एक चौकीदार नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है। इस मामले में नया बीट सृजित करके नये बीटों पर विज्ञापन निकाला जा सकता है। जिन चौकीदारों को एसीपी, एमसीपी का लाभ मिल गया है, उनका बकाया एरियर का भुगतान किया जाय और अभी तक जिन चौकीदारों को एसीपी अथवा एमएसीपी का लाभ नहीं मिली है, उनको भी विशेष रुची लेते हुए इसका लाभ तत्काल दिया जाय। इस बावत सभी अंचल पदाधिकारियों को कार्रवाई करने के लिये सरल निर्देश दिया जाये। झारखंड सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 5020 दिनांक 11/09/2017 का अनुपालन सख्ती से कराया जाये।



### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथलेश यादव, तेतार खान, जलील अंसारी, रबिरा देवी, शनिचरिया उरांव, प्रति उरांव, कृष्णा महतो, कलेश्वर महतो, अबुल खैर अंसारी, अनिल कुजूर, सुरेश उरांव, प्रकाश उरांव, सोमरा उरांव, पति उरांव, एजाज अंसारी, विष्णु उरांव, अनुज उरांव, हरदयाल उरांव, करमा उरांव आदि समेत बड़ी संख्या में दफादार चौकीदार मौजूद थे।

## मनिका में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/लातेहार।** थाना क्षेत्र में चार साल की अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार की देर शाम साढ़े सात बजे की बतायी जा रही है। घटना के संबंध में पीड़िता की मां ने बताया कि बच्ची मेरे पास कंधे पर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाले एक युवक मेरे पास आया और बच्ची को अपने घर ले गया। घर ले जाकर बेरहमी के साथ बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। मनिका थाना में पीड़िता के पिता ने आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए लातेहार भेज दिया गया। वहीं उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## शहीद शेख भिखारी फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुड्डु प्रखंड क्षेत्र के चीरी मैदान में उप प्रमुख सह जेएमएम नेता ऐनुल अंसारी द्वारा आयोजित चार दिवसीय शहीद शेख भिखारी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एजे स्टाइल ऐने बनाम जियो मैक्स नदिया के बीच खेला गया। जिसमें खिताब पर ए जे स्टाइल ऐने की टीम की कब्जा जमाया। उपविजेता जियो मैक्स नदिया की टीम रही। टूर्नामेंट के फाइनल समापन समरोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप कैरो जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव,प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी,अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह,इरशाद अंसारी,डॉक्टर याकूब अंसारी, अतिथियों का खेल मैदान मे आयोजन समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।उन्हें माला पहनाकर पगड़ी बांधकर एवं अंग वस्त्र देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल प्रतियोगिता शुरू किया गया। प्रतियोगिता में विजेता उप विजेता टीम को अतिथियों के द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों को भी फुटबॉल खेलने के प्रति आकर्षित करना चाहिए। बच्चे इंडोर गेम को छोड़ आउटडोर गेम के प्रति रुचि बढ़ सके काकी खेल प्रतियोगिताओं से शिवा में संघर्ष करने की क्षमता बढ़ती है लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी प्रतियोगिता के मौके पर प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दिया गया। कैरो जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में एकता और एकजुटता दोनों ही दिखाई देता है। सभी खिलाड़ी आपस में प्रेम भाव के साथ खेलते हुए कितना अच्छा लगते है। खेल से आपसी भाईचारे का संदेश भी मिलता है। अंचल अधिकारी प्रवीन कुमार सिंह ने कहा की खेल के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं जरूरत है इसे प्रोत्साहन देने की। मंच संचालन उप प्रमुख कुडू ऐनुल अंसारी ने किया मौके पर कुडू प्रमुख मुन्नी देवी, आयोजन समिति के अध्यक्षउप प्रमुख सह जेएमएम नेता ऐनुल अंसारी जेएमएम के समिद अंसारी, इरशाद अंसारी, मुखिया रामेश्वर लोहरा, जेएमएम नेता संजू तुरी, अब्दुल। जसीम अंसारी, कृष्णा उरांव, कलीम खान, अफरोज आलम, एजाज अंसारी, अनिल शर्मा, संदीप कांदरू, उरांव, अमान अंसारी, कुर्बान अंसारी, रेणु मैडम, प्रदीप उरांव, दिलीप उरांव आदि उपस्थित थे।

## एनएसएस के एडवेंचर कैंप में शामिल होंगी छात्रा: अनु कुमारी




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित बनवारी साहु महाविद्यालय की छात्रा उलगड़ा गांव की मनुवा राम और सरस्वती देवी की छोटी बेटी अनु कुमारी 10 नवंबर से 19 नवंबर तक अटल बिहारी वाजपेई इंस्टिट्यूट ऑफ मॉनिटरिंग एंड एलाइड स्पोट्र्स मनाली सोलन हिमाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के एडवेंचर कैंप में भाग लेगी।वह 7 नवंबर को हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हो चुकी है।महाविद्यालय के एनएसएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. नवल किशोर प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा अनु का चयन इस एडवेंचर कैंप के लिए किया गया है।यह कैम्प अटल बिहारी वाजपेई इंस्टिट्यूट ऑफ मॉनिटरिंग एंड एलाइड स्पोट्र्स मनाली सोलन हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया जायेगा। अनु की इस कामयाबी पर महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता एवं प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने शुभकामना देते हुए कहा कि अनु उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज और लातेहार जिले का नाम रौशन करेगी।

## स्थानीयता ही नियोजन का आधार बने: अमित पांडे



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के समीप माको डाक बंगला में सोमवार को आजसू पार्टी जिला कमेटी लातेहार कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी लाल गुडडू नाथ सहदेव उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडे के द्वारा किया गया। इस दौरान गुड्डू शाहदेव ने कहा कि एक तरफ सरकार 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति की बात करती है और दूसरी ओर मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट के सर्टिफिकेट को नियोजन का आधार बनाती है। यह राज्य की जनभावनाओं के साथ धोखा है। अगर सरकार को झारखंडियों की फिक्र है, तो प्रखंड स्तर पर नियुक्ति सुनिश्चित करे तथा स्थानीय नीति को ही नियोजन का आधार बनाए। आगे अमित पांडे ने कहा कि जातीय जनगणना के आधार पर आरक्षण सुनिश्चित करे सरकार, ट्रिपल टेस्ट कराए । पिछड़ों को उनका संवैधानिक अधिकार और वाजिब भागीदारी मिले, इसके लिए राज्य में जातीय जनगणना की निहायत जरूरत है। राज्य सरकार अपने स्तर से जातीय जनगणना कराने की पहल करे। जातीय जनगणना से हर व्यक्ति की सामाजिक,आर्थिक स्थिति का सही आंकलन संभव है तथा समेकित विकास की रूपरेखा तैयार करने, नीतियां बनाने का प्रमुख आधार भी है। जातीय आंकड़ें आरक्षण की सीमाएं तय करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। वही बैठक के दौरान नितेश कुमार पांडे को महुआडांड़ प्रखंड के प्रभारी बनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता नितेश कुमार पांडे, जिला प्रभारी सरवन पासवान, जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर, सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव यशवंत कुमार पासवान, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार दुबे, बालूमाथ अध्यक्ष शंकर उरांव, रुपेश उरांव, सोमनाथ पासवान, ज्ञान रंजन दास, अमित कुमार, शशांक शेखर पांडे, राकेश कुमार पासवान, नकुल राम, सिकंदर सिंह, रीना देवी, सुलेखा देवी, आरती देवी, उर्मिला देवी आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बांसडीह रोड में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**ज्यादातर लोगों ने स्वेच्छा से हटाया व कई संरचनाओं को जेसीबी से हटाया गया**

**कहीं भी बल प्रयोग करने की जरूरत नहीं पड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बांसडीह रोड में लोक मार्ग से अतिक्रमण हटाया गया। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में पूर्व में हुई नगर परिषद की समीक्षा बैठक के दौरान प्राप्त हुए निर्देश के आलोक में उक्त कार्रवाई की गई। गुमला नगर परिषद एवं सदर अंचल की संयुक्त टीम ने इस आम सड़क से अतिक्रमण हटाकर आवागमन को सुचारू करने के दृष्टिकोण से उक्त अभियान चलाया। सदर अंचल अधिकारी कुशलमय मुंडू ने बताया कि उक्त अभियान चलाने से पूर्व ही पर्याप्त समय देते हुए लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अनुरोध कर लिया गया था, इस पर ज्यादातर लोगों ने अतिक्रमण खुद से हटा लिया, किंतु जिन लोगों ने अतिक्रमण हटाने में आनाकानी की उनकी अवैध अतिक्रमित संरचनाओं को नगर परिषद की टीम द्वारा बलपूर्वक तोड़ दिया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि शहरी आवागमन को सुचारू रखना प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों का भी दायित्व है, इसलिए लोग आम रास्तों का अतिक्रमण न करें। कहा कि शहर को व्यवस्थित रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान में सदर अंचल की टीम का नेतृत्व अंचलाधिकारी ने किया जबकि नगर परिषद टीम नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा के नेतृत्व में मुस्तैद रही। मौके पर नगर परिषद के कर दारोगा, कनीय अभियंता तथा अंचल कर्मी एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# राशन डीलर की गाली गलौज से ग्रामीण एवं महिलाएं परेशान : भूषण भगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत मिशन बदलाव के भूषण भगत, राज कुमार, जितेश मिंज, पंकज चंद गोस्वामी, नंद लाल साहू, सईदा खातुन, लखन गोप और बिनोद साहू के नेतृत्व में कामडारा प्रखंड के कोनशा पंचायत के आरहरा गांव का दौरा किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शांति महिला मंडल के द्वारा जो अनाज का वितरण किया जाता है वह हमेशा पांच किलो काटकर दिया जाता है। जब कभी ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जाता है तो डीलर ग्रामीणों को धमकियां भी देते हुए कहता है कि आप लोग जो करना है कीजिये और ग्रमीणों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यहार भी करता है। पूरे ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त एवं बीडीओ को भी इन सभी मामलों को लेकर आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर हमेशा कहता है कि नीचे से ऊपर सभी को हमको देना पड़ता है इसलिये कटौती की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर कभी गांव में सही समय पर अनाज का वितरण नहीं करता है एवं पूरे गांव में आज तक राशन वितरण को लेकर हकवारी भी कभी नहीं करवाया। जब कभी गांव वाले कुछ भी बोलते हैं भड़क जाता है और हमेशा दबंगई दिखाते हुए कहता है जो करना है कीजिये। बैठक में ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन जिला आपूर्ति कार्यालय एवं उपायुक्त को सौंपने का निर्णय लिया है, जिसमें सभी ग्रामीणों के हस्ताक्षर होंगे। मिशन बदलाव के गांव चलो गांव बदलो अभियान में मिशन बदलाव कामडारा के प्रखंड सचिब जॉन टोपनो सिकनदर सिंह, जेम्श होरो, अनूप टोपनो, चन्किया बरला, प्रवीण टोपनो, प्रीतम टोपनो, संजीत हेमरोम, सुशीला हेमरोम, रामकिशोर चिक बड़ाईक, पड़वा बरला, सिलमनी बरला, फागुन बरला एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक 9 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक 9 नंवबर को पूर्वाह्न 11 बजे से पेंशनर प्रतिक्षालय में होगी। जानकारी देते हुए पेंशनर समाज के मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र 'सुमन' ने बताया कि इस बार की मासिक बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक यतीन्द्र कुमार सिंह सहित बैक कर्मी उपस्थित रहेंगे और पेंशनरों की समस्याओं को सुनते हुए अपना मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने मासिक बैठक में जिले के सभी पेंशनधारियों से ससमय उपस्थित होने की अपील की है।

**प्रकाश पर्व :** 'हो रही है तेरी जय जयकार, कल तारन गुरु नानक आया, मिटी धुंध जग चानन होया' से गूंजा शहर

# गुरु ग्रंथ साहिब की शाही सवारी के साथ पंज प्यारों के साथ निकला नगर कीर्तन

**सर्वधर्म सद्भावना मंच, विभिन्न सामाजिक व व्यावसायिक संगठनों ने जगह जगह पर किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं मानवता के प्रकाश पुंज श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर प्रकाशोत्सव के रूप में गुरुपर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष 2022 में गुरु नानक देव जी की 554वीं जयंती 8 नवंबर, मंगलवार को है। कोरोना के कारण पिछले दो साल से सामान्य रूप से मनायी गयी जयंती की जगह इस वर्ष गुमला की सिख संगत तथा नानक नाम लेवा श्रद्धालुओं के द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व की तैयारियों के लिए दिनांक 01 नवम्बर से ही विभिन्न कार्यक्रम तैयार किए गए हैं तथा पांच दिवसीय प्रभातफेरी रोज शहर के विभिन्न मार्गों में आयोजित हुई है। दिनांक 01 नवम्बर से लेकर 5 नवम्बर 2022 तक प्रतिदिन सुबह पालकोट रोड गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों पर गुरुवाणी के गायन के साथ भ्रमण करते हुए सरबत के भले की अरदास के बाद आज रविवार 06 नवम्बर को धूमधाम के साथ जशपुर रोड गुरुद्वारा से गुरु ग्रंथ साहिब की शाही सवारी के साथ पंज प्यारों तथा चार साहिबजादों की अगुआई में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जो जशपुर रोड से पटेल चौक होते हुए मेन रोड, टावर चौक से गुजरकर पालकोट रोड अवस्थित गुरुद्वारा पहुंचा। इस अवसर पर सर्वधर्म सद्भावना मंच एवं विभिन्न सामाजिक तथा व्यावसायिक संगठनों सहित विभिन्न समुदाय के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा जगह जगह पर नगरकीर्तन का स्वागत किया गया तथा पंज प्यारों के माल्यार्पण एवं स्वागत के साथ पुष्पवर्षा करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। स्त्री संगत द्वारा किये जा रहे कीर्तन के बोल 'हो रही है तेरी जय जयकार, कल तारन गुरु नानक आया, मिटी धुंध जग चानन होया तथा बोले सो निहाल सत श्री अकाल' शब्दों से शहर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर स्टार डीपीएस स्कूल के बच्चों के द्वारा बैंड के आकर्षक धुन के साथ नगर कीर्तन की अगुआई की गई।



कार्तिक पूर्णिमा वाले दिन 8 नवम्बर 2022 को पालकोट रोड अवस्थित गुरुद्वारा में सुबह सहज पाठ समाप्ति उपरांत भजन कीर्तन के कार्यक्रम किए जाएंगे एवं दिनाक 09 नवम्बर 2022 को जशपुर रोड गुरुद्वारा में गुरु के कीर्तन दरबार के आयोजन के पश्चात दोपहर में सभी श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर लगाया जाएगा। मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान सेवक सरदार महेंद्र सिंह, सचिव सरदार रंजीत सिंह, कमलेश कौर, रविंद्र कौर, जशवंत कौर सहित गुरु गोविंद सिंह फाउंडेशन गुमला के अध्यक्ष जसबीर सिंह प्रिंस तथा गगनदीप सिंह रज्जी सहित सरदार गुरविंदर सिंह सरदार मनोहर सिंह सरदार दिलदार सिंह, प्रीतपाल सिंह, प्रीतम सिंह, रौनक सिंह, गुरविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, हरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, होशियार सिंह, गुरमीत सिंह छोटू सिंह काले सिंह राजिन्द कौर इंदु कौर कवलजीत कौर कमलजीत कौर सहित समस्त श्रद्धालु जुटे हुए थे ।

# गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन हवन के साथ हुए विभिन्न संस्कार

**संध्याकालीन कार्यक्रम में संगीत व प्रवचन के साथ 2400 दीप प्रज्वलित कर विशाल दीपयज्ञ किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ गुमला में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 2022-23 के तीसरे दिन टोली के टोली नायक-राजकुमार भृगु, सहटोली नायक रामशंकर सिंह, गायक सुनील बंशीधर, तबलावादक प्रसाद दास एवं सहयोगी राजा राम के द्वारा मंत्रोचार के साथ प्रातः 9 बजे से 24 हवन कुंडो में भक्तों को पूजन एवं हवन कराया गया। साथ ही विभिन्न संस्कार कराये गये जिसमें पुंसवन संस्कार-किरण देवी, प्रिया देवी, मुंडन संस्कार- आराध्या सिंह, सत्यम सिंह, यांश कुमार, यगोपवित संस्कार- शैलेश कुमार दास, दीक्षा संस्कार- विशाल कुमार, विकास साह, प्रतिमा साह, प्रियंका भगत, शिल्पी शाहदेव, सोना देवी, तनु कुमारी, कमला देवी, अलका देवी, संगीता देवी, माया देवी, कलावती देवी, सोनी देवी, मंजूषा कुमारी, शिल्पा देवी एवं सुनीता कुमारी, अन्नप्राशन संस्कार- रिषिया कुमार गुप्ता, रिधिराज कुमार सिंह, विद्यारंभ संस्कार- रानी सिंह, रिया कुमारी, युवराज सिंह, राजवीर सिंह, आयुषी सिंह, आयुष सिंह, सिद्धि सिंह, सृष्टि कुमारी, गर्ग कुमार, शिवांशु कुमार, अंकित कुमार, उन्नति गुप्ता, साक्षी प्रिया, प्रिया रानी, वैभव कुमार, रिषभ कुमार, आराध्या कुमारी, आयांश कुमार, नामकरण संस्कार- गर्ग कुमार का कराया गया। यज्ञ के पश्चात आरती की गयी व उसके उपरांत हवन संपन्न कराया गया तथा उपस्थित भक्तों के बीच अमृतासन महाप्रसाद का वितरण किया गया। संध्याकालीन कार्यक्रम में संध्या 6 बजे से संगीत व प्रवचन के साथ ही विशाल दीपयज्ञ 2400 दीप प्रज्वलित कर किया गया। गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार 8 नवंबर को सुबह आठ बजे से हवन एवं यज्ञ कराया जाएगा।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से केडीएन सिंह, सरस्वती देवी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव जी, परिवार्जक प्रमोद कुमार साहनी व दिनेश जी, प्रमोद सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, पल्लव अभिषेक, विजय कुमार साहू, विनय कुमार गुप्ता, अजय साहू, गीता देवी, तनु कुमारी, किशुन सिंह, ललिता देवी, संदीप स्वरूप, नंदकिशोर, पम्मी सिंह, सोनी देवी, मुद्रिका सिंह, चंचला देवी, रेखा चौबे, रजनी देवी, सरिता देवी, खुशबू कुमारी, जयकिशोर सिंह, निशा कुमारी, अनिता देवी, प्रियंका देवी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

# आइपीएल की तर्ज पर गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**डीडीसी हेमंत कुमार सती ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला टू में सोमवार को आईपीएल की तर्ज पर गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ डीडीसी गुमला हेमंत कुमार सती, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य शशि प्रिया बंटी व भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिन्हा ने किया। उदघाटन मैच रियल टाईगर व गोल्डन ईगल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रियल टाईगर की टीम ने निर्धारित दस ओवर में 9 विकेट खोकर 100 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी गोल्डन ईगल की टीम 9 ओवर 3 बाल पर मैच जीतकर प्रतियोगिता के अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर मुख्य अतिथि डीडीसी हेमंत सती ने कहा कि गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिला है। जिस तरह से गुमला जिला में हॉकी व फुटबाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिलते हैं ठीक उसी तरह से क्रिकेट में भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के माध्यम से मिल सकते हैं। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति के सौरभ कुमार, लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव, जितेंद्र सिंह, मनोज कुमार, आकाश आनंद, रोहित उरांव, अनमोल गुप्ता, ओम शंकर, सुनील सिंह, विनोद विश्वकर्मा, आनंद भारती, ज्ञान प्रकाश, संदीप सिंह, आयुष अग्रवाल, प्रबल सिंह, सुमित चीनू साबू सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।



**बैठक :** आजसू पार्टी जिला कार्यसमिति ने गुमला जिला में संगठन की संरचना के संदर्भ में की चर्चा

# आजसू पार्टी बनायेगी 10 लाख सक्रिय सदस्य : हसन अंसारी

**नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह तक पार्टी संगठन संरचना को पूर्ण करने के दिये गये सुझाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आजसू पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक गुमला परिसदन सभागार में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी हसन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। अपने उद्बोधन में दिलीप नाथ साहू ने गुमला जिला में संगठन की संरचना के संदर्भ में जिला प्रभारी को अवगत कराया। गुमला जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्ष उपाध्यक्ष इस बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में जिला प्रभारी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने केंद्रीय कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं भावी कार्यक्रमों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक बताया। नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह तक पार्टी संगठन संरचना को पूर्ण करने के सुझाव दिये। साथ ही जन संग्रह धन संग्रह के माध्यम से सक्रिय सदस्यों को सदस्यता दिलाते हुए पार्टी को 10 लाख सक्रिय सदस्य बनाने की संकल्पना को पूरा करने में गुमला जिला को अपना कोटा पूर्ण करना है। भावी कार्यक्रम को बतलाते हुए प्रभारी ने कहा जिस तरह से पंचायत चुनाव में पिछड़ी जाति का आरक्षण समाप्त कर चुनाव संपन्न कराया गया इसी प्रकार राज्य सरकार की ओछी मानसिकता के कारण नगर निकाय चुनाव में पिछड़ी जाति के आरक्षण को समाप्त करते हुए चुनाव कराने की मंशा के विरोध में 17 नवंबर को पार्टी के द्वारा राज्य के सभी जिला इकाई में विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा एवं उपायुक्त को इसका ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। 20 नवंबर को राज्य स्तरीय श्रमिक संघ का सम्मेलन बोकारो के बेरमो में आयोजित किया गया है। जिसमें गुमला जिला से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। 27 नवंबर को बुद्धिजीवी मंच का राज्यस्तरीय सम्मेलन रांची जिला में रखा गया है। इसमें भी पार्टी को गुमला जिला से पार्टिसिपेट करना है। 4 दिसंबर को अखिल झारखंड महिला संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन रामगढ़ जिला के मांडू विधानसभा अंतर्गत कोनार डैम के परिसर में रखा गया है। जिसमें भारी संख्या में गुमला जिला से महिलाओं का जत्था महिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पहुंचेगी। प्रभारी ने कहा जो पदाधिकारी हैं जो अब तक पार्टी की सदस्यता ग्रहण नहीं किये हैं अविलंब पार्टी की सदस्यता ऑनलाइन के माध्यम से अवश्य प्राप्त करें। जिले में 10000 सक्रिय सदस्य बनाने एवं उनको सदस्यता ग्रहण कराने के लिए जिला कमेटी को निर्देशित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने किया।




बैठक में जिला प्रभारी हसन अंसारी, जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला के प्रधान सचिव आनंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रामू, दिनेश यादव, मनदीप माली, अनूप साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, सचिव छोटू साहू, देवेंद्र साहू, गोलू श्रीवास्तव, धीरेंद्र राम माली, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण सिंह, सचिव बीणा देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अमीर रब्बानी, अजजा महासभा के जिला अध्यक्ष अजय मोदी, छात्र संघ जिला अध्यक्ष पंकज साहू, जिला प्रभारी सानू कुमार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष उत्तम कुमार, कार्तिक उरांव कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष जिला कार्यसमिति सदस्य कुंदन कुमार, राजा कुमार सहित काफी आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# मोरेंग पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 170 आवेदनों का निष्पादन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मोरेंग पंचायत भवन प्रांगण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय, प्रमुख, विधायक प्रतिनिधि, मुखिया, पंचायत समिति के साथ सभी कर्मी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सभी विभागों से लगभग 1300 आवेदन जमा किये गए। जिसमें आवास के 250, फुलो झानो किशोरी योजना से 250 आवेदन जिसमें 100 आवेदन मौके पर ही स्वीकृत, 150 पेंशन के आवेदन 70 स्वीकृत, राशन के 100 आवेदन शामिल थे। किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृत के फलस्वरूप बच्चियों द्वारा रैली निकाल कर खुशी जाहिर की गई।

# गोविंदपुर पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत सचिवालय में आज सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सीओ रेशमा रेखा मिंज और प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा रहे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख उर्मिला केर-केट्टा ने कहा कि किसी तरह की समस्या हो तो संबंधित स्टॉल पर आवेदन दें। निश्चित रूप से आपको योजना का लाभ मिलेगा। वहीं मौके पर उपस्थित सीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि आप प्रशासन का साथ दें और अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारें सरकार आपके साथ है जो भी योजना लेना चाहते हैं आवेदन के माध्यम से ले लें। आप निसंकोच होकर शिविर में आयें और योजना संबंधी आवेदन जमा करें। मौके पर गोविंदपुर मुखिया रजनी मिंज, भालेन मिंज, रबिन्द्रनाथ शाहदेव, अरसद खान, इम्तियाज अंसारी, इमामुद्दीन खान, समसुद्दीन अंसारी, हसन अंसारी, रिजवान अंसारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिसई प्रखंड के सभी 112 मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन 9 नवंबर को

**सिसई (आजाद सिपाही)।** भारतीय निर्वाचन आयोग के द्वारा 1 जनवरी 2023 को अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत आगामी 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सुनीला खलखो ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 9 नवंबर बुधवार को प्रखंड के सभी 112 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन और आगामी 12-13 नवंबर शनिवार व रविवार और 19-20 नवम्बर शनिवार व रविवार को सभी मतदान केन्द्रों में स्पेशल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जहां संबंधित बीएलओ के द्वारा मतदाताओं के दावा, आपत्ति, त्रुटि सुधार, नाम विलोपन, वोटर कार्ड में आधार सिडिंग सहित अन्य कार्य व आवेदन भरा जाएगा। इसको लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय में सभी बीएलओ को पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में मतदाता सूची, बैनर -पोस्टर व प्रपत्र 6, 7 व 8 का वितरण किया गया।

# भाजयुमो अध्यक्ष व चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने की वृद्ध महिला की मदद

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में विगत कई दिनों से भटक रही एक वृद्ध महिला को स्थानीय मुखिया शोभा देवी तथा भाजयुमो अध्यक्ष कौसल केशरी ने कंबल, साड़ी व खाना देकर उसका हालचाल जाना। बताते चलें कि चैनपुर मुख्यालय क्षेत्र में कुछ दिनों से एक वृद्ध महिला घर घर भीख मांगकर अपना गुजारा कर रही थी। वहीं रात में किसी दुकान के शेड में रहती थी, तभी चैनपुर के कुछ युवकों ने इसकी जानकारी चैनपुर मुखिया शोभा देवी व भाजयुमो अध्यक्ष कौशल केशरी को दी। जिसके बाद तुरंत बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए स्थानीय मुखिया शोभा देवी के द्वारा कंबल साड़ी एवं कुछ खाने पीने का समान देकर उसकी मदद की गई। उन्होंने बताया कि महिला अपना घर डुमरी के पतराटोली गांव बता रही है। बेटे से नाराज होकर वह घर छोड़कर चैनपुर में भीख मांग कर अपना जीवन चला रही है। वृद्ध महिला से पूछने पर बताया कि घर में बेटे से झगड़ा होने पर वह घर से निकल गयी है। इस संबंध में मुखिया शोभा देवी ने कहा कि उस वृद्ध महिला के घर का पता लगाया जा रहा है जल्द ही उसे सुरक्षित उसके घर पंहुचा दिया जाएगा।

# झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति की बैठक में 2023 में अधिवेशन करने का निर्णय

**बसिया (आजाद सिपाही)।** रविवार को प्रखंड के बाघमुंडा में झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल बड़ाईक के अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों द्वारा समाज को एकजुट करने, आगामी वर्ष 2023 में अधिवेशन करने का निर्णय लिया गया। समाज के लल्लु बड़ाईक द्वारा झारखंड के सभी क्षेत्र के सामाजिक लोगों को आमंत्रित किया गया था। बैठक में मुख्य रूप से श्याम सुंदर चीक बड़ाईक, बहुरा चीक बड़ाईक, धनीराम बड़ाईक, शिवराज बड़ाईक, सीताराम बड़ाईक, राजपति बड़ाईक समेत समाज के अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कई गांवों का दौरा कर क्षेत्र की समस्याओं की ली जानकारी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत ने घाघरा प्रखंड के कई गांव का सोमवार को दौरा किया। इस क्रम में नौडीहा, चुंदरी, सरांगो में घूम कर ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्या की जानकारी ली। इस क्रम में यूथ कांग्रेस के बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत ने नौडीहा से हापामुनी तक 5 किलोमीटर तक कालीकरण पथ, गम्हरिया से चुंदरी नवाटोली तक 10 किलोमीटर पथ, चुंदरी नवाटोली से लपसर मोड़ तक 7 किलोमीटर कालीकरण पथ मरामतीकरण करने के लिए सुखदेव भगत के पास प्रस्ताव रखा गया। उसके उपरांत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि मैं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर इस पथ का निर्माण करने के लिए पहल करूंगा। साथ ही यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता की जो समस्या आ रही है, उसे निष्पादन करूंगा। मौके पर उपस्थित लोगों में कांग्रेस के पश्चिमी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष शहजाद खान, जोगेंद्र उरांव, सुरेंद्र यादव, कैलाश महतो, केश्वर उरांव, संतोष साहू, रोहित महतो, कुणाल अभिषेक, मोहन कुमार, राम कुमार भगत, संदीप उरांव, पेरू महली, रीना देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद वीडी राम



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की जनविरोधी नीतियों एवं पूरे राज्य में व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति,अनाचार, बालू-पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में आयोजित जन आक्रोश प्रदर्शन हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद वीडी राम शामिल हुए। इस अवसर पर भाजप के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, विनोद सिंह, प्रफुल्ल सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक सिंह, नरेंद्र कुमार पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, लाल बहादुर सिंह, बल्लू बलराम, मथुरा प्रसाद गुप्ता, अरुण मिश्रा, रंजीत बहादुर सिंह, सत्येंद्र पासवान,विनय सिंह, दिनेश गुप्ता, अशोक सोनी, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पांडेय सहित भारी संख्या भाजपा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## महुअरि पंचायत की मुखिया ने किया गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के महुअरि पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी के द्वारा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। एक सादे समारोह में मुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांवों के सैंकड़ो गरीबों को कंबल मुहैया कराया। इस संबंध में मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र के असहाय व निर्धन परिवार के बीच सादगी पूर्वक कंबल का वितरण किया गया है ।उन्होंने कहा कि कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश हो। मुखिया ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है ।मौके पर आशा देवी,मंजू देवी,सोनू राम,सरिता कुमारी,अमृता कुमारी,प्रीति कुमारी,सुषमा देवी,जयमाला देवी समेत ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## बंगीय दुर्गा बाड़ी में हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बंगीय दुगार्बाड़ी में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया ।यह कैंप जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर नई मुहल्ला के राष्ट्रीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन दुगार्बाड़ी के उपाध्यक्ष सुमित भट्टाचार्य ने स्वास्थ्य जांच करवा कर किया। उन्होंने बताया की शिविर में करीब 55 लोगो ने स्वास्थ्य जांच करवाया। शिविर के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि 40 वर्ष से ऊपर के उम्र के सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच करना चाहिए। यह वर्तमान समय की मांग है ।उन्होंने कहा की पूरा विश्व इस समय प्रदूषण के समस्या से ग्रस्त है। शहर में रहने वाले लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो रहे है। प्रदूषण और मिलावटी खाद्य पदार्थ का सेवन का असर सीधे मनुष्य के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच करवा लेना चाहिए। स्वास्थ जांच शिविर में फार्मासिस्ट सुजीत कुमार, लैब सहायक चंदन कुमार पासवान, रीना कुमारी, एएनएम स्वेता सिन्हा, सुमन कुमारी, नीतू कुमारी, दुर्गा बाड़ी के सुमित भट्टाचार्य,सौभीक दत्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, दिलीप साहा, सुकुमार पाल, गोदाई भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।

# मौजूदा सरकार जाति-धर्म के आधार पर उर्दू के साथ भेदभाव नहीं करेगी : पत्रलेख



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय परिसदन भवन में तंजीमुल अंसार कमेटी पलामू के अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकान्त सहाय से संयुक्त रूप से मिलकर पलामू जिले के 49 उर्दू विद्यालयों का स्वरूप पूर्व की भांति उर्दू विद्यालय ही रहने देने की माँग की। तंजीम के अध्यक्ष ने कहा कि पलामू में 49 उर्दू विद्यालयों का नाम हटा दिया गया है। यह उर्दू भाषियों के साथ सौतेला पूर्ण व्यवहार है। उन्होंने कहा कि इससे जिले में सौहार्दपूर्ण माहौल खराब हो रहा है। वर्तमान परिदृश्य में बिगड़ रहे सामाजिक भाईचारा के माहौल को संभालने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तंजीन के प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि जल्द ही पलामू सहित पूरे राज्य में उर्दू विद्यालय पूर्व की भांति बहाल होंगे। उन्होंने कहा कि उर्दू हिन्दुस्तानी भाषा है एवं उर्दू विद्यालय से जुड़े बच्चों व अभिभावकों को इससे लाभान्वित होने से कोई भी नहीं रोक सकता। झारखण्ड सरकार के कृषि एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मैंने उर्दू विद्यालयों का सवाल विधानसभा में उठाया है। उन्होंने आगे कहा कि जात-धर्म के आधार पर भाषाई विवाद में वर्तमान सरकार कभी भेद नहीं करेगी। इसका समाधान हमलोग जल्द राज्यस्तर पर निकालेंगे । प्रतिनिधि मंडल में मिलने वालों में जैशरंजन उर्फ बिटटू पाठक, मंत्री प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी, मुन्ना खान, शमीम अहमद राईन, नसीम खान, तंजीम के सचिव नसीम अहमद, कोषाध्यक्ष सेराज अंसारी, सरपरस्त जियाउद्दीन अंसारी, हाजी मोबीन अली, डा. मकबूल मंजर, रवायत हुसैन,मो.यूसूफ अंसारी, नौशाद अहमद खाँ, हिशामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद फरीद, इंजीनियर शमशुद्दीन, मोहम्मद रजा,अब्दुल फतह, सहित काफी संख्या में लोग शामिल थें।

# असहाय बीमारों की सेवा ही असली मानवता है : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** एक कहावत आज के समय में चरितार्थ हो रही है जिसका कोई नहीं, उसका तो खुदा होता है यारों, मैं नहीं कहता, किताबों में लिखा है यारों। हम तो क्या हैं, वह फरिश्तों को आजमाता है, बनाकर हमको गिरता है, फिर बनाता है, आदमी टूट के सौ बार जुड़ा है यारों। ऐसे ही एक मानसिक रूप से विक्षिप्त शरीर से टूटा हुए व्यक्ति को फिर से स्वस्थ बनाने लिए भगवान बनकर आए संत मरियम आवासीय विद्यालय के चेयरमैन सह झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव। एक व्यक्ति, झारखंड माटी कला बोर्ड के मेदिनीनगर प्रमंडलीय कार्यालय के ठीक आगे बिजली खंभा के पास हल्की झाड़ी में जिंदा अधमरा पड़ा था। दोनो पैर पसारे दिवार के सहारे एकटक आंखों से बिना पलक झपकाए देख रहा था। मानो मरा बैठा हो शायद सुबह से कोई केयर न कर पाया हो। जैसे ही युवा समाज सेवी अविनाश देव माटी कला कार्यालय पहुंचे..उनकी तेज नजर उस युवक को केयर किया। उन्होंने देखा की उसके एक जख्मी पैर में हजारों जिंदा कीड़ा उसके पैर के उंगलियों और तलवों को खा कर आधा कर दिया है। तत्काल खुद से उसे पकड़ कर टेम्पू पर बैठाकर डाल्टनगंज सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। उस व्यक्ति को कोई छूना तो दूर देखना पसंद नहीं कर रहा था, दुर्गंध कि इतनी बू की सांस लेना मुश्किल हो रहा था। आप इस बात का अंदाजा लगा सकते है। लेकिन मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कंपाउंडर लव कुमार ने उसका बेहतर तरीके से ड्रेसिंग कर बैंडेज लगाया। उस विक्षिप्त व्यक्ति के जख्मी पैर में करीब दो हजार से ज्यादा कीड़े थे। उसे अस्पताल के आपातकालीन कक्ष के 12 नंबर बेड पर रखा गया है। जहां आज से उसे बेहतर इलाज होगा। उस व्यक्ति को दवा सहित सभी तरह के चिकित्सकीय सुविधा दिया जा रहा है। वर्तमान में वह व्यक्ति ठीक व स्वस्थ है। श्री देव के पहल पर पलामू जिला प्रशासन सहित स्वास्थ विभाग संज्ञान लेकर उसके बेहतर इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की इसके लिए पलामू जिला प्रशासन व पूरी चिकित्सीय टीम को आभार व बहुत बहुत धन्यवाद।

# मृत्यु भोज नहीं करने का ग्रामीणों ने लिया निर्णय, मृत्युभोज एक अभिशाप है

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अन्तर्गत अम्बेडकर नगर(पांचूडीह)के ग्रामीणों ने दाह संस्कार के बाद बैठक कर मृत्यु भोज नहीं करने का निर्णय लिया है ।इससे पहले बता दें कि अम्बेडकर गांव निवासी सोहराई राम के 45 वर्षीय पुत्र सुनेश्वर राम का मृत्यु लिवर तथा किडनी खराब हो जाने के कारण रविवार की देर रात हो गई ।वहीं पैसे के आभाव में सही समय पर ईलाज नहीं हो सका और मौत हो गया ।इस दौरान सोमवार को गांव के समीप हड्डाही नदी घाट पर दाह संस्कार के बाद बैठक का नेतृत्व कर रहे बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि ने कहा कि मृत्युभोज एक सामाजिक कुरीति एवं अभिशाप है। किसी व्यक्ति का सामयिक या असामयिक निधन होना उस परिवार के लिए गहरा आघात होता है। दुःख की इस घड़ी में शोक संतृप्त परिवार के साथ खड़ा होना और उन्हें ढाँढस बंधाना सभी का दायित्व है। परंतु इस अवसर को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना, सभी को आमंत्रित करना एवं पकवान बनाकर लोगों को खिलाया जाना नितांत गलत है।

घटना की सूचना पर सरसोत मुखिया विनय कुमार सिंह तथा जीप प्रतिनिधि राजेश राम ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदत करने का आसवासन दिया। जबकि पूर्व जीप सदस्य आशा कुमारी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि शिव बैठा,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, जितेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मुखिया प्रत्याशी शंकर पासवान, सुजीत मेहता के अलावे कई जनप्रतिनिधियों ने परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया एवं शोक व्यक्त किया।

केवल यही नहीं जहरीली एवं दानवरूपी प्रथा है। जिससे उस परिवार पर आर्थिक बोझ बन जाती है ।ऐसी प्रथा से लोगों को बचना चाहिए। मृतक अत्यंत गरीब परिवार से है। उसके दो पुत्री गुड़िया कुमारी (16), खुशी कुमारी (12) तथा एक पुत्र मंटु कुमार (9) जिसने अपने पिता का मुखाग्नि दी ।दाह संस्कार एवं बैठक के दौरान बसपा प्रखण्ड अध्यक्ष सुरजमल राम,चितरंजन बौद्ध, श्यामसुंदर देहाती, इंद्रदेव भारती, मंगलादेव राम,बालकुमार राम, बिरताई राम, रवि कुमार, बालचन्द राम सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# शहर के वार्ड-7 व 9 में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद शहर के वार्ड 7 व 9 के लोगों के लिए शहर के लंबी गली तालाब के समीप सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत नगर अध्यक्ष शशि कुमार,वार्ड सात के पार्षद सुहैल आलम,वार्ड नौ के पार्षद नजीर अहमद आदि ने दीपप्रज्वलन कर किया ।कार्यक्रम के दौरान सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जनवितरण ,पेंशन समेत सरकार द्वारा संचालित कई योजनाएं से जुड़े मामले आये जिनका निष्पादन किया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर के लोगो को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना है और हर व्यक्ति को इन योजनाओं से जोड़ कर इसका लाभ सुनिश्चित कराना है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सबो का सहयोग जरूरी है ।कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों गरीब असहाय परिवार के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद ने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है ।आम जनता को भी अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होकर लाभ लेने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से नगर प्रबंधक नजीबुल्ला अंसारी, लेखापाल रविकांत पटेल, सुदामा चौहान, संजीत कुमार, समेत कई विभाग के कर्मी व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# आजसू पार्टी पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू आजसू की बैठक परिसदन भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने किया। जबकि संचालन जिला सचिव अक्षय कुमार मेहता ने किया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट गई है। परंतु पुनः नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित रखा गया है। एक तरफ सरकार विशेष सत्र बुलाकर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात करती है और दूसरी ओर नगर निकाय चुनाव मे ओबीसी को राज्य सरकार आरक्षण से वंचित कर रही है। इससे पहले सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया गया जिससे लगभग 10 हजार ओबीसी लोगों के हक का अधिकार मारा गया। इस बार भी नगर निकाय चुनाव में आरक्षण न देकर ओबीसी का हक मारने का काम सरकार कर रही है। जबकि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ट्रिपल टेस्ट कराकर ही चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था। लेकिन सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की भी अनसुनी कर दी, जिसकी आजसू पार्टी घोर निंदा करती है। हेमंत सोरेन ने चुनाव के समय जनता के बीच काफी लोक-लुभावनी घोषणाएँ की थी,जैसे बेरोजगारों को रोजगार देना, बेरोजगारी भत्ता देना, महिलाओं को दो हजार मंथली चूल्हा चौकी के लिए देना आदि। काफी उम्मीद के साथ जनता ने हेमंत सरकार को बहुमत दिया था लेकिन जनता के भावना के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है। पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा अकूत खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड की खनिज संपदा को भ्रष्ट अफसर एवं दलालों को प्रोत्साहन देकर लुटवाने में सरकार मशगूल है झारखंड में माइंस माफिया,शराब माफिया,बालू माफिया हावी हैं। हेमंत सरकार विकास के नाम पर यही कर रही है। हेमंत सरकार को आजसू पार्टी चैन से नही बैठने देगी। पार्टी के केन्द्रीय सचिव बब्लू गुप्ता ने कहा कि एक मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी,पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, केंद्रीय सचिव बब्लू गुप्ता, केन्द्रीय समिति सदस्य लौकेश सिंह,बुद्धिजीवी मंच के जिला महासचिव अभय कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, वरीय जिला उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर सिंह छोटू, जिला सचिव जितेन्द्र विश्वकर्मा, जिला सचिव कृष्ण कुमार बनपर, जिला संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद, जिला प्रवक्ता बसंत विश्वकर्मा,जिला सचिव बीरेन्द्र सिंह, जिला सचिव अरविंद सिंह, जिला सचिव रोहित कुमार महतो ,छात्र विंग के अभिषेक राज, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष विक्रम कुमार सिंह, हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह,मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष सचिन कुमार, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष रमेश प्रजापति, मोहम्मदगंज प्रखंड सचिव अंशु कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार शिविर में आये कुल 7570 आवेदन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** इन दिनों जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के 9 पंचायतों में शिविर लगाया गया.इन शिविरों में कुल 7570 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 2911 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। **शिविर में किसी लाभुक को कंबल,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित :** आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये।





















**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पानी छिड़काव व सड़क मरम्मत को लेकर जमसं कार्यकर्ताओं ने किया सड़क जाम

झरिया/अलकडीहा (आजाद सिपाही)। लोदना क्षेत्र की आंतरिक जर्जर सड़कों की मरम्मती कराने एवं सड़कों पर जल छिड़काव कराने की मांग को लेकर सोमवार को जनता मजदूर संघ (जमसं) के समर्थकों ने नेता छोटू सिंह के नेतृत्व में साउथ तिसरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप सड़क जाम कर कोयला ढुलाई बाधित कर दिया। करीब दो घंटे तक सड़क जाम आंदोलन के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इसके दो घंटे बाद एनटीएसटी प्रबंधक डीके माझी ने पहुंचकर आंदोलनकारी नेता छोटू सिंह से वार्ता कर उसे सड़क पर नियमित जल छिड़काव कराने और सड़क मरम्मती को लेकर जीएम से वार्ता कर प्रपोजल बनाने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया है। मालूम हो कि लोदना क्षेत्र कि सड़कों पर सैकड़ों कोयला लदे भारी वाहनों के रोजाना आवागमन होने से सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन जाने से दुर्घटनाएं होते रहती है। रविवार कि रात को भी साउथ तिसरा रेलवे गेट के निकट एक हाइवा के पलट जाने से चालक व खलासी घायल हो गए। गौरतलब है कि जमसं समर्थक विगत एक माह से पूरे लोदना क्षेत्र कि जर्जर सड़कों कि मरम्मती कि मांग को लेकर हर कोलियरी क्षेत्र में आंदोलन कर रहे है। छोटू सिंह ने प्रबंधन को चेतावनी दी कि उनकी मांगों को अविलंब पूरा नहीं किया गया तो पूरें क्षेत्र में आर्थिक नाकेबंदी कि जाएगी। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व पार्षद संजय यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम पासवान, महीप सिंह, मोहन पाण्डे, विकाश सिह, संजय यादव व रोहित कुमार विद आदि थे।

## महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर जदयू ने दिया एक दिवसीय धरना



बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश जनता दल यू के आदेशानुसार बोकारो डीसी कार्यालय के समक्ष देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार व अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने की। जबकि संचालन महानगर जिला अध्यक्ष कर्ता धर्मवीर कुमार ने किया। धरना में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह बोकारा जिला प्रभारी हाजी हसीब खान भी शामिल हुए। इस एक दिवसीय धरना में मुबारक अंसारी, श्याम बिहारी राय, गोपाल गुप्ता, राजेंद्र पटेल, सतीश रजवार, सुरेश बुधिया, प्रवीण कुमार, चक्रधर रजवार, मनीष कुमार सिंह, संजय बाउरी, नूर आलम, सीताराम यादव, सौरभ कुमार गुप्ता, सविता गोप, पंचमी देवी, राजेंद्र कुमार, शीला कुमारी, शुगा मुनि, अमला देवी, करम महतो, महेश कुमार, सीमा देवी, विक्रम सिंह, जनार्दन सिंह, पंकज मिश्रा, प्रेम कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, सुरेंद्र मिश्रा आदि शामिल थे।

## बेरमो पूर्वी में आयोजित शिविर में मिले 1132 आवेदन, 414 का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को बेरमो पूर्वी पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय संडे बाजार प्रांगण में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बेरमो बीडीओ मधु कुमारी, जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह, बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, मुखिया दुर्गावती देवी, उप मुखिया मुस्कान कुमारी और पंचायत सचिव अश्वनी कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किए गए। शिविर में 13 विभागों के स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती लूंगी साड़ी एवं कंबल का वितरण किया गया। सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक की कई छात्राओं को योजना के लाभ से जोड़ा गया।
जेएसएलपीएस के तहत महिलाओं के लोन के आवेदन को स्वीकृत किया गया और कई लोगों का खाता खोला गया। कुल मिलाकर शिविर में सभी विभागों में 1132 आवेदन आए, जिसमें 414 आवेदनों का मौसे पर ही निष्पादन किया गया। शिविर का संचालन बेरमो बीडीओ मधु कुमारी खुद कर रही थी।
इस दौरान मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ नमिता सिन्हा, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ राहुल सिन्हा, एमपीडब्ल्यू के रंजीत कुमार, प्रेमीना डोंग, एनएम बेगम खातून, एनएम किरण कुमारी, रूपलाल महतो, दीपक कुमार, गणेश राम, गोपी कुमार, खालिद अहमद, हेमंत कुमार महतो, अजय सिंह, प्रदीप कुमार, आयुष कुमार यादव, मधु सिंह, आयशा खातून, ललिता छवि साहनी, विरेंद्र कुमार, जलसहिया तुषार देवी, दिलीप गंजू के अलावा वार्ड सदस्य सोनू कुमार, गोपी दामोदरम, ज्योति नुक्कड़ टीम से नेपाल महतो, अख्तर अंसारी, सुनील कालिंदी, किशोर महतो, सुनीता देवी, किशोर कालिंदी, रेणुका देवी, नमीता चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

### बैठक कर राज्य सरकार के खिलाफ लगातार आंदोलन की घोषणा

# झारखंड की जनता महागठबंधन सरकार से चाहती है निजात : विरंची

आजाद सिपाही संवाददाता



पत्रकारों से बातें करते विधायक विरंची नारायण व अन्य भाजपा नेता।

**बोकारो।** झारखंड की वर्तमान महागठबंधन सरकार विकास के पैनाने पर शून्य है। बहन-बेटियां घरों में असुरक्षित हैं। तीन वर्षों में पांच हजार से ज्यादा बहन-बेटियां दुष्कर्म की शिकार हुई हैं। राज्य की विधि-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उक्त बातें विधायक विरंची नारायण ने कही। वे सोमवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी मुख्यमंत्री के होते हुए भी राज्य में आदिवासी समाज के लोग तक सुरक्षित नहीं है। सरकार आपके द्वार करते-करते इडी के द्वार पहुंच गयी। वहीं अन्य वक्ताओं ने बताया कि भाजपा ने प्रखंड, जिला और प्रदेश स्तर पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। पहले चरण में सात से 13 नवंबर तक हजारों कार्यकर्ता प्रखंड केंद्रों में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रदेश के नेता, जनप्रतिनिधि, सांसद-विधायक शामिल होंगें और प्रखंड कार्यालय को ठप करा देंगे। दूसरा चरण 19 नवंबर से शुरू होगा। इसमें जिला मुख्यालयों पर पार्टी की ओर से प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार ने बोकारो जिला के तीन प्रखंड चास, बोकारो, चन्द्रपुरा को सुखा ग्रस्त करने वाली सूची से बाहर कर दिया। सरकार को लगता है कि यहां किसान नहीं रहते जो कि इस प्रखंड के किसानों के साथ सौतला व्यवहार है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार जब से बनी है किसान विरोधी गतिविधियों वाली नीतियों बनाई, ताकि किसानों को केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ न मिले। वहीं, बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि सोमवार को चन्द्रपुरा प्रखंड, 9 को बेरमो,10 को कसमार, पेटरवार, चंदनकियारी, 11 को गोमिया, नावाडीह, 12 को जरीडीह, चास प्रखंड में भाजपाई आक्रोश प्रदर्शन करेंगें। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रोहितलाल सिंह, जिला महामंत्री संजय त्यागी, इंद्र कुमार झा, महेन्द्र राय और भैरव महतो आदि मौजूद थे।

## झारखंड में सत्ता पाने के लिए तड़प रही भाजपा : राजेश ठाकुर



कृषि मंत्री व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे बेरमो विधायक के आवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** सत्ता के भूखे भजपाई उसे पाने के लिए संवैधानिक पदों का दुरुपयोग करने में लगे हैं। झारखंड की सत्ता हथियाने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त कर गठबंधन सरकार को अस्थित व बेदखल करने का षड्यंत्र रच रही है। जो नहीं बिक रहे ऐसे विधायकों को ईडी व सीबीआइ का भय दिखाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पर भाजपाई अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगें। राज्य में कांग्रेस और मजबूत होकर उभरेगी। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कही। वे सोमवार को बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के आवास पर पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा जिस तरह मछली पानी के बिना तड़पती है उसी प्रकार भाजपा के लोग सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं। वहीं, राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि कांग्रेस विधायकों को डराने और धमकाने का प्रयास निंदनीय है। धैर्य की परीक्षा केंद्र सरकार को महंगा साबित होगी। पुनः राज्य में भाजपा का सफाया होगा और यूपीए महागठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार होगी। वहीं, बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई बौखलाहट की है। राज्य में सरकार बनाने में जब भाजपाई सफल नहीं हुए तो भय का माहौल बना रही है।

## भाजपा की सरकार गिराने की मंशा विफल : ब्रजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के तत्वाधान में कार्यकारी अध्यक्ष व धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने सोमवार को केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के और झारखंड की महागठबंधन सरकार को अपदस्थ करने की साजिश, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाने और कांग्रेस विधायक अनूप सिंह एवं प्रदीप यादव के विभिन्न ठीकानों पर आयकर विभाग की छापामारी के विरोध में सोमवार को रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकर का पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर आयकर विभाग की टीम ने विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के रांची, पटना और बेरमो स्थित ठिकानों पर छापा मारकर उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश की है। भाजपा की झारखंड की महागठबंधन की सरकार को धनबल के बलभूते गिराने का प्रयास एक बार फिर विफल हो गया है। कहा कि यूनियन की ओर से मंगलवार व बुधवार को भी केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन व पुतला दहन किया जाएगा।

## बाघमारा पुलिस ने चोरी के जेनरेटर के साथ पांच युवकों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बाघमारा पुलिस ने चोरी के जनरेटर बरामद करने के साथ ही घटना में लिप्त पांच युवकों को भी गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। जबकि गिरोह में शामिल एक युवक पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस दौरान पुलिस ने चोरी के लिए इस्तेमाल एक मालवाहक टेंपू व चैनल (एंगल) भी बरामद किया है। पत्रकार वार्ता कर जानकारी देते हुए प्रभारी थाना प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि बीते चार नवंबर को बाघमारा बाजार निवासी शिवम खंडेलवाल के आवास में श्याम जन्मोत्सव का कार्यक्रम था। रात में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद चोरों ने घर के बाहर रखे जनरेटर को चोरी कर लिया। मामले को लेकर टेंट संचालक नित्यानंद उर्फ लालू मुखर्जी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें मालवाहक टेंपू नजर दिखा। जो डुमरा लोहार टोला निवासी दुर्गेश कुमार रजवार के पास से बरामद हुआ। जब दुर्गेश को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उसने जनरेटर चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य साथियों के नाम बताए। जिसके आधार पर पुलिस ने टीम बनाकर तोपचांची थाना क्षेत्र के शक्तिपुर निवासी दीपक गोप, बाघमारा थाना क्षेत्र के तेलोटांड से शिवम कुमार नोनियां, बक्सपुरा से विजय कुमार गोप उर्फ विराज और विवेक कुमार रवानी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान विजय कुमार गोप के घर से चोरी के जनरेटर को भी बरामद किया गया। हालांकि घटना में शामिल खानुडीह निवासी नीतीश दास फरार है। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।


## झारखण्ड सरकार

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 16 / 2022–23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 18.11.2022 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन्से 03:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 19.11.2022 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 19.11.2022 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड बड़कागांव, ग्राम–बड़कागांव में एस0एन0मेडिकल से पुस्तकालय भवन तक नाली निर्माण। | 13,96,300.00 | 28,000.00 | 2500.00 | 6 माह |

नोटः
1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से– i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।

PR 281683 Rural Development(22-23)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नांकित तत्कालीन कार्यपालक अभियंताओं / सहायक अभियंताओं / कनीय अभियंताओं / लाभुकों को सूचित किया जाता है कि उनके नाम के सम्मुख असमायोजित राशि को प्राथमिकता के आधार पर दिनांक 20.11.2022 तक समायोजित कराना सुनिश्चि करेंगे। विभाग द्वारा असमायोजित राशि को समायोजन कराने हेतु निदेशित किया गया है। उक्त निदेश के आलोक में असमायोजित राशि का समायोजना नहीं होने पर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी संबंधित अभियंताओं / लाभुकों की होगी।

| क्रमांक | सहायक अभियंता / कनीय अभियंता / लाभुक का नाम एवं पत्ता | असमायोजित अग्रिम राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अमरेन्द्र गाँधी, तत्कालीन सहायक अभियन्ता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा, जिला– लोहरदगा। | 59353.00 | |
| 2 | श्री योगेन्द्र कुमार पंडीत, तत्कालीन सहायक अभियंता,जल पथ प्रमण्डल, सिमडेगा। | 1950000.00 | |
| 3 | श्री राजेन्द्र साहु तत्कालीन कनीय अभियंता, अग्रिम योजना प्रमण्डल, जलभवन, डोरण्डा, राँची। | 1892271.00 | |
| 4 | श्री मधुसूदन सिंह, तत्कालिन कनीय अभियन्ता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला जिला– गुमला। | 658092.00 | |
| 5 | श्री ओम प्रकाश शरण, कनीय अभियंता, मोहल्ला–अलकापुरी, अनिसाबाद, पटना, पिन न० 800002 | 79205.00 | |
| 6 | श्री अनिल कुमार सिंह, सहायक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची। | 86866.00 | |
| 7 | श्री सुरेन्द्र राम, कनीय अभियंता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय, प्रखण्ड–जलडेगा, जिला–सिमडेगा। | 5160.00 | |
| 8 | श्री स्तानिलास केरकेट्टा, ग्राम–कोनपाला, गडियाबहार, टी०टांगर | 5222.00 | |
| 9 | श्री जेम्स समद, कोनमेंजरा कुड़पानी,ठेठईटांगर | 183012.00 | |
| 10 | श्री बोधन बेसरा, ग्राम–बाघचट्टा ठेठईटांगर, | 88000.00 | |
| 11 | श्री देवानिस लकड़ा, कोनपाला बाघटांड़, ठेठईटांगर | 7500.00 | |
| 12 | श्री लोरेन्स टेटेपाईकपारा ठेठईटांगर | 61842.00 | |
| 13 | श्री रूपचन्द्र प्रधानटुकूपानी, नवाटोली, सिमडेगा | 8146.00 | |
| 14 | श्री कृष्णा प्रधान, ग्राम–खरवागढ़ा, सिमानटोली, जलडेगा, सिमडेगा। | 131736.00 | |
| 15 | श्री निकोलस कोनगाड़ी | 100000.00 | |
| 16 | श्री मोती लाल सिंह | 238893.00 | |
| 17 | श्री खिस्तोफरा किन्डों ग्राम– किलेसेरा(चोरलुका) बोलबा। | 1311953.00 | |
| 18 | श्री सुभाश साहु | 71690.00 | |
| 19 | श्री पैलुस डुगडुग मालसाड़ा, बोलबा। | 54304.00 | |
| 20 | श्री भुवनेशवर साहु, बेलकुबा, पिडियापोंछ, बोलबा। | 326630.00 | |
| 21 | श्री मिखाईल केरकेट्टा, अवगा बुढ़ापहाड़, बोलबा। | 338120.00 | |
| 22 | श्री शशि मिंज परकला, कटहलटोली, कुरडेग। | 3795.00 | |
| 23 | श्री अब्राहम तिर्की, कोनजोबा, पहाड़कोना, कुरडेग। | 14422.00 | |
| 24 | श्री असिमन जोजों, ग्राम–एल्ला, गिरजाटोली, बानो। | 4734.00 | |
| 25 | श्री मदन मांझी, | 38219.00 | |
| 26 | श्री रामचन्द्र सिंह, बांकी, बानो | 51008.00 | |
| 27 | श्री शशी भूषण सिंह, बुरूजोर, उकौली, बानो। | 49308.00 | |
| 28 | श्री छोटन भोकता, शिवनाथपुर, नवाटोली, अघरमा, कोलेबिरा। | 74309.00 | |
| 29 | श्री नेलसन केरकेट्टा, ग्राम शिवनाथपुर, कोलेबिरा। | 117203.00 | |
| 30 | श्री दशरथ सिंह, ग्राम– बरवाडीह, कोलेबिरा। | 72996.00 | |
| 31 | श्री सहरू सिंह, मुर्गाटोली, कोलेबिरा। | 15459.00 | |
| 32 | श्री रामनारायण प्रसाद , कोलेबिरा। | 106903.00 | |
| 33 | श्री चन्द्रपाल सिंह, ग्राम – सिम्हातु, बानो। | 287500.00 | |
| 34 | श्री इन्द्र देव सिंह, ग्राम– नगड़ाटोली, बोलबा। | 100000.00 | |
| 35 | श्री मनसुख समद , ग्राम– एडेगा, लचड़ागढ़, कोलेबिरा। | 552500.00 | |
| 36 | श्री संतोष करकेट्टा ,ग्राम–बेलगढ़, गिरजाटोली, जोकबहार, सिमडेगा। | 387500.00 | |

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

PR 281576 Rural Development (22-23)_D


### आरोप : नॉर्थ तिसरा परियोजना में एटक की सभा, गरजे बाघमारा विधायक

# बीसीसीएल के लोदना में भ्रष्टाचार चरम पर, गोली व गुलामी के विरुद्ध सभी मजदूरों को होना होगा एकजुट:ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता







नॉर्थ तिसरा परियोजना के समीप एटक की सभा को संबोधित करते बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो।

**झरिया/अलकडीहा।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। माफिया और प्रबंधन एक हो गए हैं। यहां गोली व गुलामी के खिलाफ मजदूरों को एकजुट होकर लड़ना होगा। उक्त बातें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कही। वे लोदना क्षेत्र के नॉर्थ तिसरा परियोजना के समीप एटक की ओर से सोमवार को आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो गोली-बंदूक कि राजनीतिक करते हैं वैसे लोग मजदूरों के दर्द को समझ नहीं सकते हैं। मजदूर जब गोलबंद हो जाएगा तो माफिया को गोली-बंदूक लेकर कोयलांचल से भागना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोदना क्षेत्र में कई दलाल यूनियन है जो कोयला चोरी में अपना हिस्सा के लिए मजदूरों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। वैसे लोगों के चरित्र को पहचानना होगा। बीसीसीएल के हर क्षेत्र में धड़ल्ले से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी हो रही है। सैकड़ो टन कोयला रोजाना जीटी रोड के अवैध भट्टा में खपाया जा रहा है। इसमें अधिकारी सहित सभी लोग मालामाल हो रहे हैं, लेकिन जब गरीब मजदूर शोषित किसान का बेटा जाग जाये तो झारखंड से भागना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी कई आरोप लगाया। कहा कि राज्य सरकार में शामिल कांग्रेस विधायक अनूप सिंह का प्रतिदिन कागजात के अनुसार एक करोड़ की कमाई है। तो गलत तरीके से हो रही कमाई का आंकड़ा कितना होगा, यह सोचने वाली बात है। जल जंगल जमीन की रक्षा करने की बात करने वाला आज झारखंड को लूट रहा है। झरिया में विभागीय परियोजना को बंद कर माफिया से मिलीभगत कर बीसीसीएल आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दे रहा है।

**पुलिस अवैध कोयला लदी हाइवा की करती है गिनती**

ढुल्लू महतो ने आरोप लगाया कि कोयलांचल में प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। कोयला चोरी खुलेआम हो रही है। पुलिस प्रशासन रात में कोयला चोरी रोकने की जगह अवैध कोयला हाईवा की गिनती करती है। गलत मानसिकता रखने वाले प्रशासन,माफिया ,गुंडा तत्व मजदूर गरीब शोषित किसान,विस्थापित को डराना बंद करें। अन्यथा मजदूरों के अधिकार के साथ छेड़छाड़ करने पर एटक चक्का जामकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर सतेंद्र गुप्ता, भवानी बंदोपाध्याय, सुजीत मंडल, महेंद्र देव, कृष्णा पासवान, कृपा सिंधु, सपन बनर्जी, रामस्वरूप पासवान, योगेश यादव, सबूर गोराई, प्रेम महतो, अवधेश पासवान, संजय यादव और रावण रवानी आदि उपस्थित थे।

### सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने लगायी मुहर

# इडब्ल्यूएस आरक्षण संविधान का उल्लंघन नहीं

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक बेंच ने संविधान के 103 वें संशोधन अधिनियम 2019 की वैधता को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण पर अपनी मुहर लगा दी है। मामले की सुनवाई करते हुए पांच जजों वाली संवैधानिक पीठ ने एहर आरक्षण के पक्ष में 3-2 के अंतर से अपना फैसला सुनाया। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस जेबी पारदीवाला ने इडब्ल्यूएस आरक्षण पर सहमति जतायी है। तीनों जजों का मानना है कि कि यह आरक्षण संविधान का उल्लंघन नहीं करता है। फैसला सुनाते हुए तीनों जजों ने यह भी माना कि इडब्ल्यूएस आरक्षण 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा का उल्लंघन नहीं करता है। वहीं सीजेआइ जस्टिस यूयू ललित व जस्टिस रवींद्र भट ने इस पर असहमति जाहिर की।

### 27 सितंबर को फैसला रखा था सुरक्षित

दरअसल, इडब्ल्यूएस कोटे की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस मामले में कई याचिकाओं पर लंबी सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने 27 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। तत्कालीन सीजेआइ एसए बोबडे, जस्टिस आर सुभाष रेड्डी, जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने पांच अगस्त, 2020 को इस मामले को संविधान पीठ को भेज दिया था।

# भारत सरकार करेगी 8 नवंबर से कटक में तीन दिवसीय समुद्री सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक कलिंग की महान समुद्री संस्कृति को मनाने के लिए 8 नवंबर से कटक में ऐतिहासिक बाली यात्रा उत्सव मनाया जा रहा है। उनके साथ भारत की गौरवशाली प्राचीन समुद्री परंपराओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बहु पुरातन कटक शहर में 'समुद्रमंथन' के नाम से जाना जाने वाला तीन दिवसीय राष्ट्रीय धारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। संस्कृति मंत्रालय और सोआ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय के भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा सम्मेलन, समुद्री परंपराओं के दायरे में भारत में मौजूद परिष्कृत ज्ञान के बारे में जागरूकता पैदा करना चाहता है। इसमें राष्ट्रीय समुद्री उपस्थिति की वर्तमान स्थिति और इसकी भविष्य की संभावनाओं के बारे में चर्चा भी शामिल होगी। सोआ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के संरक्षण, प्रचार और बहाली के लिए काम करने के लिए समर्पित एक क्षेत्र चलाता है। इसे सोआ सेंटर फॉर भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत का संरक्षण, प्रचार और प्रसार (प्राचीन) के नाम से जाना जाता है। सम्मेलन जो विषय से संबंधित सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ होगा, 'धाराः एक ओड टू इंडियन नॉलेज सिस्टम' के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है जो आजादी का अमृत महोत्सव' का हिस्से है।




## गिरिडीह भाजपा जिला अध्यक्ष के बेटे की सगाई में शामिल हुए कई नेता



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे के पुत्र के सगाई समारोह में पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र पांडे, गिरिडीह भाजपा के पूर्व विधायक निर्भय शहवादी ने समारोह में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया।

## जंगल की आग को रोकने के लिए वेदांत ने जिला वन कार्यालय को उपकरण उपलब्ध कराया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुडा वेदांत एल्युमिनियम ने जंगल की आग को रोकने के और प्रशासन के प्रयासों के लिए वन कार्यालय को लीफ ब्लोअर उपलब्ध कराया। सुनील गुप्ता सीइओ वेदांत ने जिला वन अधिकारी ललित कुमार पात्र को लीफ ब्लोअर भेंट की। जंगल में सूखे पत्तों जैसे ज्वलनशील पदार्थों के ढेर में आग लगने की संभावना होती है और लीफ ब्लोअर इन आग को रोकने में मदद करेंगे। वेदांत एल्युमीनियम की सुरक्षा संस्कृति पर टिप्पणी करते हुए वेदांत ली के सीइओ सुनील गुप्ता ने कहा वेदांत एल्युमीनियम में हमारे लोगों और हितधारकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और हम अपने संचालन से बाहर देखभाल की अपनी संस्कृति को विस्तारित करने में विश्वास करते हैं, जिसके माध्यम से हम समुदाय को सुरक्षा कर सकते हैं। हम हमेशा जीरो हार्म, जीरो वेस्ट और जीरो डिस्चार्ज के सिद्धांत को अपनाकर समुदाय के साथ काम कर रहे हैं। जिला वनाधिकारी श्री ललिता कुमार पात्र ने कहा कि जंगल में आग शरत ऋतु और सर्दी के मौसम में लगती है और सूखे पत्तों से आग लगने की आशंका रहती है। इस आग पर काबू पाने के लिए प्रशासन को सहायता प्रदान करने के लिए वेदांत की सराहना करता हूं।

## एनटीपीसी ने मनाया स्थापना दिवस



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी लिमिटेड का 48वां स्थापना दिवस भुवनेश्वर में एनटीपीसी इआर-II मुख्यालय में उत्साह और उदीपना के साथ मनाया गया। एके. गोस्वामी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ईआर-II मुख्यालय ने एनटीपीसी के गाने के साथ एनटीपीसी ध्वज फहराया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एके गोस्वामी ने स्थापना से लेकर वर्तमान तक संगठन के इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज एनटीपीसी 70 गीगावॉट प्लस कंपनी है, जो देश के विकास को शक्ति प्रदान कर रही है। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय के अधिकार क्षेत्र के तहत बिजली स्टेशनों की परिचालन उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जैसे कि उड़ीसा के अंगुल जिले में तालचेर कनिहा और तालचर थर्मल, सुंदरगढ़ जिले में दरलीपल्ली, असम में बोंगाईगांव और झारखंड के करनपुरा छतरा जिले में है। एके गोस्वामी ने एनटीपीसी की उत्कृष्टता की यात्रा में पूर्वी क्षेत्र-I को एक सफल भागीदार बनाने के लिए अथक प्रयास करने के लिए कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों से चुनौतियों का सामना करने और एनटीपीसी की सफलता की कहानी में योगदान करने के लिए टीम के रूप में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे जोर दिया कि हम कंपनी के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को बनाये रखने और राष्ट्र के विकास के बड़े उद्देश्य के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। गुरदीप सिंह अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एनटीपीसी नयी दिल्ली से ऑनलाइन के माध्यम से एनटीपीसी साइटों पर कर्मचारियों से जुड़े और एनटीपीसी परिवार के प्रत्येक सदस्य को उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। जिससे एनटीपीसी को साल दर साल प्रभावशाली प्रदर्शन करने में मदद मिली। सीएमडी ने दक्षता पर जोर दिया लगातार क्षमता वृद्धि और उच्च उत्पादन के साथ-साथ अभिनव वितरण, डिजिटल परिवर्तन और विभिन्न हितधारकों की आशा को पूरा करना। एनटीपीसी समूह की वर्तमान स्थापित क्षमता 70,254 मेगावाट (संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों के माध्यम से 12,595 मेगावाट सहित) है जिसमें 58 एनटीपीसी स्टेशन (25 कोयला आधारित स्टेशन, 7 गैस आधारित स्टेशन, 1 हाइड्रो स्टेशन, 1 छोटा हाइड्रो, 23 सौर पीवी और 1 पवन आधारित स्टेशन शामिल हैं) और 25 संयुक्त उद्यम स्टेशन (8 कोयला आधारित, 4 गैस आधारित, 8 हाइड्रो, 1 छोटा हाइड्रो 2 पवन और 2 सौर पीवी) सामिल है।

# खोरधारोड मंडल ने माल लदान में शीर्ष स्थान हासिल किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अक्टूबर 2022 में 13.2 मिलियन टन का माल लदान किया गया। लगातार तीसरी बार चालू वित्त वर्ष में खोरधारोड मंडल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। चालू वित्त वर्ष में, अर्थात 1 अप्रैल-2022 से 31 अक्टूबर-2022 तक 89.56 मिलियन टन संचयी लदान। पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल ने अक्टूबर-2022 के महीने में भारतीय रेलवे पर माल ढुलाई में शीर्ष स्थान हासिल किया। खोरधारोड मंडल ने अक्टूबर- 2022 में 13.2 मिलियन टन का माल लदान किया है, जो पिछले साल की अक्टूबर-2021 में लदान से 0.92% अधिक है और साथ ही 1335 करोड़ रुपये के राजस्व अर्जन का रिकार्ड भी बनाया । यह लगातार तीसरी बार है कि मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में शीर्ष स्थान हासिल किया है। खोरधारोड मंडल द्वारा चालू वित्त वर्ष में अर्थात 1 अप्रैल-2022 से 31 अक्टूबर -2022 तक कुल माल ढुलाई 89.56 मिलियन टन है, जो वर्ष 2022-2023 के लिए संचयी लदान में भारतीय रेलवे पर दूसरा सबसे बड़ा लदान मंडल है। अक्टूबर 2022 में, तालचेर, पारादीप, धामरा, मेरामंडली आदि विभिन्न लदान पॉइंटों से मंडल द्वारा प्रतिदिन औसतन 115 रेक माल लदान किया जाता है। लदान किये गये विभिन्न माल कोयला, उर्वरक, सीमेंट, लौह अयस्क, कच्चा माल आदि हैं जो देश भर में विभिन्न बिजली घर, निर्माण कंपनियां, उत्पादन इकाइयां और उद्योग को परिवहन किया गया है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**